नई दिल्ली
सोमवार, 11 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 118
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 34.0
न्यून. 29.0

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 निशा और मुस्कान ने जीता गोल्ड, भारत के नाम रहे 9 पदक

## अमेरिका से टैरिफ वार के बीच ट्रंप पर तंज कसते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

# कुछ लोग खुद को दुनिया का बॉस समझते हैं, उन्हें भारत का विकास रास नहीं आ रहा

- रक्षा मंत्री ने रायसेन में 1800 करोड़ की लागत से भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड की रेल कोच फैक्ट्री का भूमिपूजन किया
- अगले दो वर्षों में फैक्ट्री का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा
- बीईएमएल द्वारा निर्मित वंदे भारत रेल कोच देश के परिवहन क्षेत्र को नई गति दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन





रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्यप्रदेश के रायसेन में बीईएमएल (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) की नई रेल कोच फैक्ट्री का भूमि पूजन किया। इस परियोजना में लगभग 1,800 करोड़ रुपए का निवेश होगा और अगले दो वर्षों में फैक्ट्री का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यहां न केवल रेल के डिब्बों का निर्माण होगा, बल्कि रेलवे के अन्य उत्पाद भी तैयार किए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि इससे मप्र औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि बीईएमएल द्वारा निर्मित वंदे भारत रेल कोच देश के परिवहन क्षेत्र को नई गति दे रहे हैं। इस परियोजना का असर केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और आसपास के इलाकों तक विकास की लहर पहुंचेगी। राजनाथ ने अमेरिका पर तंज कसते हुए कहा कि दुनिया का सबसे तेज विकास करने वाला देश भारत है। कुछ लोग हैं जिनको भारत का विकास पसंद नहीं आ रहा है। खुद को ही दुनिया का बॉस समझ बैठे हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है कि भारत कैसे इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बहुतों द्वारा ऐसी कोशिश की जा रही है कि भारत में भारत के लोगों द्वारा जो चीज बनाई जा रही है वो अगर किसी दूसरे देश में जाए तो उन देशों में बनने वाली चीजों से महंगी हो जाएं ताकि दुनिया के लोग उसे खरीदें ही न। उन्होंने कहा कि भारत आज जिस तेजी से आगे ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सीएम डॉ. यादव की तारीफ की...



## कहा-मप्र सिर्फ 'मध्य प्रदेश' नहीं, बल्कि 'मॉडर्न प्रदेश' बन गया

रक्षा मंत्री ने कहा कि चाहे औद्योगिक विकास हो, या सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पुनरुत्थान, जब इसकी कमान डॉ. मोहन यादव जैसे कर्मठ और समर्पित व्यक्ति के हाथ में हो, तो ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं होती। आपके नए-नए विचार और कार्यशैली के कारण मैं कह सकता हूं कि अब मप्र सिर्फ 'मध्य प्रदेश' नहीं, बल्कि 'मॉडर्न प्रदेश' बन गया है। जिस रेल कोच फैक्ट्री का शिलान्यास किया गया, मैंने देखा कि आपने इसका नाम 'ब्रह्मा' रखा है। सृष्टिकर्ता के नाम पर इस इकाई का नाम रखना अपने आप में एक बहुत ही अद्भुत सुझाव है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह इकाई, अपने नाम से प्रेरणा लेकर और उसे साकार करते हुए, उत्पाद निर्माण के मामले में नई ऊंचाइयों को छुएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### काशी विश्वनाथ मंदिर प्लास्टिक फ्री हुआ



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर ने अपने परिसर को प्लास्टिक फ्री बनाने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। 10 अगस्त से मंदिर परिसर में प्लास्टिक से बने सभी सामानों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया गया है, बल्कि काशी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए भी अहम है।

#### यूजर्स को पसंद नहीं आया चैटजीपीटी का नया मॉडल





**नई दिल्ली।** ओपन आई द्वारा चैट जीपीटी के नए मॉडल चैट जीपीटी-5 को रोलआउट कर दिया गया है। यूजर्स इस नए मॉडल से कुछ खास संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं। कुछ यूजर्स सोशल मीडिया पर इस मॉडल के खिलाफ जमकर पोस्ट कर रहे हैं। 5 मॉडल के विरोध की सबसे बड़ी वजह पुराने मॉडलों को बंद करने बताया जा रहा है।

#### शर्मा का विदेश विभाग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के विदेश मामलों के विभाग के प्रमुख के पद से अचानक इस्तीफा दे दिया है। हालांकि वो कार्यसमिति में सदस्य बने रहेंगे। शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपना इस्तीफ़ा पत्र भेजा। उन्होंने इस्तीफे में स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है।

## पीएम मोदी ने बेंगलुरु को कई सौगातें दीं और निकाली रैली

# ऑपरेशन सिंदूर ने कुछ ही देर में पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया, दुनिया ने देखी ताकत



### वैश्विक स्तर पर दिखा हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया का जल्वा

**प्रधानमंत्री ने लोगों को भी किया संबोधित**

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु को कई सौगातें दीं और एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार यहां आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने की हमारी क्षमता और आतंकवाद के बचाव में आए पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने की हमारी क्षमता देखी गई। पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें यहां के युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके ▸▸ शेष पेज 5 पर

*यहां की संस्कृति, कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू गई*



**टेक-आत्मनिर्भर भारत**

पीएम मोदी ने कहा कि मौजूदा उपलब्धियों में हमारी अगली बड़ी प्राथमिकता 'टेक-आत्मनिर्भर भारत' होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि हम भारत की जरूरतों को और ज्यादा प्राथमिकता दें और नए उत्पाद विकसित करने में तेजी से आगे बढ़ें।

### वैश्विक नक्शे पर देश का नाम गर्व से जुड़ गया

पीएम मोदी ने कहा कि हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं, जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बेंगलुर को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया है।

**शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर बढ़ रहे**

पीएम ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हमारी अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंच गई है। अब शीर्ष 3अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर बढ़ रहे हैं। यह हमें रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना से मिली है।

**पीएम ने बेंगलुरु में तीन वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी मेट्रो में बच्चों संग किया सफर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु को कई बड़े सौगात दी। बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन से पीएम मोदी 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद प्रधानमंत्री ने बेंगुलरु मेट्रो के नए रुट यलो लाइन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ मेट्रो में सफर भी किया। सफर के दौरान पीएम मोदी बच्चों के साथ खूब बातचीत करते नजर आए। बच्चों भी प्रधानमंत्री के साथ मेट्रो में सफर कर काफी खुश नजर आ रहे थे। पीएम मोदी ने बैंगलोर मेट्रो फेज-2 परियोजना के तहत आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक यलो लाइन का उद्घाटन किया। इस लाइन की लंबाई 19 किलोमीटर से ज्यादा है और इसमें 16 स्टेशन हैं। बेंगलुरु मेट्रो के नए रूट के शिलान्यास से शहर में ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ट्रंप को कड़ा जवाब देने की तैयारी

# अब टैरिफ वार पर भारत का पलटवार, 50% शुल्क संभव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और उससे जुड़े उत्पादों पर 50% तक भारी आयात शुल्क लगाने के बाद भारत अब पलटवार की तैयारी में है। खबर के मुताबिक, सरकार चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर उतने ही अनुपात में टैरिफ लगाने पर विचार कर रही है, जितना नुकसान भारतीय निर्यातकों को हुआ है। अगर यह कदम उठाया गया, तो यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी पर भारत का पहला औपचारिक जवाब होगा।

यह विवाद फरवरी में शुरू हुआ, जब ट्रंप प्रशासन ने भारतीय स्टील और एल्युमिनियम पर 25% टैरिफ लगाया। फिर इसे बढ़ाकर 50% कर दिया गया, जिससे करीब 7.6 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर असर पड़ा। भारत ने विश्व व्यापार संगठन में दलील दी कि अमेरिका की यह कार्रवाई 'राष्ट्रीय सुरक्षा' के नाम पर लगाई गई सेफगार्ड ड्यूटी है, जो डब्ल्यूटीओ नियमों के खिलाफ है। अमेरिका ने इस मामले पर बातचीत से इनकार कर दिया, जिसके बाद भारत ने डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत जवाबी कार्रवाई की कानूनी तैयारी शुरू कर दी।

#### *अरबों डॉलर का व्यापार दांव पर*

*भारत को अमेरिका हर साल 45 अरब डॉलर से अधिक का सामान बेचता है, जबकि भारत से अमेरिका को होने वाला निर्यात हालिया टैरिफ से पहले 86 अरब डॉलर तक था। टैरिफ युद्ध बढ़ने से व्यापार घाटा बदल सकता है और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों पर असर पड़ सकता है। फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा था। लेकिन कृषि और संवेदनशील क्षेत्रों में अमेरिकी मांग को भारत ने ठुकरा दिया, जिससे वार्ता रुक गई।*

#### *किन उत्पादों पर लग सकता है टैरिफ*

*सरकारी सूत्रों के अनुसार, जवाबी टैरिफ अमेरिकी वस्तुओं के एक सीमित सेट पर लगाया जाएगा। इन वस्तुओं का चयन इस तरह किया जाएगा कि टैरिफ से होने वाला राजस्व, अमेरिका के कदम से भारतीय निर्यातकों को हुए नुकसान के बराबर हो। अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका एक ओर द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बात कर रहा है, लेकिन दूसरी ओर भारतीय आर्थिक हितों के खिलाफ एकतरफा कदम उठा रहा है, जिसका जवाब देना भारत का अधिकार है।*

### बिहार में सर पर सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग का हलफनामा

# प्रकाशित सूची से किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं कटेगा

- आरोप लगाया गया था कि एसआईआर के दौरान राज्य की मतदाता सूची से 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए, इसी का जवाब दिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर हो रहे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इसमें मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर करने के आरोपों को खारिज करते हुए आयोग ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में चुनाव आयोग पर आरोप लगाया गया था कि एसआईआर के दौरान राज्य की मतदाता सूची से 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। आयोग ने कहा कि एक अगस्त 2025 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से किसी भी मतदाता का नाम हटाने की प्रक्रिया नियमों ▸▸ शेष पेज 5 पर

### उपराष्ट्रपति चुनावः नाम तलाशने साथी दलों से संपर्क में जुटे

**'इंडी' ब्लाक को मिला एकजुटता का बहाना**

# संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करेगा इंडिया गठबंधन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष ने भी तैयारी शुरू कर दी है। विपक्षी गठबंधन का साझा उम्मीदवार उतारने के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उम्मीदवार का नाम तलाशने और आम सहमति बनाने के लिए गठबंधन के सहयोगी दलों से संपर्क कर रहे हैं। टक्कर देने को साझा नाम तलाश रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### सत्ताधारी दल को कड़ी टक्कर देने की तैयारी की जा रही



**विपक्षी गठबंधन के बीच बढ़ रही एकता** : हाल ही में विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के बीच एकता बढ़ी है। विपक्षी गठबंधन बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित चुनाव धांधली के खिलाफ एकजुट है। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास पर विपक्षी गठबंधन के नेताओं की डिनर पार्टी में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। अब खरगे सोमवार को इंडिया ब्लॉक के सांसदों के लिए रात्रिभोज का भी आयोजन करेंगे।

### ईडी ने दायर की चार्जशीट

# रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ रु. की अवैध कमाई का आरोप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट में आरोप लगाया है कि उन्होंने दो कंपनियों के जरिए 58 करोड़ रुपए की अपराध से कमाई हासिल की। ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग से 5 करोड़ और स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी से 53 करोड़ रुपए आए। ईडी का कहना है कि इस रकम का इस्तेमाल संपत्ति खरीदने, निवेश करने और कंपनियों के कर्ज चुकाने में हुआ। ईडी के मुताबिक दोनों कंपनियां वाड्रा के कारोबारी नेटवर्क से जुड़ी बताई गई हैं। जांच एजेंसी ने कहा कि यह रकम शेड्यूल अपराध से उत्पन्न हुई थी, यानी उस स्रोत से जो पहले से अपराध घोषित है।

अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान बैंक लेन-देन, कंपनी रिकॉर्ड और गवाहों के बयान के आधार पर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जताई चिंता, कहा-

# शिक्षा-इलाज आम लोगों की पहुंच से बाहर पहले थी 'सेवा' अब पूरी तरह व्यावसायिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

- दोनों सेवा न सस्ती, सहज और सुलभ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को मध्यप्रदेश के इंदौर में माधव सृष्टि के एक कैंसर अस्पताल के शुभारंभ कार्यक्रम में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि देश में महंगी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं अब सामान्य व्यक्ति की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। पहले इन



क्षेत्रों को सेवा का माध्यम माना जाता था, लेकिन अब इन्हें पूरी तरह व्यावसायिक (कमर्शियल) रूप दे दिया गया है। भागवत ने कहा कि ज्ञान के युग में ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### शिक्षा 'ट्रिलियन डॉलर' बिजनेस

संघ प्रमुख भागवत ने यह भी कहा कि उन्होंने हाल ही में एक रिपोर्ट पढ़ी थी जिसमें बताया गया कि भारत की शिक्षा व्यवस्था अब 'ट्रिलियन डॉलर' का बिजनेस बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब कोई क्षेत्र इतना बड़ा व्यवसाय बन जाता है, तो वह स्वतः ही सामान्य व्यक्ति की पहुंच से बाहर हो जाता है।

### जहाजों के डिजाइन और निर्माण में नौसेना की 'आत्मनिर्भरता'

**इनमें सुपरसोनिक और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगीं**

# 26 अगस्त को नौसेना के समुद्री बेड़े में होंगे शामिल 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अग्रिम पंक्ति के स्टील्थ फ्रिगेट 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' को भारतीय नौसेना अपने समुद्री बेड़े में शामिल करने के लिए तैयार है। यह पहली बार होगा जब दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्डों के दो प्रमुख सतही लड़ाकू जहाजों को एक ही समय में 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में नौसेना में शामिल किया जाएगा। दो जहाजों का एक साथ नौसेना में शामिल होना भारत के तेजी से बढ़ते नौसैनिक ▸▸ शेष पेज 5 पर

*अत्याधुनिक युद्धपोतों से बढ़ेगी सैन्य ताकत*

#### निर्माण में 200 से अधिक एमएसएमई का सहयोग रहा



नौसेना के मुताबिक इन्हें डीजल इंजन और गैस टर्बाइनों का उपयोग करते हुए संयुक्त डीजल या गैस प्रणोदन संयंत्रों से संचालित किया जाता है, जो नियंत्रणीय-पिच प्रोपेलर चलाते हैं और एक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से प्रबंधित होते हैं। हथियार सूट में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 76 मिमी एमआर गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन हथियार प्रणालियों और पनडुब्बी रोधी/पानी के नीचे की हथियार प्रणालियों का संयोजन शामिल है। दोनों जहाजों के निर्माण में 200 से अधिक एमएसएमई का सहयोग रहा है। इनसे लगभग 4,000 प्रत्यक्ष नौकरियों और 10 हजार से अधिक अप्रत्यक्ष नौकरियों का मौका मिला है।

#### *आत्मनिर्भरता का एक गौरवशाली प्रमाण*

*उदयगिरि और हिमगिरि का जलावतरण जहाजों के डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके बाद अन्य स्वदेशी जहाजों, जैसे विध्वंसक आईएनएस सूरत, फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि, पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, पनडुब्बी आईएनएस अर्णाला और गोताखोरी सहायता पोत आईएनएस निस्तार का जलावतरण 2025 में ही होगा। कठोर समुद्री परीक्षणों के दौरान फ्रिगेट्स के पतवार, मशीनरी, अग्निशमन, क्षति नियंत्रण, नौवहन और संचार प्रणालियों ने पुष्टि की है कि वे परिचालन तैनाती के लिए तैयार हैं। विशाखापत्तनम में होने वाला समारोह आत्मनिर्भर समुद्री रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की ओर भारत की यात्रा का उत्सव होगा।*

## खबर संक्षेप

### सोने की छह चेन छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका में दो सप्ताह से भी कम समय में सोने की छह चेन छिनैती के मामलों में शामिल रहे दो झपटमारों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम संजू (40) और सुमित बधवार (35) बताये गये हैं। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सक्रिय हुई एक टीम ने ककरौला गंदे नाले के पास दोनों को फिर से घटना को अंजाम देने से पहले ही पकड़ लिया। दोनों के पास से दो कट्टे और चार कारतूस बरामद हुये हैं। अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार इन लोगों की गिरफ्तारी के बाद हाल के कुछ सप्ताहों में द्वारका में सोने की चेन छीनने के पांच मामले सुलझे हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों ने ऐसे बुजुर्गों और महिलाओं को निशाना बनाया जो सोने की चेन या आभूषण पहने हुए थे। बदमाश तेज रफ्तारर मोटरसाइकिल का इस्तेमाल तेजी से भागने के लिए करते थे और पीड़ितों को धमकाने के लिए हथियार साथ रखते थे।

### 12 लाख की चरस के साथ दो पकड़े

नई दिल्ली। नशीले पदार्थों के व्यापार पर नकेल कसते हुये अपराध शाखा ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 लाख रुपये मूल्य की 2.450 किलोग्राम उत्तम गुणवत्ता वाली चरस जब्त की गई। पकड़े गये तस्करों के नाम बिलाल अहमद और अशफाक अहमद हैं। दोनों बिहार के गोपालगंज जिले के रहने वाले हैं। इन्हें मुकुंदपुर फ्लाईओवर के पास से पकड़ा गया। बरामद चरस नरकटियागंज, बिहार से दिल्ली एनसीआर लाई गई थी। नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान करने और इस गिरोह में इस्तेमाल किए गए वितरण मार्गों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। बिलाल (2008, 2015-16 और 2023) में सऊदी अरब में भी काम कर चुका है। वापस लौटने पर उसने कुछ समय गोपालगंज में अपने पिता की केक की दुकान राजा ट्रेडर्स चलाई। वित्तीय और पारिवारिक दबाव में वह एक स्थानीय कैफे में अशफाक अहमद से मिला, जिसने उसे नेपाली नागरिक नारायण खवास से मिलवाया। वह चरस की आपूर्ति करता था। इन्होंने नारायण से मुलाकात कर चरस खरीदी थी। दिल्ली में संजीत को एक नमूना भेजा गया था, जिसने आगे सौदे को मंजूरी दी थी। संजीत को चरस की डिलीवरी करने दोनों दिल्ली पहुंचे थे।

### बुजुर्ग महिला से 14.35 लाख की ठगी में केयरटेकर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की साइबर पुलिस द्वारा राजस्थान से एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने केयर टेकर रहते एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला से 14.35 लाख रुपये धोखाधड़ी से अपने खाते में ट्रांसफर कर लिये थे। अपराध में इस्तेमाल एक मोबाइल फोन भी इसके पास से बरामद हुआ है। आरोपी किंगस्टार, रॉकस्टार और किंग लूडो बेटिंग जैसे टेलीग्राम ग्रुप के जरिए ऑनलाइन जुआ रैकेट में भी शामिल पाया गया है। पुलिस के अनुसार मंजूषा रानी गुप्ता द्वारका की रॉयल रेजीडेंसी में रहती है। 16 जुलाई को उन्होंने साइबर पुलिस स्टेशन, द्वारका में एफआईआर दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके पूर्व केयरटेकर दीपक कुमार सैनी ने उनके फोन के जरिए अनाधिकृत रूप से उनके बैंक खाते तक पहुंच बनाई और उनकी जानकारी के बिना पेटीएम के माध्यम से 14.35 लाख की राशि अपने खाते में स्थानांतरित कर ली। आरोपी मार्च 2020 से शिकायतकर्ता के घर पर काम कर रहा था और कभी-कभी उसके मोबाइल फोन तक उसकी पहुंच होती थी। उसने 30 जनवरी से 6 जून 2025 के बीच इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

## कार से शराब की बोतल बरामद

# 11 मूर्ति के पास थार ने दो को कुचला, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



चाणक्यपुरी इलाके में रविवार सुबह 11 मूर्ति स्थल के पास फुटपाथ पर चढ़कर एक थार कार ने पैदल चल रहे दो लोगों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल है। घायल को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। डीसीपी देवेश कुमार महला के अनुसार सफेद महिंद्रा 'थार' गाड़ी फुटपाथ की ओर मुड़ गई और उसने दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी। एसयूवी चालक को पकड़ लिया गया है। उत्तर प्रदेश के पंजीकरण नंबर वाली गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। कार से शराब की बोतल बरामद हुई है। जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि घटना के समय चालक शराब के नशे में तो नहीं था।

पुलिस के अनुसार गश्ती दल घटनास्थल के पास मौजूद था और उसने सुबह करीब साढ़े छह बजे यह दुर्घटना देखी। पुलिसकर्मियों में से एक ने तुरंत पीसीआर को सूचित करते हुए एंबुलेंस मंगवाने के लिए अनुरोध किया। घायलों को बिना किसी देरी के एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। आरोपी चालक को मौके पर ही पकड़ लिया गया था। उसकी पहचान पूर्वी दिल्ली के शकरपुर निवासी आशीष के रूप में हुई। हादसे के समय वह धौला कुआं से घर लौट रहा था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी चालक अपने दोस्त की थार चला रहा था। कार उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी अंकित के नाम पर पंजीकृत है। प्रारंभिक जांच से पता लगा है कि आशीष शकरपुर स्थित अपने घर जा रहा था। फिलहाल पीड़ितों की पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी है।

# साइबर धोखाधड़ी के 85 मामलों में शामिल आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने गुरुग्राम के आईटी पार्क में छापेमारी के दौरान 33 वर्षीय व्यक्ति को कथित रूप से फर्जी मानव संसाधन भर्ती कंपनी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शख्स का नाम मुनीर खान उर्फ साहिल शर्मा बताया गया है। इसका संबंध देशभर में दर्ज साइबर अपराध की 85 शिकायतों से पाया गया है।

पुलिस के अनुसार 22 मई को दर्ज एक चोरी की शिकायत से मामला जुड़ा है। दरअसल चोरी हुआ आईफोन शिकायतकर्ता के बैंक खाते से जुड़ा हुआ था। 26 मई को डुप्लीकेट सिम कार्ड हासिल करने के बाद शिकायतकर्ता को नौ अनधिकृत यूपीआई लेनदेन के अलर्ट मिले जिनकी कुल राशि 3.98 लाख रुपये थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस के मुताबिक ठगी की राशि में से एक लाख रुपये तेलंगाना के एक खाते में स्थानांतरित किए गए और फिर 'मेराकी मैनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' के नाम पर दूसरे खाते में भेज दिए गए। कंपनी के 'केवाईसी' सत्यापन में पता चला कि पंजीकृत पते पर कोई नहीं रहता है। लगातार निगरानी के बाद इसका संचालन गुरुग्राम से होने की पुष्टि हुई जिसके बाद पलवल जिले के असोटी गांव निवासी खान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि खान 12वीं पास है और इससे पहले उत्तम नगर में बलात्कार के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। करीब साढ़े चार साल न्यायिक हिरासत में वह रह चुका है। इसने कथित तौर पर अपने सहयोगियों शुभम, मुकीम और मुंजिर के साथ मिलकर कंपनी के नाम पर खोले गए कई चालू खातों के माध्यम से साइबर अपराध से मिले धन को सफेद करने के लिए मानव संसाधन कंपनी की स्थापना की थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार बैंकों के 200 चेक और संदिग्ध धोखाधड़ी से जुड़े खातों से जुड़े चार डेबिट कार्ड बरामद किए है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के आंकड़ों से पता चला है कि कंपनी के खातों का संबंध देशभर में दर्ज साइबर अपराध की 85 शिकायतों से है। ठगी के कुल लेनदेन का आकलन किया जा रहा है और आरोपी के सहयोगियों की तलाश जारी है।

## गोलीबारी की घटना में शामिल नीटू दाबोदिया गैंग का शूटर अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ कंझावाला इलाके में गोलीबारी की घटना में था वांछित

क्राइम ब्रांच ने कंझावला थाना इलाके के एक गोलीबारी के मामले में वांछित नीटू दाबोदिया गिरोह के शूटर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक अत्याधुनिक 7.65 एमएम की इटली निर्मित पिस्टल और एक कारतूस बरामद हुआ। शूटर का नाम देववर्त उर्फ मोहला (33) निवासी माजरा डबास बताया गया है। आरोपी ने इलाके में सनसनी फैलाने के लिए गोलीबारी की थी। पुलिस के अनुसार 30 और 31 जुलाई 2025 की मध्यरात्रि माजरा डबास गांव में एक स्थानीय नागरिक के घर पर गोलीबारी की गई थी। पता चला कि बदमाश के कुख्यात गैंगस्टर नीटू दाबोदिया से पहले भी संबंध थे, जिसे 2013 में स्पेशल सेल ने एक मुठभेड़ में मार गिराया था। इसे द्वारका इलाके से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहले हत्या और जबरन वसूली के मामलों में शामिल रहा है। उसके जेल में रहते हुए ही सरगना नीटू का एनकाउंटर हुआ था। जेल से रिहा होने के बाद वह अपने गिरोह को सक्रिय करना चाहता है और इसी उद्देश्य से उसने माजरा डबास गांव में कई गोलियां चलाई थी।

## जैतपुर: दीवार गिरने के मामले में किरायेदार दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ फरार प्लॉट मालिक की तलाश जारी

जैतपुर के हरि नगर में शनिवार को दीवार गिरने से सात लोगों की मौत को लेकर केस दर्ज कर लिया है। सात मौतों के जिम्मेदार प्लॉट पर किरायेदार के रूप में रहे शख्स को गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी किरायेदार कुर्शीद (49) पुत्र अब्दुल मजीद निवासी ग्राम राधाकांतपुर, थाना कालीगंज, जिला नादिया, पश्चिम बंगाल ने प्लॉट पर कबाड़ डालने के लिए लोगों को वहां ठहराया था। पुलिस प्लॉट मालिक राजबीर भाटी पुत्र हरिचंद प्रसाद निवासी हरि नगर गांव, जैतपुर की तलाश कर रही है। वह घटना के बाद से ही फरार है। पुलिस के अनुसार रविवार को मरने वाले सभी सात लोगों, जिसमें तीन पुरुष, दो महिलाओं और दो बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। एक घायल का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। इस संबंध में जैतपुर थाने में धारा 106/125/290 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## भ्रष्टाचार की नींव से बनी 'सुरक्षा दीवार' बारिश में टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ समय रहते नहीं जागी सरकार तो पूरी तरह टूट सकता है मार्ग

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र में स्थित सिंघू गांव (नहर के साथ) को ताजपुर मार्ग से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर चलने वाले वाहन और राहगीर इन दिनों गंभीर खतरे में है। सड़क के किनारे बनी 'सुरक्षा दीवार' (रिटेनिंग वॉल) शनिवार आई बारिश के दौरान जगह जगह टूट कर नहर में गिर चुकी है, साथ ही सड़क भी कई जगह बीच बीच में उंची व नीची हो गई है, जिससे न केवल सड़क की मजबूती पर खतरा मंडरा रहा है, बल्कि बारिश के दिनों में इसके पूरी तरह टूटने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने दिल्ली सरकार और प्रशासन को चेताते हुए कहा कि शुरूआती चरण से ही यह विकास कार्य भ्रष्टाचार की नींव पर शुरू हुआ और करीब एक साल बाद ही जगह जगह से टूटने लगा। अभी इसे बने हुए दो साल भी ठीक से नहीं हुए हैं कि बारिश में बदहाली सामने आ गई है। यदि समय रहते सुरक्षा दीवार और सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में यह मार्ग पूरी तरह टूट सकता है, जिससे सिंघू - ताजपुर मार्ग और आसपास के गांवों की आवाजाही बाधित होगी।

### निर्माण कार्य में शुरू से ही आने लगी थीं अनियमितताएं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्ग के निर्माण में शुरूआती दिनों से ही अनियमितताएं सामने आनी शुरू हो गई थी और 'हरिभूमि समाचार पत्र' ने इसका संज्ञान लेते हुए प्रमुखता से समय समय पर खबरें प्रकाशित की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार के कार्यकाल में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने करीब डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की राशि से यह विकास कार्य किया था और अनियमितताओं का संज्ञान लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता की और दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया था।

पूरी परियोजना में हुआ जमकर भ्रष्टाचार स्थानीय लोगों का आरोप है कि शुरूआत में ही निर्माण कार्य के दौरान कई माह तक पत्थर पड़े रहे और जब लोगों ने आवाज उठाई तब जाकर सड़क बनाई गई। इसके बाद सड़क के साथ बनाई गई सुरक्षा दीवार घटिया निर्माण सामग्री और निगरानी के अभाव में जल्दी ही टूट गई। जिसके बाद फिर गिरती हुई दीवार के साथ लकड़ी की बल्लियां लगाकर रोक लगाई गई ताकि यह सुरक्षा दीवार नहर में जाकर ना गिरे। लेकिन शनिवार की बारिश में यह सुरक्षा दीवार टूट कर गिर चुकी है।

### बारिश और पानी के बहाव से गिर गई सुरक्षा दीवार

सिंघू गांव के लोगों का कहना है कि "दीवार तो जैसे कागज की बनी थी। थोड़ी सी बारिश और पानी के बहाव से गिर गई। अगर समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो सड़क भी बह जाएगी। दीवार टूटने से सड़क का किनारा तेजी से कट रहा है। नहर के किनारे से लगातार पानी का रिसाव सड़क की जड़ों को कमजोर कर रहा है। वाहन गुजरने से दरारें और चौड़ी हो रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला सिर्फ लापरवाही का नहीं, बल्कि खुलेआम भ्रष्टाचार का है। ग्रामीणों का कहना है कि जब काम हुआ था, तभी समझ आ गया था कि दीवार टिकने वाली नहीं है।

## मोती बाग गुरुद्वारा के मुख्य हाल के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा, कमेटी ने संगत को किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी) अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने गुरुद्वारा मोती बाग में मुख्य दरबार साहिब हॉल के सौंदर्यीकरण के बाद संगत को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर हो रहे कार्यक्रमों के लिए संगत में गहरी श्रद्धा और सम्मान बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि महान संत बाबा हरबंस सिंह कार सेवा वालों की ओर से नियुक्त संत बाबा बचन सिंह और उनकी टीम ने इस हॉल के सौंदर्यीकरण की सेवा को संपन्न किया है। उन्होंने बताया कि बाबा बचन सिंह द्वारा दिल्ली कमेटी के विभिन्न कार्यों में कार सेवा के माध्यम से बड़ा सहयोग दिया जा रहा है। जिनमें कर्मचारियों के लिए क्वार्टर, बाला साहिब अस्पताल की सेवा सहित अन्य कई कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संगत के सहयोग से यह कार्य हमेशा सफलतापूर्वक पूरे हुए हैं और भविष्य में भी होते रहेंगे, क्योंकि संगत हमेशा दसमांश (दान) देकर इन कार्यों में सहयोग करती रही है। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर 24, 25 और 26 नवंबर को विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं। इसके साथ ही सर्व-धर्म सम्मेलन भी रखा गया है जिसमें विभिन्न धर्मों के नेता गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत के बारे में अपने विचार संगत के साथ साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी तरह श्री आनंदपुर साहिब से दिल्ली तक नगर कीर्तन सजाया जा रहा है। साथ ही तख्त श्री हजूर साहिब और तख्त श्री पटना साहिब से भी दिल्ली तक नगर कीर्तन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी आयोजनों को लेकर संगत में बहुत गहरी श्रद्धा और सम्मान है। उन्हें विश्वास है कि ये आयोजन ऐतिहासिक रूप से यादगार बनेंगे।

## एलजी सक्सेना आज निगम बोध घाट के पास करेंगे मां यमुना की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना सोमवार को निगम बोध घाट के नजदीक मां यमुना की मूर्ति का अनावरण करेंगे। इस मूर्ति के अनावरण के साथ ही यह पहली बार होगा कि सरकारी विभाग दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा राजधानी में मां यमुना की पहली मूर्ति की स्थापना हुई। इस मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के साथ ही कयास तेज होने लगे है भाजपा यमुना रिवर फ्रंट बनाने के वादे की शुरुआत कर रही है। हालांकि मार्च 2024 ही एलजी सक्सेना ने कश्मीरी गेट के नजदीक वासुदेव घाट पर यमुना मैया की आरती की शुरुआत की थी। उस समय से अब तक लगातार वासुदेव घाट पर यमुना आरती होती है। लेकिन उस समय दिल्ली में सरकार आम आदमी पार्टी की थी। जबकि इससे भी पहले वर्ष 2015 में तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल ने गीता घाट पर धूमधाम से यमुना जी की आरती का आयोजन किया था। केजरीवाल ने उस समय यमुना घाट को सजाया और काशी से विद्वानों को बुलाकर यमुना मैया की आरती की थी। लेकिन बाद में गीता घाट पर कभी आरती नहीं हुई। इनके अलावा करीब 26 साल बाद सत्ता में आई भाजपा की सरकार बनी, जिसकी सीएम रेखा गुप्ता ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते ही सबसे पहले वह अपने मंत्रिमंडल के साथ सीधे यमुना मैया के दर्शन करने पहुंची और आरती में शामिल हुई थी। भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया है कि यमुना की सफाई करेंगे और यमुना रिवर फ्रंट बनाया जाएगा। अब एलजी द्वारा यमुना जी की मूर्ति के अनावरण के साथ ही साफ हो गया है कि यमुना रिवर फ्रंट की तरफ दिल्ली की रेखा सरकार कदम बढ़ा रही है।

## प्रहरियों के जरिये जन सुरक्षा नेटवर्क को मजबूत करने में जुटी पुलिस

# पुलिस आयुक्त ने किया कई प्रहरियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने प्रहरी पहल के साथ जन सुरक्षा नेटवर्क को मजबूत करने के प्रयास तेज कर दिये हैं। रविवार को सभी जिलों में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रहरियों से संवाद कर उन्हें सम्मानित किया। पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह ने दक्षिण पूर्वी जिले के प्रहरियों को सम्मानित किया। इस दौरान करीब 300 प्रहरी (निजी सुरक्षा गार्ड) को सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में जागरूक किया गया।

पुलिस आयुक्त ने इस अवसर पर प्रहरियों के साथ एक संवाद सत्र में उन्हें सतर्क ड्यूटी के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा किट (टोपी, रिफ्लेक्टिव जैकेट, डंडा, सीटी) आदि सामान वितरित किए गए। तलाशी, सतर्कता, संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की पहचान और लावारिस वस्तुओं के प्रबंधन पर प्रहरियों को व्यापक जानकारी दी गई। दिल्ली पुलिस के सभी 15 जिलों में डीसीपी द्वारा प्रहरियों से संवाद कार्यक्रम रविवार को आयोजित किये गये। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने दोपहर तीन बजे लोटस टेम्पल, नेहरू प्लेस के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त के अलावा मधुप तिवारी विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), जोन-2, एस.के. जैन, संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिणी रेंज) और डॉ. हेमंत तिवारी, डीसीपी (दक्षिण पूर्व जिला) भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में पुलिस आयुक्त ने सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करने में निजी सुरक्षा गार्डों की पूरक भूमिका की सराहना की और आज के बढ़ते सुरक्षा परिदृश्य में उनकी सतर्कता और चौकसी के महत्व पर जोर दिया। इस बात पर जोर देते हुए कि प्रहरी सामुदायिक पुलिसिंग में एक अनिवार्य कड़ी हैं और उनका सहयोग कानून की पहुंच, जवाबदेही और प्रभावशीलता को बढ़ाता है। आयुक्त ने कहा कि जब पुलिस और प्रहरी मिलकर काम करते हैं, तो हम एक ऐसा मजबूत सुरक्षा नेटवर्क बनाते हैं, जिससे खतरों को पनपने का मौका ही नहीं मिलता। आपकी आंखें, कान और समर्पण शहर की अदृश्य ढाल हैं। डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का समापन दिल्ली पुलिस और प्रहरी नेटवर्क के बीच साझेदारी और सतर्कता की नई प्रतिज्ञा के साथ हुआ, जिसने एक सुरक्षित और संरक्षित दिल्ली सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों को 21 अगस्त 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962005411 | सुरेन्द्र ना |
| 085962006416 | निर्मल सिंह |
| 085962007070 | श्याम सुन्दर |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093357000107 | इन्द्र चंद |
| 093357000096 | सुमित |
| 093362005163 | अमनदीप |
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003153 | हरिओम हरिओम |
| 215862003445 | काफी देवी |
| 215862003681 | जसपाल सिंह |
| शाखा का नाम : बाबियां | |
| 215362002551 | चलती देवी |
| 215362003060 | सुरेश* |
| शाखा का नाम : बालसमंद | |
| 661262600225 | रामप्रताप |
| शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा | |
| 359562002270 | सीमा देवी |
| 359562002739 | पूनम कालरा |
| शाखा का नाम : बरवाला - मेन मार्केट | |
| 396762000830 | सोनिया देवी |
| 396762001155 | अजय ए |
| 396762001170 | शालू शालू |
| शाखा का नाम : बरवाला, हरियाणा | |
| 359062000947 | जसविन्दर कौर |
| 359062000950 | जसविन्दर कौर |
| 359062002575 | संदीप संदीप |
| 359062002585 | दीपचंद |
| शाखा का नाम : बावल | |
| 349857000111 | रविन्दर कुमार |
| 349862000612 | दिलबाग सिंह |
| शाखा का नाम : बेरी | |
| 403762000660 | आशीष |
| 403762000627 | देवेन्द्र देवेन्द्र |
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | |
| 359362003232 | रामनिवास रामनिवास |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962003740 | रविन्दर रविन्दर |
| शाखा का नाम : भुना | |
| 383262002172 | बजरंग लाल |
| शाखा का नाम : बीधल | |
| 373562000284 | राकेश पुत्र रामकिशन |
| शाखा का नाम : बिलासपुर - सरस्वती मार्केट | |
| 383362001481 | जसविन्दर संधु |
| 383362001440 | सुनील कुमार |
| शाखा का नाम : चरखी दादरी | |
| 211162001606 | अरूण वर्मा |
| 211162002410 | धर्मेन्द्र* |
| शाखा का नाम : चीका | |
| 086062006147 | मोनिका मोनिका |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | |
| 162962002293 | अभिजीत कुमार सिंह |
| 162962002280 | अंकित कुमार |
| 162962002302 | अशोक कुमार |
| 162962002303 | प्रदीप ना |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद / डींग मण्डी | |
| 381062001306 | चोटू राम |
| 381062001462 | रवि ना |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - चार्मवुड | |
| 184262001174 | अमित कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - नीलम बाटा | |
| 661362603000 | मोहम्मद सर्वर |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सैनिक कॉलोनी | |
| 235862001139 | मनीषा अरोड़ा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सैक्टर-79 | |
| 732362000694 | प्रदीप सी पी |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सैक्टर-16 | |
| 008362018839 | कपिल देव |
| 008362017768 | विजय कुमार सिंह |
| 008362018953 | पराग संधु |
| 008362018963 | हरि सिंह हरितवाल |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-29 | |
| 140057000093 | अनीश वशिष्ट |
| शाखा का नाम : फतेहाबाद | |
| 093262004432 | हरविन्दर सिंह |
| 093262006240 | पवन कुमार |
| शाखा का नाम : गन्नौर, हरियाणा | |
| 359262001398 | मीना मीना |
| 359262001456 | विकास त्यागी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - गोल्ड सौक | |
| 245062001032 | गोड्डगु गंगाधर |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - न्यू रेलवे रोड | |
| 424462001029 | अनुराधा झाका |
| 424462001044 | नवदीप |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - पालम विहार | |
| 245257000040 | शर्मिला |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-48 | |
| 418457000030 | ब्रजपाल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-86 | |
| 489562000078 | रेनू रेनू |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - टी प्वाइंट, सेक्टर-65 | |
| 724257000004 | भरत मिश्रा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर | |
| 085862002511 | राजेश कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - डीएलएफ | |
| 017757000097 | देवेन्द्र कुमार यादव |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-46 | |
| 389062000799 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-10ए | |
| 114662003190 | आर्यन मिश्रा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-14 | |
| 002162032449 | पूजा देवी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सुशांत लोक | |
| 031462004700 | कंचन कंचन |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम - सेक्टर-37डी | |
| 432162001142 | सत्य नारायण |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम - सेक्टर-5 | |
| 776362000095 | रीना यादव |
| शाखा का नाम : हांसी | |
| 184462003832 | रामपाल रामपाल |
| 184462004034 | संजय कुमार |
| शाखा का नाम : हरियाणा - रेवाड़ी | |
| 062662002937 | नवीन कुमार |
| 062662001885 | रोहित सैनी |
| 062662002574 | बिरेन्द्र बिरेन्द्र |
| शाखा का नाम : हिसार - डिफेंस कॉलोनी | |
| 246162000333 | सुनील कुमार |
| शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा | |
| 356562001618 | बूटा सिंह |
| शाखा का नाम : झज्जर | |
| 140262001713 | रोहित रोहित |
| 140262002430 | प्रवेश कुमार |
| शाखा का नाम : जीन्द | |
| 050362004207 | मनदीप मनदीप |
| शाखा का नाम : कैथल | |
| 086162002799 | पंकज पंकज |
| शाखा का नाम : कैथल-जीन्द रोड | |
| 360262001219 | अशोक कुमार |
| 360262001837 | अंजु रानी |
| शाखा का नाम : कालका | |
| 086262002641 | राहुल कुमार |
| शाखा का नाम : खरखौदा | |
| 396862001020 | जगमंदर |
| शाखा का नाम : कुरूक्षेत्र - पिपली रोड | |
| 249362001714 | अबुल हसन |
| शाखा का नाम : लाडवा, हरियाणा | |
| 359162002793 | हरविन्दर कुमार |
| 359162003004 | सीमा देवी |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382562001585 | कृष्णा कृष्णा |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562000770 | राजपाल* |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862006423 | दलविन्दर सिंह |
| 197862006424 | दलविन्दर सिंह |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 197862007065 | गुरप्रीत सिंह |
| 197857000145 | गुरप्रीत सिंह |
| शाखा का नाम : मानेसर | |
| 661862601152 | विक्रम सिंह |
| 661862601357 | साहिल |
| शाखा का नाम : मनेठी | |
| 480062000051 | भगवान दास |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062003754 | प्रवीन कुमार |
| शाखा का नाम : नारनौंद | |
| 381857000115 | कृष्ण कुमार |
| शाखा का नाम : नारनौंद | |
| 381862000666 | नीलम नीलम |
| शाखा का नाम : पलवल - जीटी रोड | |
| 427462001042 | दीपक दीपक |
| शाखा का नाम : पंचकुला - सेक्टर-25 | |
| 373762000601 | सुनीता सुनीता |
| 373762000594 | सीमा सीमा |
| शाखा का नाम : पानीपत सेक्टर-13 | |
| 372662001063 | राधे श्याम |
| 372662001072 | राधे श्याम |
| शाखा का नाम : पानीपत - मॉडल टाउन | |
| 661962602453 | दीपेन्दर दीपेन्दर |
| शाखा का नाम : रादौर | |
| 397662000662 | सुनील कुमार |
| 397662000888 | संदीप कुमार |
| 397662001066 | संजीव कुमार |
| 397662001086 | लक्ष्मीचंद |
| शाखा का नाम : रोहतक | |
| 016862006270 | आशीष आशीष |
| शाखा का नाम : रोहतक - हिसार रोड | |
| 662162601359 | अतुल |
| शाखा का नाम : सफीदों | |
| 282762002678 | करण सिंह |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073262003228 | मंजु देवी |
| 073257000197 | मोहित मोहित |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162003630 | फतेह सिंह |
| 073162004382 | हरनेक सिंह |
| शाखा का नाम : सिरसा | |
| 073362002804 | अमित कुमार |
| शाखा का नाम : सोनीपत | |
| 030262003673 | सरिता |
| 030262003255 | अमित पुरी |
| 030262004021 | तरूण तरूण |
| शाखा का नाम : सोनीपत-एल्डेको | |
| 546162000034 | अमित अमित |
| शाखा का नाम : सोनीपत - पुराना रोहतक रोड | |
| 545862000015 | रणजीत रणजीत |
| शाखा का नाम : सोनीपत - सेक्टर-15 | |
| 252662000342 | कुलदीप मलिक |
| 252662000883 | अशोक अशोक |
| शाखा का नाम : टोहाना | |
| 282862003479 | सतीश कुमार |
| 282862004072 | विक्रम सिंह |
| शाखा का नाम : उचाना | |
| 377262001340 | मंजीत मंजीत |
| 377262001651 | नवीन नवीन |
| शाखा का नाम : यमुनानगर | |
| 024762005470 | सौरव सौरव |
| शाखा का नाम : यमुनानगर - बाईपास चौक | |
| 254357000040 | रहीश मोहम्मद |
| शाखा का नाम : भिवाड़ी | |
| 050962003827 | कपिल यादव |
| शाखा का नाम : चण्डीगढ़ - मनी माजरा | |
| 036262004519 | दीपक सिंह |
| शाखा का नाम : दिल्ली - नांगलोई | |
| 235462002170 | भूपेन्द्र भूपेन्द्र |
| 235462002499 | मोनू मोनू |
| शाखा का नाम : दिल्ली - सुल्तानपुर | |
| 545062000039 | सुमित तंवर |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - मालवीय नगर | |
| 113662002407 | विक्रम चोपड़ा |
| शाखा का नाम : नोएडा - सेक्टर-61 | |
| 025357000051 | सीमा पाल |
| शाखा का नाम : सिंधमुख | |
| 672962603743 | प्रवीन कुमार |

दिनांक : 11.08.2025
स्थान : अम्बाला, गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, कैथल, फरीदाबाद, भिवानी, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, पलवल, महेन्द्रगढ़, यमुनानगर, रेवाड़ी, पानीपत, झज्जर, फतेहाबाद, चरखी दादरी, हरियाणा

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## शूटिंग के आवेदनों को सिंगल विंडो सिस्टम से दी जाएगी अनुमति

# दिल्ली को अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्थल बनाने के लिए बन रही फिल्म पॉलिसी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार दिल्ली को फिल्मी हब बनाने को लेकर बेहद गंभीर है। इसी मद्देनजर दिल्ली को अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्थल बनाने के लिए फिल्म पॉलिसी बन रही है। दिल्ली सरकार दिल्ली में फिल्म आदि शूटिंग के आवेदनों को सिंगल विंडो सिस्टम से अनुमति देने के साथ फिल्म इंडस्ट्री के विकास और सुविधाएं देने की भी योजना बना रही है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को सेलिब्रेटिंग इंडिया फिल्म फेस्टिवल (सीआईएफएफ) के समापन समारोह को संबोधित करते हुए दी। सीरी फोर्ट स्थित इस आयोजन में कई राजनैतिक हस्तियों के अलावा फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई नामी लोग भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अभी तक मुंबई को ही फिल्म और मनोरंजन उद्योग के लिए जाना जाता है। दिल्ली का जो भी टैलेंट इस इंडस्ट्री में थोड़ा आगे बढ़ता है वो तुरंत बेहतर विकल्प की तलाश में मुंबई की ओर निकल जाता है। एक तरफ तो दिल्ली में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) जैसा प्रतिष्ठित ड्रामा और थियेटर का संस्थान है, जहां से एक्टिंग सीख कर कई कलाकारों ने देश-विदेश में बहुत नाम कमाया है, लेकिन आज तक किसी ने दिल्ली में ही फिल्म इंडस्ट्री के विकास पर कोई गंभीर पहल या प्रयास नहीं किया है। यह सोचने लायक सवाल है कि लोग एक्टिंग सीखें दिल्ली में और फिर उन्हें काम तलाशने के लिए जाना पड़े मुंबई। अब हमारी हमारी सरकार दिल्ली में फिल्म इंडस्ट्री के विकास के साथ ही ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना बना रही है कि फिल्म, सिनेमा, टीवी से जुड़े सभी लोगों को दिल्ली में शूटिंग से लेकर पोस्ट प्रोडक्शन तक सारी सुविधाएं और माहौल यहीं मिले। यहां के कलाकारों को मजबूरी में मुंबई न जाना पड़े। और इस दिशा में दिल्ली में आज का ये आयोजन, एक पड़ाव की तरह है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज का यह फिल्म फेस्टिवल साधारण फिल्म फेस्टिवल नहीं है, यह सही मायनों में भारत की विविधता भरी, आत्मा का उत्सव बना है। इस फेस्टिवल में भारत के विभिन्न रूपों और रंगों की झलक देखने को मिली है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, पर्यटन, प्रकृति और पर्यावरण समेत सभी विषयों का समावेश इस मिला। फीचर, नॉन फीचर, शॉर्ट फिल्म से लेकर डॉक्यूमेंट्री तक को इसमें जगह मिली है।

### दिल्ली को फिल्मी हब बनाने के लिए 3 करोड़ का बजट तय

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया क दिल्ली को फिल्म निर्माण का हॉटस्पॉट बनाने के लिए भी हमने तीन करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। हमें उम्मीद है कि आने वाले साल में हमें काफी फिल्मों की दिल्ली में शूटिंग करने के लिए आवेदन मिलेंगे। हमारी इस नई फिल्म पॉलिसी के जरिए दिल्ली सिर्फ राजनीति या इतिहास के लिए नहीं, अब अपने कल्चर, क्रिएटिविटी और अपनी फिल्मी लोकेशन्स के लिए भी पहचानी जाएगी।

### दिल्ली में आयोजित किया जाएगा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली सरकार की भागीदारी से राजधानी में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस आयोजन से शहर की संस्कृति और विविधता को बढावा मिलेगा, फेस्टिवल में अलग अलग विषयों पर देश ही नहीं विदेशी फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री को देखने का मौका मिलेगा।

## जखीरा, मिंटो ब्रिज, मूलचंद, आईटीओ समेत 34 क्रिटिकल प्वाइंट पर नहीं हुआ जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि बीते 10 वर्षों से यहां हर साल भरता था पानी

लगातार बारिश के बाद भी जखीरा, मिंटो ब्रिज, मूलचंद, आईटीओ समेत पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर 34 क्रिटिकल प्वाइंटों पर जलभराव नहीं हुआ है, जबकि बीते 10 वर्षों से यहां हर साल पानी भरता था। यह बात दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को कनॉट प्लेस आउटर सर्कल पर निरीक्षण के बाद कही।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि रविवारको कनॉट प्लेस आउटर सर्कल पर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। हाल ही में हुई बारिश के दौरान रात 12 बजे मैं स्वयं मौके पर मौजूद रहा। 100 साल पुराने ब्रिटिशकालीन बैरल सिस्टम को आसपास की इमारतों ने संकरा कर दिया है, जिससे जल निकासी बाधित होती है। समाधान के लिए नए पंप लगाए गए हैं और हर प्वाइंट पर टेक्निकल स्टडी की जा रही है। इस साल ज़खीरा, मिंटो ब्रिज, मूलचंद, आईटीओ समेत पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर 34 क्रिटिकल पॉइंट्स पर जलभराव नहीं हुआ, जबकि बीते 10 वर्षों से यहां हर साल पानी भरता था। मंत्री ने कहा कि जहां भी जलभराव की सूचना मिल रही है, मैं स्वयं और हमारी पीडब्ल्यूडी टीम मौके पर पहुंचकर तत्काल समाधान कर रहे हैं। हमारा संकल्प है आने वाले वर्षों में दिल्ली को जलभराव से पूरी तरह मुक्त करना। एक अन्य ट्वीट में मंत्री प्रवेश साहिब ने कहा कि जब पिछले 2 दिनों से बारिश हो रही थी, मैंने आधी रात को इस क्षेत्र का दौरा किया था। केवल सीपी बाहरी सर्किल का 100 मीटर का हिस्सा जलमग्न था। हमने पहले ही एक पंप स्थापित कर दिया है और एक और स्थापित करने का आदेश दिया है।

## खबर संक्षेप

### हमारे संकल्प का प्रतीक तिरंगा हर घर में और हर दिल में लहराए : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** हमारे संकल्प का प्रतीक तिरंगा हर घर में और हर दिल में लहराए। यह बात रविवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपनी विधानसभा रोहिणी में तिरंगा यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर कही। गौरतलब है कि रविवार को विजेंद्र गुप्ता ने अपनी विधानसभा में 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह उन अनगिनत बलिदानों और अदम्य साहस का स्मरण है, जिनके कारण हमें स्वतंत्र भारत का गौरव प्राप्त हुआ। रोहिणी एफ मंडल द्वारा आयोजित इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के निवासियों, आरडब्ल्यूए, युवा समूहों, बाजार संघों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत नाहरपुर मार्केट, सेक्टर-7 से हुई और आज़ाद कबाड़ी चौक, राजापुर गाँव पर इसका समापन हुआ। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए एकता और देशभक्ति के नारों के साथ मार्च किया।

### भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने रविवार से प्रदेश भर से तिरंगा यात्रा की शुरुआत की जिसके अंतर्गत 13 जिलों के 115 मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली। इसके साथ ही शाहदरा और नवीन शाहदरा जिले में तिरंगा यात्रा के साथ ही विभाजन विभीषिका की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें 1947 में विभाजन के वक्त अमानवीय व्यवहार करने और उस वक्त परिवार के सदस्यों के बीच खिंचे गए सीमाओं को दिखाया गया। तिरंगा यात्रा में प्रदेश, जिला और मंडल के पदाधिकारी के अलावा स्थानीय विधायक और जिला अध्यक्ष भी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए।

### बीजेपी चुनाव आयोग के खिलाफ दिल्ली कांग्रेस चलाएगी अभियान, राहुल के कैंपेन से जुड़ने की अपील



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घोषणा की है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए बीजेपी और चुनाव आयोग की वोट षड्यंत्र को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस दिल्ली की जनता के सामने सच उजागर करेगी। इसकी शुरुआत से पूर्व रविवार को 11 जिलों की मासिक बैठकों में यादव ने राहुल गांधी द्वारा उजागर वोट षड्यंत्र के वीडियो को दिखाया। आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग के जिस वोट षड्यंत्र का सार्वजनिक रुप से खुलासा किया है। उसमें भाजपा, चुनाव आयोग के सहयोग से अवैध तरीके से चुनाव जीतकर सत्ता पर काबिज हुई है जो स्पष्ट रूप से लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता को एकजुट होकर लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा की वोट षड्यंत्र के खिलाफ आवाज उठा रहा है और राहुल गांधी के अभियान आई स्पोर्ट राहुल गांधी डिमांड ऑफ डिजिटल वोटर रोल फरोम ईसी की मुहिम के साथ जुड़ें।

### बीजेपी सरकार के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली और केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार के खिलाफ गंदे पानी की आपूर्ति, बार-बार बिजली कटौती, टूटी सड़कों, बारिश के पानी की निकासी न होने से जलजमाव, स्कूलों की बढ़ती फीस, झुग्गीवासियों के पुनर्वास और चुनाव आयोग की धांधली के आरोपों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन करावल नगर जिला कांग्रेस के बुराड़ी कार्यालय के पास आयोजित किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के नेतृत्व में लोकसभा प्रभारी रमेश सब्बरवाल, एआईसीसी सचिव मनोज यादव, जिला प्रभारी लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ, फरीद शाह समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया।

### डिसिल्टिंग में हुए भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए दस्तावेज नष्ट कर रही भाजपा सरकार : सौरभ

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि लगता है अब भ्रष्टाचार छिपाने के लिए दिल्ली की भाजपा सरकार नालों की डिसिल्टिंग से जुड़ी जानकारी और दस्तावेज को नष्ट कर रही है। मैंने अपने नाम से आरटीआई दाखिल की थी कि शहरी विकास मंत्री रहते हुए मेरे द्वारा तत्कालीन मुख्य सचिव नरेश कुमार को डिसिल्टिंग की थर्ड पार्टी ऑडिट के लिए जो निर्देश दिए गए थे, उस पर क्या कार्रवाई हुई। इसके जवाब में मुख्य सचिव ऑफिस ने कहा है कि उनको मेरे द्वारा भेजी गई डिसिल्टिंग और थर्ड पार्टी ऑडिट की शिकायत मिली ही नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जिस पत्र की कॉपी मीडिया और सोशल मीडिया के पास है, वो पत्र मुख्य सचिव को मिला ही नहीं? ये तो सीधा कानूनी अपराध है। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भाजपा सरकार दिल्ली में हुई नालों की डिसिल्टिंग की थर्ड पार्टी ऑडिट से क्यों भाग रही है। बार-बार पूछने पर भी दिल्ली सरकार का जवाब क्यों नहीं आ रहा है। आखिर थर्ड पार्टी ऑडिट पर सरकार क्यों चुप है।

### नालों की डिसिल्टिंग में आप ने किया घोटाला : सचदेवा

नई दिल्ली। सच यह है कि 2015 से 2024 के बीच हर वर्ष केजरीवाल सरकार के संरक्षण में लोकनिर्माण एवं बाढ़ नियंत्रण विभागों और दिल्ली जल बोर्ड के निचले अधिकारियों एवं आम आदमी पाटी (आप) विधायकों ने मिलजुल कर नालों की डिसिल्टिंग में घोटाला किया। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के बयान पर यह प्रतिक्रिया दी। सचदेवा ने कहा कि नालों की डिसिल्टिंग के थर्ड पार्टी ऑडिट ना होने आरोप लगाने से पहले सौरभ भारद्वाज बतायें कि क्या यह सच नहीं कि 2015 से 2018 के बीच केजरीवाल सरकार द्वारा डिसिल्टिंग ना कराने के कारण एक एनजीओ को डिसिल्टिंग ऑडिट की मांग को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय जाना पड़ा था।




# 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' कार्यक्रम 14 अगस्त को सीएम होंगे मुख्य अतिथि

## सेक्टर-12 एचएसवीपी पार्किंग में होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा आगामी 14 अगस्त 2025 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन फरीदाबाद में किया जाएगा। बिगड़ते मौसम को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम के स्थान में बदलाव किया गया है। अब यह कार्यक्रम सेक्टर-12 स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की पार्किंग में आयोजित होगा। रविवार को उपायुक्त विक्रम सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सभी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, पंडाल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, सुरक्षा, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और यातायात प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं का विस्तृत रूप से जायजा लिया।

डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की भव्यता और गरिमा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें।



### उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों की भी अत्यंत सावधानीपूर्वक और विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त के निर्देश पर पुलिस, यातायात, स्वास्थ्य, अग्निशमन, बिजली, आपदा प्रबंधन तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी स्थल पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों के अंतर्गत सभी व्यवस्थाओं की फील्ड पर जाकर गहन जांच की। पुलिस एवं यातायात विभाग ने आगंतुकों के प्रवेश और निकास मार्ग, वीआईपी मूवमेंट, पार्किंग व्यवस्था तथा ट्रैफिक डायवर्जन की रूपरेखा का परीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग ने आपातकालीन चिकित्सा सहायता की उपलब्धता सुनिश्चित की। अग्निशमन विभाग ने आग से संबंधित किसी भी संभावित जोखिम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक उपकरणों, फायर टेंडरों और तैनाती बिंदुओं का निरीक्षण किया।

### समाज में एकता, भाईचारे और सामूहिक प्रगति के संकल्प

सभी विभागों को यह निर्देश दिया गया कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी स्थिति में त्वरित, समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी सतर्कता और तत्परता के साथ कार्य करें। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य 1947 में हुए भारत विभाजन के दौरान झेली गई त्रासदी को याद करना, प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करना और युवा पीढ़ी को उस दौर के इतिहास एवं परिस्थितियों से अवगत कराना है। साथ ही यह अवसर समाज में एकता, भाईचारे और सामूहिक प्रगति के संकल्प को सुदृढ़ करने का भी है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान पार्क में लगाए गए 21 बेलपत्र के पौधे



**गाजियाबाद।** शिवमय भारत मिशन के तहत रविवार को अर्थला स्थित हनुमान पार्क में 21 बेलपत्र के पौधे लगाए गए। पार्क को खास तौर पर बेलपत्र के पौधों के लिए तैयार किया गया, ताकि इन्हें बड़े होकर वृक्ष का रूप दिया जा सके। सभी ने मिलकर पौधों को रोपा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पांडेय, क्षेत्रीय पार्षद मनोज पाल, पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष सुजीत तिवारी, महासचिव विनोद अकेला और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पचगांव में 30 गांवों की महापंचायत शुरू



**गुरुग्राम।** जिले में आज दिल्ली-जयपुर हाईवे पर पचगांव टोल प्लाजा के विरोध में पंचग्राम होटल के पास आसपास लगते 30 गांवों की महापंचायत हो रही है। महापंचायत की अध्यक्षता सूबेदार होशियार सिंह कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि टोल प्लाजा का निर्माण करने से पहले अंडरपास तैयार किया जाए, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

### महिला को सम्मोहित कर गहने लूटे




**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थाना क्षेत्र के लक्कड़पुर इलाके में गिरोह द्वारा एक महिला को सम्मोहित कर गहने लूटने और उसकी बच्ची को ले जाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। स्नेहलता तिवारी ने बताया कि लक्कड़पुर फाटक के पास एक महिला मिली और बातचीत के दौरान उसने कोई चीज सुंघा दी।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत



**फरीदाबाद।** सराय थाना क्षेत्र में आने वाले एनएचपीसी फ्लाईओवर पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अशोक नागर ने बताया कि आर्यन ड्यूटी से लौट रहा था।

## तेवर देख पुलिस वाले भी हुए हैरान

# 12वीं पास आईएएस, 'भारत सरकार' गाड़ी से झाड़ता था रौब, नौकरी के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के पालम विहार, सेक्टर 22ए में रहने वाले एक व्यक्ति को फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर ठगी करने के आरोप में पालम विहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी खुद को आईएएस बताकर लोगों पर रौब झाड़ता था और नौकरी दिलाने, कर्मचारियों के ट्रांसफर के नाम पर धोखाधड़ी करता था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल उससे पूछताछ चल रही है।




### अतिरिक्त निरीक्षक के स्थानांतरण का पत्र मिला

पुलिस जब इस आरोपी के घर पर पहुंचीं तो उसकी मेज पर दो आईडी कार्ड रखे हुए थे। एक आईडी कार्ड की डोरी पर गृह मंत्रालय लिखा हुआ था। कमरे में एक पत्र लिखा, जो अतिरिक्त निरीक्षक का था। इसमें तबादले की गुहार लगाई हुई थी। पुलिस ने मौके से एक फर्जी शस्त्र लाइसेंस, 6 मोबाइल, एक लेपटॉप, एक वॉकी टॉकी सेट, एक आयुष्मान कार्ड, तीन आधार कार्ड, एक एटीएम, एक पैन कार्ड, एक पासपोर्ट, लाल और नीली बत्ती के अलावा ढाई लाख रुपये भी बरामद की।

### सोमवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा

दरअसल, गुरुग्राम पुलिस के पास एक शिकायत पहुंचीं थी कि एक युवक अपने आपको आईएएस अधिकारी बताता है। लोगों से नौकरी लगवाने, अधिकारी और कर्मचारी को ट्रांसफर करवाने के नाम पर ठगी की वारदातों को अंजाम देता है। शिकायत मिलने के बाद थाना पालम विहार के निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ पालम विहार में छापा मारा। यह युवक मकान की दूसरी मंजिल के बरामदे में खड़ा था। पुलिस को देखकर यह युवक छत की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके इस युवक को धर दबोचा। युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ के गांव रघुईपुर निवासी जयप्रकाश पाठक के रूप में हुई।

### उत्तर प्रदेश में दर्ज है एक मामला

पुलिस ने जांच में पाया कि इस फर्जी आईएएस के खिलाफ उत्तर प्रदेश में एक मामला दर्ज है। यह किसी बड़े अधिकारी का खास बनकर लोगों से ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस रिमांड में पता चला कि यह आरोपी अपने आपको गृह मंत्रालय में कार्यरत बताता था। लोगों से नौकरी लगवाने, कर्मचारियों की ट्रांसफर करवाने और आईएएस का रौब दिखाते हुए लोगों से रुपये ऐंठता था।

**31 साल का यह युवक है 12वीं पास**

*आरोपी पालम विहार में एक किराए के मकान में रहता था। आरोपी के पास एक कार है, जिसमें आगे और पीछे भारत सरकार लिखा हुआ है। इस कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने गृह मंत्रालय का एक आईडी कार्ड पकड़ा है, जो फर्जी है। आठ अगस्त को इस आरोपी को पुलिस ने पकड़कर 9 अगस्त को अदालत में पेश किया। अदालत से इसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाना पालम विहार में मामला दर्ज हुआ है।*

## जागरूक न होने से शहर को नुकसान

# विजय नगर पर महापौर ने महिला को नाले में कूड़ा डालते हुए पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने रविवार की सुबह को एक महिला को नाले में कूड़ा डालते हुए पकड़ लिया तथ उसको खूब खरी-खोटी सुनाई। विजय नगर क्षेत्र से निकल कर जा रही थी। वार्ड 58 के शिवपुरी के सामने महापौर ने देखा कि एक महिला कूड़े से भरा डस्टबिन लेकर नाले की तरफ जा रही है तभी महापौर ने अभी गाड़ी रोकी और उस महिला को टोका की आपने अभी अभी नाले में कूड़ा डाला है क्या आपके यहाँ कूड़े की गाड़ी नही आती है क्या महिला ने बताया कि गाड़ी आती है लेकिन मुझे काम पर जाना है। महापौर ने कहा कि काम पर जाना है तो अपना डस्टबिन घर के बाहर रख दो या कूड़ा बांध कर एक तरफ रख दो, यह कूड़ा नाले में डाला जा रहा है जिससे नाले भर जाते है और बारिश में जल भराव की स्थिति पैदा हो जाती है । महापौर ने यह भी देखा कि नाले में दीवारों पर भी गोबर लगा हुआ है । ऐसा लग रहा था कि जैसे लोगों द्वारा नाले में गोबर भी डाला जा रहा है जिसको लेकर महापौर ने आप पास के लोगों से भी पूछा।



### ननि पर लांछन न लगाए, अपनी आदत सुधारें

महापौर की यह सब देख कर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि शहर की जिम्मेदारी केवल नगर निगम की नहीं है बल्कि शहर के हर नागरिक की है आपके यहां कूड़ा लेने गाड़ी आती है और फिर भी कूड़ा नाले में डाला जाता है उस शहर का भविष्य क्या होगा, जल भराव होते ही जनता नगर निगम की गलती बताती है क्या जनता के लोगों की शहर के प्रति कोई जिम्मेदारी नही है । केवल लांछन लगाने का कार्य किया जाता है यह बहुत गलत है जब तक जनता जागरूक नही होगी शहर कैसे साफ रहेगा। इसके साथ साथ महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शहर में कोई भी व्यक्ति नाले में कूड़ा डालता दिखे तो उसपर तत्काल जुर्माना लगाया जाए।

## पौधों की नियमित देख-रेख जरूरी

# पर्यावरण को बचाने लाए गए 250 टरमनेलिया के बीस फुट लंबे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-10 स्थित ब्लॉक डी टू में आंध्र प्रदेश के राज्य राजमुंदरी से ट्रक मे टरमनेलिया के 250 पौधे दोबारा लाकर लगाए जा रहे है। ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन ने कहां कि यह पौधे ब्लॉक की तरफ से लगाए जा रहें है। इन पौधों को बड़े होने पर ब्लॉक डी टू सेक्टर 10 की शहर मे नई पहचान होगी । यह पौधे ब्लॉक की तरफ से लगाए जा रहे हैं। ब्लॉक संरक्षक और पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बीसला, वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि टरमनेलिया का पौधा बहुत सुन्दर होता है। इसकी लम्बाई व छाया भी काफी होती है। जब यह बड़े होंगे तो इनमे से खुशबू बहुत आती है। ब्लॉक ने शहर वासियों को संदेश दिया कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखाना है। तो नियमित रूप से पौधे लगाने होंगे और जो व्यक्ति पौधे लगाए उनकी देखभाल स्वयं लेनी पड़ेगी।

वशिष्ठ ने कहा कि पौधारोपण अभियान केवल पेड़ लगाने तक



सीमित नहीं रहना चाहिए लगाए। पौधों की नियमित देख-रेख होनी चाहिए उनमें पानी और खाद डालना चाहिए ताकि वह वृक्ष बन सके। ब्लॉक के महासचिव इंजीनियर अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि पर्यावरण को बचाना है। सडक़ बनाने के लिए पेड़ काटे जाते पर उनकी भरपाई के लिए हमें उन से कई गुणा अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

ब्लॉक वासियों ने कहां कि कार्यकारिणी ने विकास के मामले में ब्लॉक में इतने सर्वाधिक काम किया है कि उनको गिनाना भी मुश्किल है।

## साइबर थानों की कार्रवाई

# 8 मामलों का निस्तारण कर 27 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



पुलिस उपायुक्त साइबर अभिषेक जोरवाल के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्यवाही किए जा रही है। इसी कड़ी में साइबर थानों की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस सप्ताह 27 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार 39,61,997 रुपए बरामद किये हैं।

*149 शिकायतों का समाधान, 1,93,700 रुपए बरामद, 961825 रुपए खातों में फ्रिज किया गया*

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 से 8 अगस्त तक फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 8 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 27 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना सेंट्रल के 3, एनआईटी के 2 व बल्लभगढ के 3 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 39,61,997 रूपए बरामद किये हैं तथा 149 शिकायतों का निस्तारण कर 1,93,700 रिकवर किये हैं, साथ ही 9,61,825 खातों में फ्रिज कराये हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में हैदर अली, आकाश विश्वकर्मा, सज्जन, अनिकेत चौधरी, सोहंग कुमार मकवाना, गुलटन यादव, पंकज कुमार, दीपक रावत, तौफीक, प्रकाश, सुवालका, असलम खान, मनमोहन सिंह, सुमित कुमार, नीरज कुमार, पूजा सिंह, आरती चौहान, अभिषेक, आनंत कृष्णन, सज्जन दास चारण, बबलू कुमार, अमित छेत्री, लालू कुमार, ओमाराम, शेखर, मनीष सोहनलाल व धारु राम का नाम शामिल है।

# एटीएम कार्ड बदलकर रुपए निकालने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, 10 कार्ड बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना अंकुर विहार ने रविवार को एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उनके कब्जे से अलग-अलग बैंकों के 10 एटीएम कार्ड तथा 11100 नकद बरामद किए हैं।

एसीपी अंकुर विहार एपी सिंह ने बताया कि आठ अगस्त को एक युवक एचडीएफसी बैंक की एटीएम मशीन से रुपये निकालने गया था। तभी वहां पर कुछ युवकों ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर 11हजार 900 रुपए निकाल लिए थे। इस सम्बंध में युवक की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी थी। घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया ।

उन्होंने बताया कि रविवार को थाना अंकुर विहार पुलिस ने इस मामले का अनावरण करते हुए टीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। युवकों में सुहैल निवासी डाबर तालाब, सुहैल गाड निवासी गिरी मार्केट थाना लोनी व समीर उर्फ छोटे निवासी गिरी मार्केट एक मीनार मस्जिद थाना लोनी हैं।।जिन्हें गढी कट्टैया अन्डरपास से गिरफ्तार किया गया ।



### शौक पूरा करने एटीएम कार्ड की चोरी

पूछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया कि साहब हम लोग मिलकर लोगों के एटीएम कार्ड बदल कर रुपए निकाल लेते है और इसी से अपने महंगे शौक पूरे करते है । साहब 2 दिन पहले भी हमने खन्ना नगर में स्थित एचडीएफसी बैक के एटीएम से एक लडके का एटीएम कार्ड बदला था जिससे हमने राम पार्क स्थित सेंट्रल बैक ऑफ इंण्डिया एटीएम से 11हजार 900 रुपए निकाले थे । ये जो एटीएम कार्ड भी हमारे पास है वे सभी हमने इसी तरह इकट्ठे किए है ।

## एक पेड़ मां के नाम, ट्री प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन

# हरियाली का संकल्प लेते हुए किया गया पौधारोपण कहा-पेड़ जीवन का अस्तित्व व मां का स्नेह का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद, जय सेवा फाउंडेशन, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं हरियाणा पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य ट्री प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नीम, पीपल, जामुन और बरगद जैसे सैकड़ों पौधे लगाए गए, जिन्हें प्रतिभागियों ने अपनी मां के नाम समर्पित कर मातृ सम्मान और प्रकृति प्रेम का अनूठा संदेश दिया।

मुख्य अतिथि हरविंदर यादव एजीएम ने बताया कि एक पौधा केवल हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन के अस्तित्व और मां के स्नेह का आधार है। जिस प्रकार मां हमें जन्म देती है, उसी तरह पेड़ हमें सांस, छाया और जीवन प्रदान करते हैं।

विशिष्ट अतिथि राजपाल एजीएम ने अपने विचार रखते हुए कहा वृक्ष हमारे मूक रक्षक हैं।



विशिष्ट अतिथि मंडल बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने कहा कि बच्चों और युवाओं को प्रकृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। जिला रेडक्रॉस सचिव विजेंद्र सोरोत ने बताया कि पौधारोपण एक सतत जिम्मेदारी है। जिस तरह मां की देखभाल जीवनभर की जिम्मेदारी होती है, उसी तरह पौधों को लगाना और उनकी देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है।

### आरडब्ल्यूए प्रोग्रेसिव की सेक्टर-2 में सीनियर सिटीजन क्लब की मांग

**फरीदाबाद।** आरडब्ल्यूए प्रोग्रेसिव ने सेक्टर-2 फरीदाबाद में सीनियर सिटीजन क्लब बनाने की मांग उठाई। यह जानकारी महासचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। उन्होंने बताया कि संस्था 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन भी करेगी। यह निर्णय सेक्टर-2 में मिल्क प्लांट के पीछे के पार्क में संपन्न हुई बैठक में लिया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता हो राम दरोगा चैयरमेन ने की। मीटिंग में प्रधान जगदीश चंद अधाना, वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष एसपी त्यागी, जिला कमेटी सदस्य ओमप्रकाश, सह सचिव जगदीश प्रभाकर ने भी भाग लिया। शिष्टमंडल ने बताया कि बैठक में सेक्टर-2 की नागरिक सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इनके समाधान के लिए 7 अगस्त को शिष्टमंडल प्रशासक महोदया, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से मिला था।

### मैकेनिकल इंजीनियरिंग की छात्रा ने की आत्महत्या

**फरीदाबाद।** जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की छात्रा वंशिका ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उस समय कमरे में वह अकेली थी। उसने कमरे में रहने वाली दूसरी छात्रा को कपड़े बदलने के बहाने बाहर भेज दिया था। दूसरी छात्रा आई तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिडक़ी से झांककर देखा तो वंशिका फंदे पर लटकी थी। इसकी सूचना हॉस्टल प्रबंधन को दी। बाद में पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव उसके परिजन को सौंप दिया। परिजन का आरोप है कि बेटी ने यह कदम एक युवक की वजह से उठाया है जो उनके पड़ोसी गांव का है। साथ ही हॉस्टल की महिला कर्मी पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

## 15 अगस्त तक मांगी लिस्ट

# गाजियाबाद में अवैध स्कूलों पर बड़े एक्शन की तैयारी में योगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिले में अवैध रूप से चल रहे स्कूलों की जांच रिपोर्ट एक हफ्ते में तैयार करनी होगी। शासन ने माध्यमिक शिक्षा विभाग से 15 अगस्त तक रिपोर्ट मांगी है। ऐसे में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जांच और निरीक्षण कर 8 दिन के भीतर लिस्ट बनाकर देनी होगी।

जिले में संचालित अवैध और मानकों का उल्लंघन कर रहे स्कूलों पर शासन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। शासन ने 22 जुलाई तक ऐसी सभी स्कूलों की रिपोर्ट देने को कहा था, लेकिन जिला माध्यमिक शिक्षा विभाग ने अब तक भी रिपोर्ट नहीं भेजी है। शिक्षा विभाग ने इस ढुलमुल रवैये पर सख्ती करते हुए



अब 15 अगस्त तक का समय दिया है। ऐसे में विभाग के अधिकारियों को सभी स्कूलों की जांच कर, मान्यता दस्तावेज की जांच पड़ताल कर ऐसे स्कूलों की सूची बनानी होगी जो न तो मान्यता लेकर संचालन कर रहे हैं और ना ही नियमों का पालन कर रहे हैं। साथ ही डमी स्कूलों पर भी सख्ती करने के निर्देश दिए गए हैं। सूची शासन को भेजने के साथ ही ऐसे सभी शिक्षण संस्थानों को बंद कराते हुए काफी कार्रवाई भी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### एलजेपीआर से 128 का सामूहिक इस्तीफा




**छपरा।** सारण में लोजपा (रा.) के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह समेत 128 पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा दिया है। यह घोषणा रविवार को आयोजित बैठक में की गई। जानकारी के अनुसार, सारण कमेटी के 28 पदाधिकारियों, जिले के 20 में से 16 प्रखंड अध्यक्षों, पूरी महानगर इकाई और संसदीय बोर्ड के तीन सदस्यों ने लोजपा (रा.) को छोड़ दिया।

### चुनाव आयोग के आईकॉन नहीं रहे रिंकू सिंह



**लखनऊ।** क्रिकेटर रिंकू सिंह मतदाता जागरूक अभियान के लिए अब यूपी में चुनाव आयोग के आईकॉन नहीं रहे। सपा की सांसद प्रिया सरोज से सगाई के बाद उन्हें आईकॉन बनाने का फैसला वापस ले लिया गया है। आयोग ने इसे रुटीन प्रक्रिया बताया है, क्योंकि आईकॉन बनाने के लिए यह जरूर देखा जाता है कि उस व्यक्ति का किसी भी राजनीतिक पार्टी से जुड़ाव न हो।

### कुएं में उतरे जहरीली गैस से 3 का घुटा दम



**बिजनौर।** पंपिंग सेट का पट्टा चढ़ाने के लिए कुएं में उतरे तीन भाइयों की मौत हो गई। मोटर कुएं के ऊपर रखी थी, जबकि पंप नीचे था। पंप से पट्टा उतरा तो तीनों भाई चढ़ाने के लिए नीचे उतर गए। कुएं में जहरीली गैस होने की वजह से दम घुटकर उनकी मौत हो गई। छत्रपाल सिंह (25), अपने चचेरे भाई हिमांशु और सगे भाई कशिश के साथ ट्यूबवेल पर गया था।

# भागलपुर यूनिवर्सिटी में पहुंचा पानी, नाव से ऑफिस जा रहे कर्मचारी

## बारिश के चलते यूपी-बिहार के कई जिले बाढ़ की चपेट में

लगातार बारिश के चलते यूपी, बिहार के कई जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं. बाढ़ प्रभावित लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ से इस वक्त सबसे ज्यादा बिहार प्रभावित है

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/पटना

पूरे उत्तर भारत में लगातार बारिश जारी है। जिसके चलते उत्तर प्रदेश, बिहार के कई जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बाढ़ प्रभावित लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ से इस वक्त सबसे ज्यादा बिहार प्रभावित है। यहां के भागलपुर शहर में स्थित तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के परिसर में भी गंगा का पानी प्रवेश कर चुका है।

यूनिवर्सिटी कैंपस के चारों तरफ पानी कमर भर भरा हुआ है और हालात ऐसे हैं कि अब यूनिवर्सिटी परिसर में नाव चल रही है। यूनिवर्सिटी में काम करने वाले सिक्योरिटी गार्डों को भी नाव के सहारे ड्यूटी करने जाना पड़ रहा है. यूनिवर्सिटी के सीनेट भवन में भी पानी भर चुका है।



### यूनिवर्सिटी के अंदर स्थित बैंक में भी भरा पानी

जानकारी के मुताबिक 19 से 21 अगस्त के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भी कार्यक्रम विश्वविद्यालय में है। जहां पर उन्हें तिलका मांझी के नवनिर्मित मूर्ति का अनावरण भी करना है।

### मुंगेर में भी बाढ़ से जीवन अस्त-व्यस्त

मुंगेर में गंगा के बढ़े जलस्तर के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। जिसके चलते अब लोग सड़कों पर ही शव जलाने को मजबूर हैं। वहीं बरियारपुर प्रखंड कार्यालय, थाना और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी गंगा का पानी प्रवेश कर चुका है. जिसके चलते कामकाज को बंद कर दिया गया है।

### बाढ़ में बह गया दंपती समेत पूरा परिवार, दो को बचाया गया, महिला की मौत, बच्ची लापता

शाहजहांपुर। यूपी में बारिश के चलते नदियां का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। इसके चलते कई इलाकों में बाढ़ आ गई। जिससे लोगों का आवागमन तो टूटा ही है, पानी ने भी जमकर तबाही मचाई है। शाहजहांपुर जिले में बाढ़ के पानी में एक परिवार ही बह गया। एक युवक रक्षाबंधन पर दो बच्चों और पत्नी के साथ बाइक से ससुराल आया था। लौटते समय पूरा परिवार की बाढ़ के पानी में बह गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह दो लोगों को बचा, लिया एक बच्ची लापता हो गई। महिला की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई।

## डिप्टी सीएम के पास दो वोटर आईडी?

# कांग्रेस ने बताया 'फर्जी वोटर' विजय सिन्हा का मांगा इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में वोटर लिस्ट को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। तेजस्वी यादव की दो वोटर आईडी मामले के बाद अब डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की दो वोटर आईडी होने का दावा किया जा रहा है।

कांग्रेस के मुताबिक विजय सिन्हा का नाम दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में दर्ज है। ऐसे में वो फर्जी वोटर हैं, उन्हें उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने रविवार को कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मीडिया ये बातें कहीं। राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में कर रही है। वोटों की चोरी नहीं होती, तो आज केंद्र में यह सरकार नहीं रहती। उन्होने कहा कि चुनाव आयोग पर आरोप का जवाब भाजपा दे रही है। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का बांकीपुर और लखीसराय दो जगह मतदाता सूची में नाम कैसे है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोट चोरी की जा रही है। इसके लिए सभी मतदाताओं को सजग रहना होगा।



## विवाद पर बोले चिराग पासवान- चुनाव आयोग करे निष्पक्ष जांच

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के दो वोटर आईडी होने के आरोपों पर सियासी घमासान मचा हुआ है। तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डिप्टी सीएम के दो ईपिक नंबर होने का दावा किया। जिसके बाद कांग्रेस भी हमलावर हो गई है। और विजय सिन्हा से डिप्टी सीएम के पद से इस्तीफे की मांग की है। इस बीच केंद्रीय मंत्री और हाजीपुर से सांसद, एनडीए के सहयोगी चिराग पासवान की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि अगर वोटर आईडी से जुड़े किसी भी मामले में गड़बड़ी है, तो चुनाव आयोग निष्पक्ष जांच करेगा और जरूरी कार्रवाई भी करेगा। लेकिन विपक्ष जानबूझकर हर प्रक्रिया पर सवाल उठाकर एक सोची-समझी रणनीति के तहत भ्रम फैलाने में लगा है।



## यूपी विधानमंडल मानसून सत्र आज से

# सीएम ने विधानभवन के प्रवेश द्वार के गुंबद का किया लोकार्पण, बुलाई गई सर्वदलीय बैठक

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र को लेकर राजधानी लखनऊ में रविवार को सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। बैठक विधान भवन में की गई। इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री सुरेश खन्ना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**खास बातें**

- यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है
- विधानसभा में एआई की भी पाठशाला लगेगी



### सभा मंडप का भी लोकार्पण

गौरतलब है कि यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई। वहीं दूसरी तरफ विधानसभा में एआई की भी पाठशाला लगेगी। इसमें विधायक अपने कामकाज में स्मार्टनेस लाने के लिए एआई का उपयोग सीखेंगे। बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नवीनीकृत गुम्बद का लोकार्पण किया। साथ ही विधान भवन के नवीनीकृत सभा मंडप का भी लोकार्पण किया। इसके अलावा नवीनीकृत सभा कक्ष संख्या-15 का उद्घाटन किया।

## सीएम योगी ने कहा - न हों परेशान, गंभीर बीमारियों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए।

### हर समस्या का समाधान त्वरित कराए अधिकारी

उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## पेज एक का शेष

### कुछ लोग खुद ...

रबढ़ रहा है, एक दिन भारत दुनिया की एक बड़ी शक्ति बनकर रहेगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए आतंकियों को करारा जवाब देने की बात कही। यह कार्यक्रम औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित हुआ। मंच पर पहुंचने से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सीएम डॉ. मोहन सिंह ने 3डी वॉक थ्रू और नए संयंत्रों के मॉडल देखे।

**24 हजार करोड़ से ज्यादा का रक्षा निर्यात:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जहां तक रक्षा क्षेत्र की बात है, आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब हम 24 हजार करोड़ रु. से अधिक मूल्य की रक्षा वस्तुओं का निर्यात कर रहे हैं। यह भारत की ताकत है, यह नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है और निर्यात निरंतर बढ़ रहा है।

**हम कर्म देखकर मारेंगे :** रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा- आतंकवादी आए और लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला। हमने भी तय किया कि हम किसी को धर्म पूछकर नहीं मारेंगे, बल्कि उनके कर्म देखकर मारेंगे। हमने ऐसा ही किया किया। जब रावण ने सीता जी का अपहरण किया, वह लंका में थीं। जब हनुमान जी वहां पहुंचे तो उन्होंने लंका में हाहाकार मचा दिया। जब वे सीता जी के पास पहुंचे तो सीता जी ने बहुत विनम्रता से कहा, 'अरे हनुमान! यह तुमने क्या कर दिया? लंका में इतना हंगामा क्यों मचाया? इतने लोगों को क्यों मार डाला?' तब हनुमान जी बहुत विनम्र होकर, हाथ जोड़कर बोले, 'अरे माता, जिन मोहि मारा, तिन मैं मारे।' जिन्होंने हमारे लोगों को मारा, हमने भी उन्हें ही मारा।

**शिवराज बोले- इस क्षेत्र को आइडियल बनाएंगे :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारी कोशिश है कि ये क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र बने। हम इस क्षेत्र को आइडियल क्षेत्र बनाकर छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कह दिया है कि दुनियाभर में कोई भी समझौता होगा, वो किसानों के हित को ध्यान में रखकर ही होगा। भाजपा सरकार में किसान, मछुआरों और पशुपालकों के हित सुरक्षित रहेंगे।

**सीएम बोले- फैक्ट्री से 5 हजार से ज्यादा रोजगार मिलेंगे :** सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में मेट्रो आने के पहले रायसेन में मेट्रो रेल कोच फैक्ट्री बनाने का काम शुरू हो गया है। ये नए दौर का नया भारत है। इस रेल कोच फैक्ट्री से 5 हजार से ज्यादा रोजगार मिलेंगे। यहां स्कूल-कॉलेज खोलने के लिए जमीन भी देंगे। मंच पर पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में रेल कोच फैक्ट्री का बनना अपने आप में बड़ी बात है। ये गौरव की बात है।

### ऑपरेशन सिंदूर ने कुछ ही...

लिए भी आप सभी का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है।

### पीएम ने बेंगलुरु...

यातायात की भीड़ को कम करने और सार्वजनिक परिवहन को और सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पीएम मोदी ने 23,000 करोड़ से ज्यादा की शहरी कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

**जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट :** पीएम मोदी ने कहा कि हमें मेक इन इंडिया में बंगलूरू और कर्नाटक की उपस्थिति को और मजबूत करना होगा। मेरा आग्रह है कि हमारे उत्पाद जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट के मानकों के अनुरूप हों। मुझे उम्मीद है कि कर्नाटक की प्रतिभा आत्मनिर्भर भारत के इस विजन का नेतृत्व करेगी।

**बेल्लारी रोड पर रोड शो किया:** पीएम मोदी ने बेल्लारी रोड पर रोड शो किया और जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने 'नेक्स्ट-जेन मोबिलिटी फॉर ए नेक्स्ट-जेन सिटी' कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से बातचीत करते देखा गया।

**'मोदी, मोदी' के नारे के साथ स्वागत :** जब प्रधानमंत्री का काफिला रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ रहा था, तो सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे। उन्होंने 'मोदी, मोदी' के नारे लगाकर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने भी अपनी कार के अंदर से हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया।

### प्रकाशित सूची से...

के तहत की जाएगी। साथ ही मतदाता को नाम हटाने के प्रस्ताव और उसके कारण के बारे में सबसे पहले बताया जाएगा। हर मतदाता को सुनवाई का उचित मौका, प्रासंगिक दस्तावेज देने का अवसर और तर्क संगत आदेश दिया जाएगा।

**आपत्तियों के लिए दिया गया समय :** आयोग ने कहा, एसआईआर के पहले चरण को सफल बनाने का श्रेय बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी, 38 जिला चुनाव अधिकारी, 243 ईआरओ, 2976 एईआरओ, 77,895 बीएलओ और वॉलंटियर्स और सभी 12 राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और उनकी ओर से नामित 1.6 लाख बीएलए को जाता है। एसआईआर आदेश के अनुसार एक अगस्त से एक सितंबर के बीच कोई भी मतदाता या राजनीतिक दल, मसौदा मतदाता सूची में सुधार के लिए शिकायत और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

**छूटे मतदाताओं की सूची सियासी दलों को भी दी जाएगी :** आयोग ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का पहला चरण पूरा हो गया है। पहले चरण में करीब 7.24 करोड़ मतदाताओं ने दस्तावेजों के साथ अपने गणना फॉर्म जमा कराए हैं और इन सभी के नाम पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। इन सभी नामों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। छूटे मतदाताओं की सूची समय-समय पर राजनीतिक दलों को दी जाएगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने की थी हस्तक्षेप की बात :** इससे पहले 29 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में नाम हटाए गए तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि आधार कार्ड और वोटर आईडी को गंभीरता से मान्य दस्तावेज माना जाए और इनसे नाम हटाने की बजाय जोड़ने की प्रक्रिया पर जोर दिया जाए।

### संयुक्त उम्मीदवार खड़ा...

का मानना है कि वे चुनाव में अपने दमदार प्रदर्शन के जरिये सत्ताधारी दल को कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

**भाजपा के बाद नाम आएगा सामने :** कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि पार्टियों के बीच आम सहमति है कि इंडिया गठबंधन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करेगा। विपक्षी खेमे के एक वर्ग का मानना है कि भाजपा के उम्मीदवार की घोषणा के बाद ही इंडिया गठबंधन को अपना उम्मीदवार तय करना चाहिए।

**9 सितंबर को होगा चुनाव :** उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर को होना है। चुनाव को लेकर सत्ताधारी एनडीए गठबंधन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सत्तारूढ़ गठबंधन का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी उम्मीदवार के नाम पर सहमति बनाने पर चर्चा शुरू कर दी है। संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श के लिए इंडिया ब्लॉक के साझेदारों के बीच बातचीत चल रही है। जबकि खरगे आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क कर रहे हैं।

### रॉबर्ट वाड्रा पर....

यह वित्तीय प्रवाह ट्रैक किया गया। ईडी ने यह भी बताया कि जिन कंपनियों के जरिए धन आया, उनका संचालन वाड्रा के नजदीकी सहयोगियों के हाथों में था। एजेंसी का कहना है कि इन चैनलों का उपयोग रकम को कानूनी स्वरूप देने के लिए किया गया। ईडी ने चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी है, और अब इस पर सुनवाई होगी। अगर अदालत आरोप तय करती है, तो वाड्रा को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत सजा का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल, वाड्रा ने इन आरोपों पर सार्वजनिक रूप से कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### शिक्षा-इलाज आम...

शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए आदमी अपना घर बेच देगा, लेकिन वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहेगा। इसी तरह, स्वास्थ्य के लिए भी व्यक्ति अपनी पूरी जमा पूंजी लगाने को तैयार होता है ताकि उसका इलाज अच्छी जगह हो सके। उन्होंने कहा कि समाज में सबसे ज्यादा जरूरत शिक्षा और स्वास्थ्य की है, लेकिन दुर्भाग्यवश आज यह दोनों ही सुविधाएं न तो सस्ती हैं और न ही सहज-सुलभ।

संघ प्रमुख ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि स्कूल और अस्पताल नहीं बढ़ रहे हैं, बल्कि इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन विचार करने पर पता चलता है कि आम आदमी की पहुंच से ये इसलिए दूर हो जाते हैं क्योंकि पहले शिक्षा और स्वास्थ्य को सेवा का कार्य माना जाता था, अब इसे कारोबार का रूप दे दिया गया है। उन्होंने चिंता जताई कि जब शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवसाय बन जाते हैं, तो वे आम लोगों की आर्थिक क्षमता से बाहर हो जाते हैं।

### 26 अगस्त को नौसेना के...

आधुनिकीकरण और विभिन्न शिपयार्डों से अत्याधुनिक युद्धपोतों की आपूर्ति करने का प्रत्यक्ष प्रमाण है। दोनों अगली पीढ़ी के जहाज : प्रोजेक्ट 17ए के तहत स्टील्थ फ्रिगेट्स का दूसरा जहाज 'उदयगिरि' मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने निर्मित किया है, जबकि 'हिमगिरि' कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में निर्मित इसी प्रोजेक्ट का पहला जहाज है। भारतीय नौसेना के लिए एक और बड़ी उपलब्धि यह है कि उदयगिरि नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो में डिजाइन किया गया 100वां जहाज है। डिजाइन के लिहाज से देखा जाए तो उदयगिरि और हिमगिरि अगली पीढ़ी के जहाज हैं। लगभग 6,700 टन विस्थापन वाले प्रोजेक्ट 17ए के यह फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती शिवालिक-श्रेणी के फ्रिगेट से लगभग पांच प्रतिशत बड़े हैं। फिर भी इनका आकार अधिक सुडौल है और इनका रडार क्रॉस सेक्शन कम है।

## राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी बोले-

# चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता प्रमाणित करे, राहुल गांधी के सवालों का जवाब दे

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



चुनाव आयोग पर राहुल गांधी के आरोपों का मामला तूल पकड़ जा रहा है। कांग्रेस इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक लंबी लड़ाई की तैयारी में है। रविवार को राज्यसभा सांसद व विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सिविल लाइन्स एलगिन रोड स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता की। प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सोमवार 11 अगस्त को पूरा विपक्ष संसद भवन से निर्वाचन आयोग तक मार्च करेगा।

इसमें सभी सांसद शामिल होंगे, ये हमारा हक अधिकार है। भाजपा इसे रोकने की कोशिश न करे। प्रमोद तिवारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के पास जाकर हम कहेंगे ये पेपर, सबूत, तथ्य हैं, ये आप ही के हैं। अब हमें डाक्यूमेंट दें, डेटा उपलब्ध कराएं। अब आप हमें राहुल गांधी की बातों का जवाब दें। प्रमोद तिवारी ने कहा कि इलेक्शन कमीशन के पास एक शानदान मौका होगा कि संपूर्ण विपक्ष के नेता उनके दरवाजे पर होंगे।

इलेक्शन कमीशन को चाहिए कि वह पूरा डेटा दे, स्पष्टीकरण दे। उन्होंने कहा कि ये जो कुहासा, अंधेरा, जो चोरी पकड़ी गई है उसका स्पष्टीकरण देना होगा। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन चाहे तो हर दल से दो या तीन सांसद को बुला ले और सबकुछ साफ कर दे। वहीं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने ऑपरेशन सिंदूर में हुए सीज फायर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावे पर प्रधामंत्री से हिम्मत दिखाकर सच बोलने की मांग की।

## एपनिया टेस्ट किए जाने की संभावना

# झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत नाजुक, लाइफ सपोर्ट पर



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत में सुधार नहीं है। उनकी स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। उनको लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है। यह जानकारी रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के एक नेता ने दी। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की एक टीम की ओर से मंत्री रामदास सोरेन का एपनिया टेस्ट किए जाने की संभावना है।

एपनिया जांच ब्रेन डेथ (बीडी) का निर्धारण करने के लिए एक अनिवार्य परीक्षण है। इस जांच से पता चलता है कि मस्तिष्क तंत्र काम कर रहा है या नहीं। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने कहा कि रामदास सोरेन की हालत अब भी नाजुक है। उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है।

डॉक्टरों की एक टीम की ओर से रामदास सोरेन का एपनिया टेस्ट किए जाने की संभावना है। वरिष्ठ विशेषज्ञों की एक मल्टी डिस्पिनरी टीम उनकी स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। यह टीम रामदास सोरेन को गहन चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रही है।

# अतरौली में फैला डायरिया, कई मोहल्लों में 100 बीमार, 10 मरीजों को अलीगढ़ किया रेफर

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

अतरौली के मोहल्ला नगाईचपाड़ा में 9 अगस्त शाम से लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत महसूस हुई। कुछ लोगों ने निजी चिकित्सकों से दवा ली लेकिन मरीजों की संख्या बढ़ती गई। रात 10 बजे तक करीब 40 मरीज 100 शैय्या अस्पताल में पहुंच गए। उन्हें भर्ती किया गया। कई मरीजों को अलीगढ़ रेफर किया गया। 10 अगस्त सुबह भी अलग अलग मोहल्लों के लोग अस्पताल पहुंचे। करीब 10 महिला पुरुष और बच्चों को भर्ती किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ सुल्तान अहमद ने बताया कि पानी या कुछ खाने की चीज से लोग बीमार हुए हैं। फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर है। मरीजों को बेहतर इलाज दिया जा रहा है।



### दूषित पानी से डायरिया फैलने की आशंका

नगर पालिका द्वारा नगाईचपाड़ा पानी की टंकी से इन मोहल्लों में वाटर सप्लाई है। रिजवान, आकाश, रिसाल आदि मरीजों ने बताया कि दूषित पानी के कारण डायरिया फैला है। जिन मोहल्लों में पानी की सप्लाई है उन्हीं में मरीज बीमार हुए है। नगर पालिका के सहायक अभियंता जलकल अजीत यादव ने बताया कि इस तरह की शिकायत नहीं मिली है। फिर भी पानी की जांच आदि कराई जाएगी।

### अस्पताल में नहीं था पर्याप्त स्टाफ

रक्षा बंधन के त्यौहार को देखते हुए अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टर और स्टाफ को रुकने के आदेश थे। लेकिन अस्पताल में शनिवार से रविवार तक महज एक एक डॉक्टर ही तैनात रहे। तीमारदार विजय कुमार ने बताया कि शनिवार रात 11 बजे के बाद अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं था जबकि वार्ड में भरी मरीज कराह रहे थे और नए मरीज दवा लेने लगातार आ रहे थे। मरीजों को देखने के लिए कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था।



# अबीर गुलाल दुनिया भर में 29 अगस्त को होगी रिलीज

**मुंबई।** वाणी कपूर और पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यह फिल्म काफी पहले भारत में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हमले की वजह से इसकी रिलीज टल गई थी। यह फिल्म 9 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। यह फिल्म अब 29 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होगी। हाल ही में दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' को पूरी दुनिया में रिलीज किया गया है। हालांकि, यह फिल्म भारत में नहीं रिलीज हुई है। 'अबीर गुलाल' के मेकर्स भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रहे हैं।

## लाइफ Style



# श्रुति
## जिंदगी की करना चाहती हैं नई शुरुआत

इन दिनों श्रुति हासन साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर चर्चा हैं। इसी फिल्म की चर्चा के बीच श्रुति ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जिंदगी की नई शुरुआत करने की बात की है। इस पर यूजर्स ने एक्ट्रेस को कई तरह की सलाह दे डाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन, फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो। इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।' '

## हॉलीवुड मसाला



# टॉम-जेंडाया ने बिताया क्वालिटी टाइम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम हॉलैंड और अभिनेत्री जेंडाया इन दिनों सिर्फ फिल्मों में नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी में भी सुर्खियों में हैं। जहां एक ओर दोनों मार्वल की अगली फिल्म स्पाइडरमैन: ब्रैंड न्यू डे की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं दूसरी ओर वो लंदन में सुकून के पल बिताते भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने साथ में वक्त बिताया और इंडियन मील को एन्जॉय करते हुए नजर आए। लंदन के गेराड्र्स क्रॉस इलाके में हाल ही में दोनों को एक पार्क में देखा गया। टॉम उस दौरान अपनी फिल्म 'स्पाइडरमैन: ब्रैंड न्यू डे' का एक अहम सीन शूट कर रहे थे।



# छोटे कद का 30 साल का आदमी था स्टंट डबल

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता मैकाले कल्किन ने लंबे समय से चली आ रही उस अफवाह के बारे में बताया कि 'होम अलोन' में उनका स्टंट मैन बहुत छोटा था। 30 साल के लैरी निकोलस ने उनके स्टंट करते हुए बॉडी डबल का रोल किया था। मैकाले कल्किन ने कहा 'उसका नाम लैरी था और मैंने उसे पहली बार कपड़ों के अपार्टमेंट में देखा था। मैंने कपड़े बदले और बाहर निकला, तो वहां एक लड़का था लैरी, जिसने बिल्कुल मेरी तरह कपड़े पहने थे। मैंने उनसे कहा ओह लैरी कैसे हो? इस पर उसने जवाब दिया मैं अच्छा हूं। मैं लैरी हूं स्टंटमैन। उसने मेरी तरफ देखा और कहा तुम्हें क्या लगता है मेरी उम्र कितनी है? मैंने कहा- यह तो बहुत ही अजीब सवाल है। मैं नौ साल का था। तो मैंने सोचा वह 13 के होंगे'। मैं जब कहा कि क्या आपकी उम्र 13 है तो वह हंस पड़े।' एक बार शेल्फ के टूट जाने से लैरी गिर गए थे।



# मदरहुड जर्नी को एंज्वॉय कर रही हैं कियारा

**मुंबई।** कियारा आडवाणी का घर और जिंदगी इस वक्त खुशियों से भरी हुई है। 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बेटी के माता-पिता बने। बेटी के जन्म पर कियारा और सिद्धार्थ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी, जिसमें लिखा था, 'हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी हुई।' हाल ही में कियारा ने अपनी मदरहुड जर्नी को लेकर भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। कियारा आडवाणी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मैं तुम्हारे डायपर बदलती हूं, तुम मेरी दुनिया बदलो। यह एक फेयर ट्रेड है।' इस पोस्ट के जरिए कियारा अपनी मदरहुड जर्नी को फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। इस मदरहुड जर्नी में पति सिद्धार्थ मल्होत्रा भी कियारा का साथ दे रहे हैं। कियारा आडवाणी इन दिनों ब्रेक पर हैं, वह बेटी की परवरिश में समय दे रही हैं।



# तलाक की अफवाहों के बीच चिल मूड में दिखे

**मुंबई।** हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन और दोनों की बेटी आराध्या बच्चन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। उनकी एक झलक पाने के लिए वहां फैंस की भीड़ लग गई। बच्चन परिवार के तीनों सदस्य जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकले तो पैपराजी ने उनकी तस्वीरें और वीडियो ली। सभी ने यात्रा करने वाले बेहतरीन ड्रेस पहने थे। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने सामान खुद लेकर जा रहे थे। बाहर निकलने के बाद उनके सामान को उनके सुरक्षा गार्ड ने लिए। अभिषेक बच्चन ने एयरपोर्ट के स्टाफ से हाथ मिलाया और उनसे गर्मजोशी से मुलाकात की। ऐश्वर्या ने अपना बैग खुद संभाला। एयरपोर्ट पर आराध्या बच्चन का अंदाज देखने वाला था। उन्होंने पैपराजी को पोज दिए और उनका अभिवादन भी किया।

## टीवी मसाला

# कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान हिना को किसी ने नहीं दिया काम

**नई दिल्ली।** हिना खान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। साथ ही फिल्मों में भी लीड रोल कर चुकी हैं। पिछले साल उन्हें ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। इसी



बीमार से वह डटकर लड़ी और इलाज के बाद ठीक हो गईं। कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान भी हिना खान एक्टिव रहीं, लेकिन किसी सीरियल या फिल्म में नजर नहीं आईं। जबकि वह तो काम करना चाहती थी। अब हिना खान ने बताया कि किसी ने उन्हें पिछले एक साल में कोई काम ऑफर नहीं किया है। हिना खान कहती हैं, 'बीमारी का पता लगने, इलाज हो जाने के बाद 'पति पत्नी और पंगा' मेरा पहला प्रोजेक्ट है। मैं काम करना चाहती हूं। किसी ने मुझसे सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो। लेकिन, मुझे लगता है कि शायद लोग काम देने से हिचकिचा रहे हैं। हो सकता है शो बनाने वाले ऐसा करें, मैं उनकी स्थिति भी समझती हूं। अगर मैं उनकी जगह होती, तो हजार बार सोचती।'हिना खान आगे कहती हैं, 'लेकिन मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी थी? पिछले एक साल से मुझे किसी ने नहीं बुलाया। मैं हर चीज के लिए तैयार हूं, मुझे कॉल करें।' हाल ही में हिना खान अपने पति रॉकी जायसवाल के साथ शो 'पति पत्नी और पंगा' का हिस्सा बनी हैं। हिना और रॉकी के अलावा 'पति पत्नी और पंगा'में कई टीवी सेलिब्रिटी कपल भी शामिल हुए हैं।

## लाफ्टर शेफ के बाद पाकिस्तान ने भी बनाया कॉमेडी किचन शो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान लगभग हर चीज में भारत की कॉपी करने का पूरा ट्राई करता है। चाहे इंडियन प्रीमियर लीग की कॉपी पाकिस्तान प्रीमियर



लीग हो या फिर टीवी शो ही क्यों ना हो. हाल ही में भारत के फेमस शो लाफ्टर शेफ के थीम को कॉपी करते हुए पाकिस्तान ने अपना कॉमेडी किचन शो बना लिया है। इसका प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स भी कमेंट कर रहे हैं कि कहीं तो कॉपी करना छोड़ दो पाकिस्तान वालों। प्रोमो वीडियो को देखकर आप भी कहेंगे कि ये लाफ्टर शेफ की कॉपी की गई है। इसमें पाकिस्तानी सेलिब्रिटी यास्म गिल, अमर खान, मरियम खान, आरजू, मुस्तफा चौधरी और शेफ सादात नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में बताया गया है कि कश्मीर कॉमेडी किचन शो जल्द ही ग्रीन एंटरटेनमेंट पर टेलीकास्ट किया जाएगा। कलर्स का फेमस शो लाफ्टर शेफ के अब तक दो सीजन आ चुके हैं जिसमें पहले सीजन में अली गोनी और दूसरे सीजन में करण कुंद्रा विनर रहें।

# रिश्ते में संवेदनाएं एक जैसी होनी चाहिए : फातिमा

**मुंबई।** फातिमा सना शेख अपनी दो फिल्मों आप जैसा कोई और मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में रही हैं। फिल्म आप जैसा कोई में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति के साथ प्यार में पड़ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि किसी भी रिश्ते में उम्र कोई दिक्कत नहीं है। उम्र के मामले पर बोलते हुए फातिमा सना शेख ने कहा 'अगर रिश्ते में दोनों की भावनाएं मेल खाती हैं तो इससे फर्क नहीं पड़ता है कि कोई लड़का मुझसे 10 साल बड़ा है। भावनाओं का स्तर एक जैसा होना चाहिए। उम्र में फर्क वाली चीज तो सदियों से होती आ रही है।' फातिमा सना शेख ने 'रहना है तेरे दिल में' के अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया 'मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। मैं लोगों से बताती हूं कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें मैं उनके साथ रोमांस कर रही हूं। हालांकि फिल्म में बहुत सही तरीके से रोमांस कर रही थी क्योंकि यह अच्छी तरह लिखा गया था। हमारी केमिस्ट्री एकदम प्राकृतिक थी।' फातिमा सना शेख ने आर माधवन के बारे में आगे कहा 'वह एक काबिल अभिनेता हैं। वह अपने आप में एक निर्देशक भी हैं। जब भी मैंने फिल्म में कुछ न करने का कारण दिया, तो उन्होंने मेरा उत्साह बढ़ाया।' फिल्म में दोनों के अभिनय की सराहना की गई है।



# महावतार नरसिम्हा बनी 2025 की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर अश्विन कुमार की फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' हर दिन एक नया इतिहास रच रही है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कमाई कर रही है। इस फिल्म ने कई बड़ी फिल्मों को कमाई के मामले में धूल चटा दी है। 'महावतार नरसिम्हा' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म का हिंदी वर्जन जमकर कलेक्शन कर रहा है। दर्शक फिल्म को काफी पसंद कर रहे हैं। ये फिल्म अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमा चुकी है। 'महावतार नरसिम्हा' का बजट 15 करोड़ हुए हैं। ये एक एनिमेटेड फिल्म है, जो दर्शकों का दिल जीत रही है। इस फिल्म ने कई बिग बजट और बिग स्टार्स की फिल्में जैसे सैयारा और सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से ज्यादा कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने 16वें दिन 19.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 145.15 करोड़ रुपए हो गया है।




महावतार नरसिम्हा' का कलेक्शन- डे 1- 1.75 करोड़ रुपए, डे 2- 4.6 करोड़ रुपए, डे 3- 9.5 करोड़ रुपए, डे 4- 6 करोड़ रुपए, डे 5- 7.7 करोड़ रुपए, डे 6- 7.7 करोड़ रुपए, डे 7- 7.5 करोड़ रुपए, डे 8- 7.7 करोड़ रुपए, डे 9- 15.4 करोड़ रुपए, डे 10- 23.1 करोड़ रुपए, डे 11- 7.35 करोड़ रुपए, डे 12- 8.5 करोड़ रुपए, डे 13- 6 करोड़ रुपए, डे 14- 5.35 करोड़ रुपए, डे 15- 7.5 करोड़ रुपए, डे 16- 19.50 करोड़ रुपए। टोटल कलेक्शन- 145.15 करोड़ रुपए। 'महावतार नरसिम्हा' 2025 में बॉलीवुड की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। फिलहाल, ये फिल्म विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 601.57 करोड़ रुपए, अहान पांडे-अनीत पड्डा अभिनीत 'सैयारा' 315.84 करोड़ रुपए, अक्षय कुमार की 'हाउसफुल 5' 183.38 करोड़ रुपए, अजय देवगन स्टारर 'रेड 2' 173.44 करोड़ रुपए और आमिर खान स्टारर 'सितारे ज़मीन पर' 167.4 करोड़ रुपए से पीछे है।

## अनिल विश्वास ने न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा

# जब नशे में धुत थे मुकेश, कॉलर से घसीटकर स्टूडियो ले गया था डायरेक्टर

*नई दिल्ली। मुकेश माथुर बॉलीवुड के सबसे नामचीन म्यूजिक डायरेक्टर में से एक थे। नील नितिन मुकेश के दादा मुकेश ने हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री को अतुलनीय योगदान दिया है। मुकेश माथुर को म्यूजिक इंडस्ट्री में लाने का श्रेय उनके दूर के रिश्तेदार को जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी बदलने का श्रेय म्यूजिक कंपोजर अनिल विश्वास को जाता है। अनिल विश्वास ही थे जिन्होंने मुकेश को न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि एक जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा और निखारा। ये किस्सा 1940 का है जब मोतिलाल मुकेश को फिल्म 'आसरा'के गाने की रिकॉर्डिंग के लिए नेशनल स्टूडियो ले कर गए थे। नए-नए मुकेश में प्रतिभा की तो कोई कमी नहीं थी, लेकिन उनके नए-नए हुनर को दिशा की जरूरत थी। मुकेश को एक ऐसे गुरू की जरूरत थी जो न सिर्फ उन्हें दिशा दे सके, बल्कि उनके हुनर को भी तराश सके।*



### पहली बार उम्मीद पर खरा नहीं उतरे

अब जब मुकेश अनिल विश्वास के पास पहुंचे तो वो उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए। बार-बार कोशिश के बाद अनिल ने वा गाना खुद ही गा लिया, ऐसे में निराश होकर मुकेश ने कह दिया कि अगर दिग्गज म्यूजिक कंपोजर खुद ही गाते रहेंगे, तो उनके जैसे नए टैलेंट को मौका कैसे मिलेगा और उनकी ये बात अनिल विश्वास के दिल में घर कर गई। अनिल ने ठान लिया कि अपनी दूसरी फिल्म में वो सिंगर को मौका जरूर देंगे।

### रिकॉर्डिंग के दिन गायब हो गए थे

पहले मौके के 5 साल बाद जब अनिल एक बार फिर फिल्म बना रहे थे, तो उन्होंने फिल्म 'पहली नजर'के लिए मुकेश को अप्रोच किया। डेट तय थी, स्टूडियो बुक था और गाने की रिकॉर्डिंग के दिन सिंगर मौके पर पहुंचे ही नहीं। वो एक बार में बैठकर शराब पी रहे थे। वो पूरी तरह से शराब के नशे में धुत थे, लेकिन अनिल विश्वास को जैसे ही ये बात पता चली वो खुद ही बार पहुंच गए।

### कंपोजर ने मुकेश को रसीद दिया था थप्पड़

म्यूजिक डायरेक्टर बार में सबके बीच से मुकेश को कॉलर से घसीटते हुए बाहर लेकर आए और उन्होंने सिंगर को एक झन्नाटेदार थप्पड़ रसीद दिया। उसके बाद उन्होंने मुकेश का सिर धुलाकर उन्हें स्ट्रॉन्ग काली कॉफी पिलाकर उनसे गाना रिकॉर्ड कराया और ये गाना ऐतिहासिक बन गया। मुकेश की आवाज में ये गीत हिंदी सिनेमा के बेहतरीन गानों में से एक है। अनिल के झापड़ से मुकेश की आंखें खुल गईं और उन्हें एहसास हुआ कि अगर उन्हें कुछ करना है, तो उन्हें खुद को शराब आदि से दूर रखना पड़ेगा।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किया शिलान्यास,अब स्योंसर में उठाएं जंगल सफारी वाटिका का लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हरियाणा सरकार ने इस दिशा में कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं और विभिन्न पहलों व अभियानों के तहत प्रदेश में 2 करोड़ 10 लाख पौधे लगाए जाएंगे, जिसे सामूहिक प्रयासों से पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र के स्योंसर में आयोजित 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने सरस्वती आर्द्रभूमि जलाशय, सरस्वती पादप एवं जैव विविधता संरक्षण वाटिका और सरस्वती जंगल सफारी का शिलान्यास किया। इसके अलावा, उन्होंने 'त्रिफला' पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने वन विभाग द्वारा तैयार हरियाणा वाइल्ड लाइफ मैप व कुरुक्षेत्र वाइल्ड लाइफ मैप तथा 5 पुस्तकों का विमोचन किया।


**कुरुक्षेत्र।** स्योंसर में जंगल सफारी का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।


**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री व सांसद नवीन जिंदल को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

### एजेंडा चला रहा विपक्ष

सीएम सैनी ने कहा कि विपक्ष पहले ईवीएम को दोषी ठहराता था, लेकिन आज वोट चोरी का नया एजेंडा चला रखा है। विपक्ष हमेशा सरकार के कामों की आलोचना करता है। विपक्ष की भूमिका आज चिंताजनक है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस पार्टी का 55 वर्षों तक देश में शासन रहा और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा न उतरने के कारण लोगों ने उनको बाहर का रास्ता दिखाया, वे पहले तो ईवीएम को दोषी ठहराते थे, लेकिन आज उन्होंने एक नया एजेंडा चला रखा है वोट चोरी होने का। कोई उन्हें बताए कि वोट चोरी नहीं हुए हैं, बल्कि उनके काले कारनामों के कारण लोगों ने उन्हें नकार दिया है।

## जल्द ही रेल की सौगात भी मिलेगी, आगर-मालवा जिले को मिले दो आईएसओ प्रमाण-पत्र

# भाई-बहन का स्नेहिल बंधन शाश्वत है और रहेगा, भाईदूज से लाड़ली बहनों को हर माह दिए जाएंगे 1500 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी बहनें हमारा मान हैं, सम्मान हैं, अभिमान हैं। बहनों के बिना यह संसार सूना है। उन्होंने कहा कि जीवन तो नश्वर है, पर भाई-बहन का ये स्नेहिल रिश्ता शाश्वत है और आगे भी रहेगा। जब तक संसार है, यह अनमोल और अटूट रिश्ता भी अजर-अमर ही रहेगा। उन्होंने कहा कि हमने बहनों को उनका हर वाजिब हक दिलाया है। बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को आगर मालवा जिले के बाबा बैजनाथ महादेव धाम में श्रावण पर्व के अवसर पर आयोजित भव्य रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सबकी राखी स्वीकार की और कहा कि आप सबके आशीर्वाद से ही मुझे प्रदेश के विकास के लिए प्राण-प्रण से जुटे रहने की असीम ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बहनों और दिव्यांगजनों के प्रति गहरा स्नेह, सम्मान और इनके प्रति अपनी संवेदनशीलता व्यक्त की। उन्होंने दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को शैक्षणिक मदद, पेंशन राशि या शासकीय सेवा में आरक्षण देने की बात हो, हमारी सरकार ने इनके समग्र कल्याण के लिए सभी पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए हैं।

डॉ. यादव ने सभी बहनों से राखी बंधवाई, उन्हें मिठाई खिलाई, उपहार दिए, सावन के झूले में झूलाया। उन्होंने प्रदेशवासियों को श्रावण एवं रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या नारी शक्ति कल्याण मिशन चलाया जा रहा है। इस मिशन से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। सीएम ने कहा कि हमारे दिव्यांगजन परमात्मा के दिव्य अंश हैं। इन्हें परमेश्वर ने विशेष शक्तियों से नवाजा है। इन्हें सिर्फ प्रोत्साहन की जरुरत है और हमारी सरकार हर कदम पर इनके साथ खड़ी है।

**मुख्यमंत्री ने आगर-मालवा में बहनों से बंधवाई राखी और दिए उपहार**

### बहनों से राखी बंधवाई, उन्हें मिठाई खिलाकर उपहार दिए




### बहनें चिंता न करें...आने वाला समय महिलाओं का है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनें चिंता न करें, आने वाला समय महिलाओं का ही है। राज्य की विधानसभा हो या देश की लोकसभा सबमें महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ने वाला है। उन्होंने कहा कि भारतीय तीज-त्यौहारों में एक संदेश छूपा होता है, जो समझने की जरूरत है। हम कुटुंब परम्परा के संवाहक है। भाई-बहन इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हैं। बहनों के आशीष से हर घर में बरकत है। हमारे आनंद के मूल में बहनें ही हैं। बहनें दो घरों को रोशन करती हैं। वे दो कुलों को जोड़ती हैं, उन्हें पालती-पोसती हैं।



### विरोधियों की बातों में कभी न आएं...

मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी लोगों की बातों में कभी न आएं। प्रदेश की कोई भी जनकल्याणकारी योजना बंद नहीं होगी। अभी बहनों को हर महीने 1250 रुपए मिल रहे हैं। इसी रक्षाबंधन को 250 रुपए शगुन के रूप में दिए हैं। वहीं, दीपावली की भाईदूज से लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह राशि बढ़ाते हुए वर्ष 2028 तक हमारी सरकार बहनों को 3000 रुपए महीने देगी। उन्होंने कहा कि बहनों के लिए सब कुर्बान है, बहनों के लिए हम कोई कमी नहीं रखेंगे।

### सीएम ने दी विश्व संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विश्व संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभाषा संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है, इसमें लोकहित, संपूर्ण जगत के मंगल व कल्याण के पवित्र भाव निहित है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा की शाश्वत विरासत को समर्पित यह अवसर हम सबको प्रेरणा देता है कि इसके संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों में हम सभी सहभागी बनें।

## राजभवन में राज्यपाल पटेल को राखी बांधकर मनाया गया रक्षाबंधन पर्व





**भोपाल।** राजभवन में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल को भोपाल के एसओएस बालग्राम, नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की बालिकाओं और प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने राखी बांधी। राज्यपाल श्री पटेल ने इस अवसर पर बच्चों को मिठाई और संस्थाओं को उपहार स्वरूप सम्मान राशि भेंट की। कार्यक्रम में एसओएस बालग्राम अधीक्षक अर्पणा गुप्ता एवं निशांत राज, एमएस खान, अदिता असनानी व प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भोपाल की प्रतिनिधि बीके रीना और अन्य सदस्य मौजूद थे।

### 1610 उम्मीदवारों ने ही किया ज्वाइन, खाली रह गए अधिकांश पद

# पुलिस भर्ती में चयनित 1000 से अधिक चयनित ने एसएएफ की बटालियनों में नहीं दी आमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश पुलिस की स्पेशल आर्म्ड फोर्स (एसएएफ) में नौकरी करने के लिए युवाओं की रुचि नहीं है। स्थिति यह है कि भर्ती के बाद भी इस बार एक हजार पद खाली रह गए। दरअसल हाल ही में हुई पुलिस चयन भर्ती परीक्षा के जरिए कुल 6423 उम्मीदवारों का चयन हुआ था। इनमें 5090 पुरुष और 1333 महिलाएं थीं। इनमें से लगभग 2600 पद एसएएफ के लिए थे और शेष जिला पुलिस बल और जीआरपी के लिए थे।

भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों में केवल 1610 उम्मीदवारों ने ही एसएएफ के आरक्षक पद पर अपनी ज्वाइनिंग दी। शेष 1000 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों ने ट्रेनिंग के लिए एसएएफ की बटालियनों में आमद नहीं दी। देखा जाए तो प्रदेश पुलिस के लिए कुल 1 लाख 26 हजार पद स्वीकृत हैं, जिनमें एसएएफ के 23000 पद शामिल हैं।

विभाग के ही अफसरों की मानें तो एएसएफ में ज्वाइनिंग से कतराने का एक बड़ा कारण यह भी है कि जिला पुलिस बल और विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के बीच मिलने वाली सुविधाओं को लेकर काफी अंतर है। जिला पुलिस बल के कर्मचारियों को अपने परिवार के साथ पुलिस स्टेशन क्षेत्र में रहने की सुविधा मिलती है। डे और नाइट शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाती है। अपनी शिफ्ट पूरी करने के बाद पुलिसकर्मी घर जा सकते हैं।

वहीं एसएएफ का काम जिला बल से तुलनात्मक ज्यादा कठिन होता है। उन्हें बटालियन की लाइन में रहना पड़ता है। इसके अलावा, वीआईपी मूवमेंट, प्राकृतिक आपदाओं, चुनाव ड्यूटी और राज्य के साथ-साथ अन्य प्रदेशों तक में भी उन्हें तैनात किया जा सकता है। कई बार मंत्री और अफसरों के बंगले पर अर्दली के तौर पर भी इनकी ड्यूटी रहती है।

एसएएफ कर्मियों को बिना अनुमति के बटालियन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती, जबकि जिला पुलिस के कर्मचारी अपनी ड्यूटी के बाद कहीं भी घूम सकते हैं। नाम न बताने की शर्त पर एसएएफ के एक जवान ने कहा कि जिला पुलिस बल की तरह हम लोग भी फील्ड में काम करते हैं, लेकिन हम लोगों को कभी थानों में पदस्थ नहीं किया जाता। अभी तक ऐसी नीति नहीं बनी जिससे थानों में एएसएफ कर्मियों का स्थानांतरण किया जा सके। यही कारण है कि एसएएफ के बजाय लोग पुलिस बल में जाना पसंद करते हैं।

### अलग-अलग कारणों से नहीं किया ज्वाइन

स्पेशल आर्म्ड फोर्स के महानिरीक्षक इरशाद वली के अनुसार लगभग 1000 उम्मीदवारों ने अलग-अलग कारण बताते हुए ज्वाइन नहीं किया है। उनके अनुसार इनमें से कुछ उम्मीदवारों का चयन राज्य या देश की अन्य सेवाओं में हो गया है, जबकि कुछ का चयन अन्य पदों पर हुआ है। इनमें से अधिकांश ने एसएएफ की नौकरी करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब बची हुई रिक्तियों को भरने के लिए प्रतीक्षा सूची के खुलने का इंतजार है। इस संबंध में जल्द मुख्यालय की चयन एवं भर्ती शाखा निर्णय लेगी।

### एक बाइक पर जा रहे थे चारों, गाय से टकराने के बाद पेड़ से टकराई

# भाई-बहन सहित तीन लोगों की मौत, एक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला, जिसमें तेज रफ्तार बाइक हादसे का शिकार हो गई। बाइक सड़क पर बैठी गाय से टकराने के बाद जाकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में भाई-बहन सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। सभी लोग एमसीबी जिले के रहने वाले हैं। गौरेला पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। जीपीएम जिले में देर रात एक दुखद सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें एमसीबी जिले पोड़ीडीह गांव के रहने वाले समीर आयाम अपने दो रिश्तेदार सनी आयाम और सुरेश पोर्ते के साथ बाइक से अपनी बहन दुर्गावती आयाम को लेने पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। दुर्गावती मध्यप्रदेश के अनुपपुर में रहकर पढ़ाई और पार्ट टाइम जॉब भी करती थी और राखी में छुट्टी नहीं मिलने के कारण शाम को ट्रेन से वापस पेंड्रा रोड पहुंची थी।

### *रास्ता भटककर आगे निकल गए थे चारों*

*भाई समीर आयाम अपने दो रिश्तेदारों के साथ रेलवे स्टेशन से बहन दुर्गा को लेकर अपने गांव पोड़ीडीह जाने को निकले थे। पर रास्ता भटक जाने के कारण ये लोग गौरेला से वेंकटनगर रोड में आगे निकल गए। जहां पर बांधामुड़ा गांव के पास सड़क पर बैठी एक गाय से टकरा जाने के बाद अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में भाई समीर और बहन दुर्गावती की मौके पर मौत हो गई, जिसके बाद खून से लथपथ सभी को आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल भेजा। जहां पर इलाज के दौरान सनी आयाम की भी मौत हो गई। सुरेश पोर्ते को भी गंभीर चोट आई थी। जिसे डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बाइक पर चार लोग बैठे हुए थे। डॉक्टर के अनुसार सभी को सिर पर गंभीर चोट आई।*

### कोरबा के कटघोरा वन मंडल का मामला

# विचरण करता दिखाई दिया करीब चार दर्जन हाथियों का दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के कटघोरा वन मंडल में 46 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जिसमें ऐतमा नगर के क्षेत्र भी शामिल हैं। बीती रात हाथियों के दल ने बाझीबन में करीब 30 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है और ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने के लिए सतर्क किया जा रहा है। बाझीबन में हाथियों ने करीब 30 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया। वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है और ग्रामीणों को सतर्क कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो अचानक देर रात हाथियों का झुंड आ धमका। एक साथ इतने हाथियों को देख वे डर गए। जिसके कारण वे रातभर सो नहीं पाए। वन विभाग टीम लगातार हाथियों पर नजर रखी रही और हाथी मित्र दल ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तड़के सुबह जून को जंगल की ओर रेस्क्यू कर खदेड़ा तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। 40 हाथियों के झुंड में दंतैल हाथी और बेबी एलिफेंट भी नजर आए। डीएफओ कुमार निशांत के अनुसार, बर्बाद फसलों का आंकलन किया जा रहा है ताकि मुआवजा दिया जा सके। कोरबा जिले में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे करीब 150 गांव प्रभावित हैं। किसान खेत जाने से डर रहे हैं क्योंकि हाथियों का दल अक्सर गांव में घुस जाता है और फसलों को नुकसान पहुंचाता है।

### मानिकपुर चौकी क्षेत्र में रेलवे स्टेशन रोड की घटना

# सड़क किनारे दिखी लाश, मचा हड़कंप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन मानिकपुर कदमहाखार मुख्य मार्ग पर रविवार की सुबह सड़क किनारे एक युवक की लाश देखे जाने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते राहगीरों के भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना मानिकपुर चौकी पुलिस को दी गई। जहां पुलिस मौके पर पहुंची, युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे युवक का शव पड़ा हुआ था। मौके से उसकी शर्ट और पेंट में किसी तरह का कोई दस्तावेज और ना ही कोई मोबाइल मिला है। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। वहीं, आसपास लोगों का बयान दर्ज किया गया है और मृतक की पहचान की जा रही है।

### पाली में सुबह से ही पारंपरिक वेशभूषा और झंडों के साथ दिखाई एकजुटता

# आदिवासी दिवस पर एकजुट दिखा समाज, पारंपरिक नृत्यों से निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर शनिवार को कोरबा जिले के पाली में आदिवासी समाज ने अपनी एकजुटता और ताकत का ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही पारंपरिक वेशभूषा और झंडों के साथ समाजजन पहुंचने लगे। देखते ही देखते पाली का मैदान हजारों आदिवासी भाइयों-बहनों से भर गया। अनुमान है कि 10 हजार से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम ने शिरकत की। इस अवसर पर आदिवासी समाज के विभिन्न संगठन, युवा मंडल, महिला मंडल और सांस्कृतिक दल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत एक विशाल रैली का आयोजन हुआ, जिसमें आदिवासी समाजजन ढोल-मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य करते हुए आगे बढ़े।



### *शराब भट्टी को बंद करने की मांग उठाई, की जमकर नारेबाजी*

*हजारों की संख्या में सड़क पर रैली निकाली गई जहां रैली पाली थाना के बाहर पहुंची। इस दौरान सभी लोगों ने शराब भट्टी को बंद करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सड़क की दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम की स्थिति निर्मित हो गई। वहीं, इस दौरान पाली पुलिस भी मौजूद रही और लोगों को समझने का प्रयास किया। क्षेत्रीय विधायक और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस हर साल 9 अगस्त को दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने की थी, ताकि मूलवासी और आदिवासी समुदायों के अधिकारों, संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह दिवस आदिवासी समाज के लिए अपनी परंपराओं, इतिहास और अधिकारों को याद करने और आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करने का अवसर होता है।*

## चिंतन

# बदले माहौल में आर्थिक सुधार में तेजी लाए भारत

भारत को आर्थिक सुधार के अगले चरण में तेजी से प्रवेश करना चाहिए। बदले वैश्विक माहौल में जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में आयात करने वाले देशों में मनमाना टैरिफ आयद कर रहे हैं, जिसमें भारत पर 50 से 100 फीसदी अनुचित टैरिफ की तलवार लटक रही है, वहां भारत अपनी आर्थिकी में बदलाव करके ही विपरीत व्यापार परिस्थिति का सामना कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में ट्रंप के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनोमी कहकर तंज का जवाब यह कह कर दिया है कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और वह दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, यह गति 'सुधार, प्रदर्शन एवं परिवर्तन' की भावना से हासिल की गई है। आज, मेट्रो रेल नेटवर्क 24 शहरों में 1,000 किलोमीटर से अधिक तक फैला हुआ है, जिससे भारत विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत विश्व में सबसे अधिक जीडीपी दर से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है, लेकिन करीब साढ़े छह से सात फीसदी जीडीपी दर भारत के टॉप थ्री अर्थव्यवस्था से लेकर विकसित भारत बनने के लिए काफी नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। फौरी तौर पर तो अमेरिकी टैरिफ से निपटने की है, जिसमें भारत को अपने निर्यात के लिए नए वैश्विक बाजार तलाशने होंगे। अमेरिकी दबाव को दरकिनार करते हुए रूस के साथ अपने ट्रेड व सामरिक संबंध मजबूत करने होंगे। चीन के साथ रिश्ते सामान्य करने होंगे। भारत पाकिस्तान के साथ संबंधों को सामान्य कर चीन को आसानी से साध सकता है। ब्राजील जैसे अवसर का लाभ उठाना होगा। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता को जल्द अंतिम रूप देना होगा। यूरोप के साथ ट्रेड बढ़ाने होंगे। ब्रिक्स, आसियान, मध्य पूर्व, अफ्रीकी संघ जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग अपने ट्रेड को विस्तार देने के लिए करना होगा। विश्व में ट्रंप के टैरिफ वार के चलते जो स्थिति उत्पन्न हुई है, उसमें भारत के लिए नए ट्रेड व सामरिक अवसर की गूंज है। चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत घरेलू खपत है, इसलिए इसे बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। इसके लिए सार्वजनिक निवेश के साथ निजी निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। निजी क्षेत्र व विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भूमि व श्रम सुधार में तेजी लाने की आवश्यकता है। भारत डिजिटल क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है, लेकिन अभी वह कंज्यूमर ज्यादा है, सेवा प्रदाता कम है। इस क्षेत्र में इस स्थिति को बदलने की जरूरत है। इसके लिए सरकार को बड़ा निवेश करना चाहिए, केवल हाईवे से बात नहीं बनेगी, ईवे व डिजिटेकवे भी बनाने की जरूरत है। भारत की ताकत कृषि व संबंधित क्षेत्र भी है, इसलिए इन पर ध्यान देने की जरूरत है। ब्राजील, यूरोप, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत अपने कृषि क्षेत्र में नवाचार व नए शोध को बढ़ावा दे सकता है। भारत के लिए आर्थिक क्षेत्र में केवल विनिर्माण पर ही केंद्रित रहने की आवश्यकता नहीं है, भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत सेवा क्षेत्र व सॉफ्टवेयर है। इसलिए भारत को अपनी ताकत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल जैसे आइडियाज अच्छे हैं, आर्थिक राष्ट्रवाद के लिए ये जरूरी हैं, लेकिन अपनी प्राथमिकताएं तय करने के साथ आर्थिक सुधार में तेजी लाए बिना भारत अपने आर्थिक लक्ष्य हासिल नहीं कर सकेगा। सामरिक व आर्थिक ताकत बनने के लिए भारत को जमीनी धरातल पर तेजी से काम करना होगा।

## विश्लेषण

मुनीष भाटिया



# ट्रंप टैरिफ गेम : व्यापार नहीं, दबाव की रणनीति!

भारत और अमेरिका दुनिया की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियाँ हैं। दोनों देशों के बीच दशकों से राजनीतिक, सैन्य और रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती रही है। लेकिन व्यापार के क्षेत्र में यह संबंध हमेशा सरल नहीं रहा। अमेरिका की टैरिफ नीति, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में, इन रिश्तों में तनाव लाने वाली रही है। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत के कुछ उत्पादों पर 50% तक टैरिफ बढ़ाना इस तनाव को फिर से सतह पर ले आया है। डोनाल्ड ट्रम्प जब राष्ट्रपति बने, तो उन्होंने 'अमेरिका फर्स्ट' नीति को आगे बढ़ाया। इसका सीधा असर वैश्विक व्यापार पर पड़ा। ट्रम्प का मानना था कि अमेरिका का व्यापार घाटा बढ़ रहा है, क्योंकि अन्य देश अमेरिकी उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाकर अपने उद्योगों को फायदा पहुंचा रहे हैं। उन्होंने चीन, यूरोप, कनाडा और भारत जैसे देशों पर आयात शुल्क बढ़ाए। भारत के मामले में ट्रम्प ने विशेष रूप से शिकायत की थी कि भारतीय टैरिफ अमेरिका के लिए "अस्वीकार्य" हैं। 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर भारत से आयात किए जाने वाले कुछ प्रमुख उत्पादों पर टैरिफ 50% तक बढ़ा दिया है। यह निर्णय ऐसे समय आया है जब भारत रूस से बड़ी मात्रा में सस्ता कच्चा तेल खरीद रहा है, वह भी तब, जब अमेरिका और यूरोप रूस पर कड़े प्रतिबंध लागू कर रहे हैं। अमेरिका को यह रुख पसंद नहीं आया है। उसे लगता है कि भारत, एक ओर उसका रणनीतिक साझेदार है, लेकिन दूसरी ओर रूस जैसे विरोधी देश से तेल खरीदकर उसकी नीतियों को कमजोर कर रहा है। यह टैरिफ बढ़ोतरी कहीं न कहीं एक अप्रत्यक्ष दबाव की रणनीति के रूप में देखी जा रही है। यह सवाल भी उठ रहा है कि अमेरिका भारत पर तो टैरिफ बढ़ा रहा है, लेकिन चीन जैसे देश, जिससे अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, उस पर वैसी सख्ती क्यों नहीं कर रहा? ब्रिक्स समूह के अन्य सदस्य जैसे ब्राज़ील ने अमेरिका की इस नीति पर कड़ा विरोध जताया है और जवाबी टैरिफ भी लगाए हैं। भारत ने अब तक संयम बरता है। उसने न प्रतिक्रिया में टैरिफ बढ़ाए हैं, न ही कोई कड़ा बयान दिया है। भारत की विदेश नीति संवाद और संतुलन पर आधारित है, टकराव पर नहीं। भारत जानता है कि ट्रेड वॉर किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं होता। अगर भारत भी जवाबी टैरिफ लगाए, तो अमेरिका में भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है, जिससे निर्यात और रोज़गार प्रभावित होगा। अब भारत के सामने दोहरी चुनौती है, एक तरफ घरेलू उद्योगों को संरक्षण देना और दूसरी तरफ अमेरिका जैसे बड़े बाजारों में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखना। 50% टैरिफ बढ़ने से भारत के टेक्सटाइल, कृषि, इंजीनियरिंग और चमड़ा उद्योग सबसे ज़्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इसका हल यही है कि भारत अपने उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाए। कम लागत, बेहतर डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी का उपयोग कर, भारत को अपने उत्पाद ऐसे बनाने होंगे जो किसी भी टैरिफ के बावजूद विश्व बाज़ार में टिक सकें। भारत को अमेरिका को यह स्पष्ट रूप से समझाना होगा कि उसकी टैरिफ नीति अमेरिका को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि अपने छोटे व्यवसायों और किसानों की रक्षा के लिए है। रूस से तेल खरीद पर विवाद के बावजूद, अमेरिका और भारत के बीच ऊर्जा सहयोग बढ़ सकता है। भारत अमेरिका से एलएनजी और कच्चा तेल भी आयात करता है, जो एक संतुलन बना सकता है। इसके अलावा, भारत अमेरिका से हथियार, फाइटर जेट्स, ड्रोन, और रडार सिस्टम जैसे रक्षा उपकरण भी खरीदता है। अगर दोनों देश ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाते हैं, तो टैरिफ जैसे मुद्दे एक सीमित दायरे में रह सकते हैं। भारत की विदेश नीति की खूबी यह है कि वह न अमेरिका से टकराव करती है, न चीन के दबाव में झुकती है। वह अपने हितों को संतुलित रखते हुए वैश्विक मंच पर जिम्मेदारी से व्यवहार करता है। रूस से तेल खरीद इसी नीति का उदाहरण है। भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है, लेकिन साथ ही अमेरिका और पश्चिम के साथ रणनीतिक रिश्ते भी बनाए रखता है। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ बढ़ाना निश्चित रूप से चिंता का विषय है। लेकिन भारत को इसका जवाब जल्दबाज़ी या टकराव में नहीं देना चाहिए। संतुलन, समझदारी और कूटनीतिक संवाद ही ऐसे समय में सबसे असरदार हथियार हैं। भारत को अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ानी होगी, घरेलू उद्योगों को मजबूत करना होगा, और वैश्विक बाजारों के लिए अपने निर्यात को तैयार करना होगा। यदि दोनों देश मिलकर आगे बढ़ते हैं, तो इससे न सिर्फ उनके संबंध और मजबूत होंगे, बल्कि यह पूरी दुनिया को स्थिरता, सहयोग और साझा समृद्धि का संदेश भी देंगे।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# राजनीति की नर्सरी को बाड़ ही खा गई



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के जलसे में लाल किले के प्राचीर से देश के एक लाख नौजवानों को राजनीति में आगे लाने की मंशा जाहिर किया था। मोदी ने कहा था कि देश के लोकतंत्र को परिवारवाद और जातिवाद से मुक्ति दिलाने के लिए जरूरी है कि राजनीति में ऐसे युवाओं को आगे बढ़ाया जाए जिनका कोई राजनीतिक बैकग्राउंड न हो और न ही उनके अभिभावक या कोई रिश्तेदार राजनीति में हों। उन्होंने कहा था कि युवा किसी भी राजनीतिक विचारधारा या पार्टी का अनुसरण कर सकते हैं। बहरहाल अब एक साल पूरे होने को हैं लेकिन किसी भी राजनीतिक दल ने इस दिशा में ईमानदार कोशिश नहीं किया। गौरतलब है कि छात्रसंघ चुनाव और छात्र राजनीति को 'राजनीति की नर्सरी' कहा जाता है, जहां से नेतृत्व की नयी पौध मिलती है। बीते दो दशकों से ज्यादा देश के अनेक राज्यों के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रसंघ पर बंदिश लगी हुई है। सियासत में हमेशा पक्ष और विपक्ष के बीच तलवारें खींची रहती है लेकिन छात्रसंघ चुनाव को प्रतिबंधित करने के फैसले पर सभी राजनीतिक दलों की सरकारें एकजुट हैं।

अस्सी के दशक तक कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज के कैंपस में छात्रसंघ चुनावों के शोर और छात्र राजनीति की सरगर्मी रहती थी। इसके बाद अमूमन सभी सत्तारूढ़ सियासी दलों ने छात्र राजनीति पर शिकंजा कसने के लिहाज से छात्रसंघ चुनावों पर बंदिश लगाना शुरू कर दिया। इन चुनावों पर बंदिश लगाने के पीछे राजनेताओं, सरकार, विश्वविद्यालय प्रशासन और शिक्षाविदों की दलील यह कि इन चुनावों में हिंसा होती है जिससे कैंपस का अनुशासन बिगड़ता है।तर्क यह भी कि यूनिवर्सिटी और कॉलेज पढ़ाई के लिए हैं न कि राजनीति के लिए। बहरहाल छात्रों के सबसे बड़े पंचायत के चुनावों पर बंदिश के बाद इन संस्थानों में सियासी दलों के छात्र और युवा इकाई दाखिल होने लगे। आलम यह है कि सदस्यता अभियान के नाम पर विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में राजनीतिक दलों के छात्र और युवा इकाईयों के बीच हिंसात्मक झड़पों की खबरें आम है। दूसरी ओर छात्रसंघ चुनावों के दौरान कैंपस में हिंसा होने और शिक्षा संस्थानों को राजनीति से मुक्त रखने की दलील देकर छात्रों के प्रजातांत्रिक अधिकारों का हनन करने वाले लोग राजनीतिक दलों के छात्र इकाईयों द्वारा शिक्षा परिसरों में चलाए जा रहे राजनीतिक गतिविधियों पर चुप्पी साधे हुए हैं।

गौरतलब है कि शिक्षण संस्थानों में दलीय राजनीति के दखल का परिणाम यह हो रहा है कि पार्टियों से जुड़े छात्र संगठन अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं फलस्वरूप आम छात्रों से जुड़े शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी मुद्दों पर न तो कोई सवाल उठा रहा है और न ही बहस को आगे बढ़ाया जा रहा है। अहम तथ्य यह भी कि शिक्षण संस्थानों के राजनीतिकरण का दरवाजा भी छात्रसंघ चुनावों पर बंदिश के बाद ही खुला है। शिक्षण संस्थानों में दलीय राजनीति के घुसपैठ के चलते ही आरक्षण, धार्मिक और जातिगत मुद्दों पर छात्रों के बीच खूनी संघर्ष भी हुआ है जिससे कैंपस में अनुशासन बिगड़ा है। शिक्षा परिसरों में जारी ऐसी गतिविधियों का असर वहां के अकादमिक और अनुसंधान गतिविधियों पर पड़ रहा है। बिलाशक छात्रसंघ चुनावों में हिंसा का इतिहास रहा है लेकिन क्या देश के पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा के चुनावों में हिंसा नहीं होती? क्या इन चुनावों के दौरान कानून और व्यवस्था नहीं बिगड़ती? फिर अकेले छात्रसंघ चुनाव पर ही तोहमत क्यों? विचारणीय सवाल यह भी कि जब अट्ठारह साल का युवा अपना जनप्रतिनिधि चुन सकता है तो खुद का परिषद के चुनाव से उसे क्यों रोका जा रहा है? छात्र राजनीति का गला घोंटने का ही दुष्परिणाम है कि आज देश की राजनीति में व्यक्तिवाद , परिवारवाद, धनबल और बाहुबल का दखल लगातार बढ़ते जा रहा है।



बहरहाल छात्र राजनीति के अतीत के पन्ने पलटें तो कई निर्वाचित छात्रसंघों ने छात्रहित में निर्णायक आंदोलन किया था मसला छात्रों के फीस से जुड़ा हो अथवा स्थानीय युवाओं के रोजगार का रहा हो। अलबत्ता छात्र राजनीति के आड़ में देश में कुछ ऐसी अवांछित गतिविधियां भी हुई है जिसने शिक्षण संस्थानों की गरिमा को तार - तार किया है। वामपंथ गढ़ माने जाने वाले दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी ' जेएनयू ' में स्टूडेंट्स यूनियन के अध्यक्ष के अगुवाई में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर जहां आतंकियों के समर्थन में राष्ट्रविरोधी नारे लगे हैं। संसद हमले के दोषी आतंकियों को फांसी दिए जाने पर इसी कैंपस में छात्रों ने छाती पीटे हैं वहीं दूसरी ओर नक्सलियों के हाथों सुरक्षाबलों के मारे जाने पर जश्न मनाया गया है। देश के अनेक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के परिसर में छात्रसंघ या छात्र संगठनों द्वारा बीफ और पोर्क पार्टी आयोजित करने की कोशिशें हुईं हैं। वैचारिक और धार्मिक असहिष्णुता की परिकाष्ठा यह कि छात्रों ने अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान स्वामी विवेकानंद और ईश्वरचंद्र विद्यासागर के मूर्तियों को भी नहीं बक्शा और इसे तोड़ डाला अथवा इस पर कालिख से आपत्तिजनक नारे लिख डाले।


बिलाशक इन गतिविधियों से शिक्षा परिसरों में अनुशासन बिगड़ा है वहीं छात्र राजनीति भी शर्मसार हुआ है। अलबत्ता अपवाद हर क्षेत्र में है लिहाजा केवल कुछ घटनाओं के कारण समूचे छात्र राजनीति को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता। चूंकि आज के छात्र ही देश का भविष्य हैं लिहाजा छात्र नेताओं को समझना होगा कि देश के संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार असीमित नहीं है इसलिए उन्हें इस अधिकार में निहित कर्तव्यों और जवाबदेही पर सचेत होने की जरूरत है।

देश में छात्र राजनीति का स्वर्णिम इतिहास रहा है, साल 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान छात्र राजनीति का योगदान अपने चरम पर था जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। स्वातंत्र्योत्तर भारत में भी छात्र राजनीति ने अधिनायकवाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुए अनेक जन आंदोलन को ताकत दी जिसने सत्ता की चूलें हिला दी।आजादी के आंदोलन से तैयार नेताओं की पीढ़ियों ने देश के सियासत और सरकार में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने में अपना पूरा जीवन खपा दिया। समाजवादी विचारक जयप्रकाश नारायण और डॉ.राममनोहर लोहिया की प्रेरणा से छात्र नेताओं की एक नयी पीढ़ी तैयार हुई। विडंबना है कि इस पीढ़ी ने आगे चलकर राजनीति की "ककहरा" सीखाने वाले इस पाठशाला को बंद करने में कोई कसर नहीं छोड़ा। विचारणीय है कि छात्र राजनीति के कोख से ही राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर के अनेक नेताओं का जन्म हुआ जिन्होंने देश और प्रदेश की राजनीति को नयी दिशा दी लेकिन आज यह परंपरा खत्म होने के कगार पर है। इतिहास पर गौर करें तो छात्र राजनीति के कोख से ही वीपी सिंह, चंद्रशेखर सरीखे प्रधानमंत्री और अर्जुन सिंह, सुरजीत सिंह बरनाला, नारायण दत्त तिवारी, लालू प्रसाद यादव, शरद यादव, नीतीश कुमार, अशोक गहलोत, सलमान खुर्शीद, अरुण जेटली, सुषमा स्वराज, रविशंकर प्रसाद, प्रफुल्ल महन्त, प्रकाश करात, सीताराम येचुरी जैसे अनेक धाकड़ राष्ट्रीय नेताओं का जन्म हुआ। छत्तीसगढ़ की राजनीति में भी रविन्द्र चौबे, बृजमोहन अग्रवाल, प्रेमप्रकाश पांडेय, मो. अकबर, देवजी भाई पटेल, सुनील सोनी, अजय चंद्राकर जैसे बहुतेरे राजनेता छात्र राजनीति की ही देन हैं।

गौरतलब है कि भारत युवाओं की आबादी के लिहाज से दुनिया का सबसे युवा देश है लेकिन देश के संसद और विधानसभाओं में इस तबके की हिस्सेदारी बहुत ही सीमित है।अमूमन सभी राजनीतिक दल और राजनेता युवाओं से राजनीति में शामिल होने की बात बड़े जोर-शोर से करते हैं लेकिन चुनावी टिकट बांटते समय उनकी कथनी और करनी में अंतर पर्याप्त झलकता है। विडंबना है कि जिन लोगों के हाथों इस 'नर्सरी' के देखभाल की जवाबदेही है उन्होंने इसे बंजर करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है। चूंकि देश में लोकतंत्र है और 18 साल आयु में मताधिकार प्राप्त है लिहाजा छात्र किसी न किसी राजनीतिक विचारधारा के अनुयाई तो होंगे ही लेकिन उनके क्रियाकलापों से शिक्षण संस्थानों की मर्यादा पर आंच न आए यह भी ध्यान में रखना होगा।आखिरकार शिक्षा के मंदिरों का उद्देश्य देश को ऐसा नागरिक भी देना है जो संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता और जातिगत समानता के उद्देश्य पर खरा उतरे। बेशक छात्र राजनीति ही ऐसा औजार है है जो लोकतंत्र को परिवारवाद, धनबल और बाहुबल के राजनीति से मुक्त कर सकता है। लिहाजा सभी राजनीतिक दलों और सरकारों से अपेक्षा है कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में एक बार फिर से छात्रसंघ चुनाव शुरू करने की दिशा में राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करें ताकि देश को युवाओं को ऐसा नेतृत्व मिले जो 'विकसित भारत - 2047' के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम साबित होंगे।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं।)*

## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित

**दर्शन**

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहा- आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहां सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## तिरंगा यात्रा



स्वतंत्रता दिवस से पहले रांची में रविवार को तिरंगा यात्रा में भाग लेतीं युवतियां।

## आज की पाती

### प्राकृतिक आपदा का जिम्मेदार कौन


आजकल बादल फटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्राकृतिक आपदा के लिए मुख्य रूप से मानव को ही जिम्मेदार माना जा सकता है। दिन प्रतिदिन वाहनों द्वारा बढ़ता प्रदूषण पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। दूसरी तरफ वनों की अंधाधुंध कटाई भी इसका मुख्य कारण है। वन मुख्य रूप से बाढ़ का बचाव करते हैं और हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं, जिससे वातावरण में संतुलन बना रहता है। अब समय आ गया है कि लोग अपने निर्माण कार्यों को सोच समझ कर करें। शहरीकरण के कारण नदी नाले सिकुड़ने की कगार पर आ पहुंचे है। प्रकृति से छेड़खानी हमारे लिए घातक होती जा रही है। आज लोगों को जागरूक होने की जरूरत है कि वे अपने निर्माण कार्य कैसे और कहां कर रहे हैं।

*– प्रतीक वर्मा, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# नेपाल 100 चोटियों पर चढ़ाई के लिए नहीं लेगा कोई शुल्क

नेपाल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने सुदूर पश्चिमी क्षेत्र की लगभग 100 चोटियों पर चढ़ाई के लिए शुल्क नहीं लेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हिमालयी राष्ट्र ऐसे क्षेत्रों में पर्वतारोहियों को आकर्षित करना चाहता है, जहां सैलानी कम जाते हैं। इसके मद्देनजर सरकार ने अगले दो वर्षों के लिए करनाली और सुदूरपश्चिम प्रांतों की 97 चोटियों के लिए रॉयल्टी (शुल्क) माफ कर दी है। इन चोटियों की ऊंचाई 5,870 मीटर से लेकर 7,132 मीटर तक की है और सरकार के कदम से सीमित आर्थिक गतिविधि वाले क्षेत्रों में पर्यटकों को आकर्षित होने की उम्मीद है। पर्यटन विभाग के निदेशक हिमाल गौतम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, इसका उद्देश्य दूरदराज के इलाकों में ज़्यादा पर्यटकों को लाना, रोज़गार पैदा करना और स्थानीय समुदायों के लिए आय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से नेपाल के ऐसे पर्वतीय स्थलों को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी जहां पर्वतारोही कम जाते हैं। सरकार ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि माउंट एवरेस्ट को फतह करने का प्रयास करने वाले पर्वतारोहियों के लिए पहले कम से कम 7,000 मीटर ऊंची एक चोटी पर चढ़ना अनिवार्य कर दिया जाए। यह प्रस्ताव पर्यटन अधिनियम में संशोधन का हिस्सा है।



## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी

आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।




## ट्रेंड

### स्वदेशी के लिए जन जागरण

हम स्वदेशी के लिए जन जागरण का आंदोलन चलाएं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संकल्प लें कि स्वदेशी अपनाएंगे। स्कूल में विद्यार्थी और खेत में किसान स्वदेशी का संकल्प ले। गणेश उत्सव मनाएं तो स्वदेशी के संकल्प के साथ। दुर्गा मैया का पंडाल सजाएं तो स्वदेशी के संकल्प के साथ।


**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**



### एंटी ड्रोन सिस्टम

पंजाब में ज्यादातर नशा पाकिस्तान से ड्रोन के ज़रिए आता है। अब अगर कोई भी ड्रोन सरहद पार से आएगा तो हमारा एंटी ड्रोन सिस्टम उसे पकड़कर वहीं गिरा देगा। ये सिस्टम पंजाब में नशे को घुसने नहीं देगा।


**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**



### जयंती पर श्रद्धांजलि

भारत के पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न से सम्मानित वी.वी. गिरि को उनकी जयंती पर हमारी श्रद्धांजलि। उन्होंने तीन राज्यों के राज्यपाल और मद्रास के श्रम मंत्री के रूप में कार्य किया, जहाँ उन्होंने 'गिरि दृष्टिकोण' की शुरुआत की।


**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### आर्थिक आज़ादी

प्रधानमंत्री मोदी की डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर प्रतिक्रिया आज़ादी की घोषणा से कम नहीं है। भारत की आर्थिक आज़ादी। हर नेता अपने देश के लिए सबसे अच्छा करता है। ठीक वैसे ही जैसे राष्ट्रपति ट्रम्प अमेरिका के लिए कर रहे हैं।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# वरिष्ठ वकीलों के मामलों पर नहीं होगी तत्काल सुनवाई

## सीजेआई गवई के आदेश पर आज से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

किसी भी वरिष्ठ अधिवक्ता को सोमवार से प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अदालत के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने और सुनवाई के लिए मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है, निर्देशानुसार, नामित वरिष्ठ अधिवक्ताओं को 11 अगस्त, 2025 से प्रधान न्यायाधीश की अदालत के समक्ष किसी भी मामले का उल्लेख करने की अनुमति नहीं है।

छह अगस्त को प्रधान न्यायाधीश ने कहा था कि 11 अगस्त से किसी भी वरिष्ठ अधिवक्ता को उनकी अदालत में तत्काल सूचीबद्ध और सुनवाई के लिए मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, ताकि कनिष्ठ अधिवक्ताओं को ऐसा करने का अवसर मिल सके। चौदह मई को शपथ लेने वाले प्रधान न्यायाधीश गवई ने वकीलों द्वारा मामलों को तत्काल सूचीबद्ध करने और सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख करने की प्रथा को बहाल कर दिया था तथा अपने पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा अपनाई गई प्रथा को बंद कर दिया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने वकीलों द्वारा मामलों की तत्काल सुनवाई और सूचीबद्ध के लिए मौखिक रूप से निवेदन करने की प्रथा को बंद कर दिया तथा उन्हें इसके स्थान पर ईमेल या लिखित पत्र भेजने को कहा। न्यायाधीश गवई ने छह अगस्त को कहा था, इस बात की बहुत जरूरत है कि वरिष्ठ वकीलों द्वारा किसी भी मामले का उल्लेख न किया जाए। उन्होंने अदालत के कर्मचारियों से एक नोटिस जारी करने को कहा था कि सोमवार से उनकी अदालत में किसी भी वरिष्ठ वकील को तत्काल सूचीबद्ध और सुनवाई के लिए मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



### अब तक ऐसा होता रहा

आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष अपने मामलों का उल्लेख करते हैं, ताकि मामलों को बारी से पहले सूचीबद्ध किया जा सके और तत्काल आधार पर सुनवाई की जा सके।

### प्रधान न्यायाधीश ने दिए थे ऐसे निर्देश

प्रधान न्यायाधीश ने कहा था, सोमवार से किसी भी वरिष्ठ वकील, मेरा मतलब है कि नामित वरिष्ठ वकील को मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कनिष्ठ वकीलों को ऐसा करने का अवसर दिया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा था, कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों पर यह निर्भर करेगा कि इस प्रथा को अपनाया जाए या नहीं।

### सीजेआई बोले लोगों के द्वार तक पहुंचना चाहिए न्याय

ईटानगर। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने रविवार को कहा कि न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का अस्तित्व केवल लोगों की सेवा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि न्याय शीघ्रता से और न्यूनतम खर्च पर मिले। उन्होंने यहां गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर स्थायी पीठ के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करने के बाद कहा, मैं हमेशा से विकेंद्रीकरण का प्रबल समर्थक रहा हूं। न्याय लोगों के दरवाजे तक पहुंचना चाहिए।

प्रभावित परिवारों का होगा पुनर्वास

# 14 साल से पीड़ित 86 परिवारों को हाईकोर्ट से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा के बालको कोल यार्ड और कुलिंग टॉवर से प्रभावित 86 परिवारों को राहत दी है। हाईकोर्ट ने कोरबा कलेक्टर को आदेश दिया है कि पीड़ित परिवारों को तत्काल पुनर्वास उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उनके लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने का आदेश भी दिया है। यह परिवार पिछले 14 साल से कुलिंग कोरबा के शांतिनगर, न्यू शांतिनगर और रिंग रोड इलाके में बालको की विस्तार परियोजनाके तहत बनाए गए कुंलिग टावर और वृहद कोल यार्ड के प्रदूषण से 200 से अधिक परिवार परेशान थे। यहां रहने वाले परिवार अस्थमा सहित अन्य बीमारियों से परेशान हैं। इस गंभीर मामले को लेकर याचिकाकर्ता डिलेन्द्र यादव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि पहले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा बालको कंपनी को पत्र जारी कर पुनर्वास प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा था लेकिन, कंपनी ने कोई कदम नहीं उठाया।

### राज्य शासन की ओर से कोई आपत्ति नहीं

याचिका में कहा गया कि बीते 14 वर्षों में बालको ने शांतिनगर और उसके आसपास के रिहायशी क्षेत्रों के पास वृहद कोल यार्ड का निर्माण कर दिया, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया। इसके चलते बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को सांस, त्वचा व अन्य गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। 206 परिवार इस प्रदूषण के शिकार बने हुए हैं। याचिका में प्रभावितों को पुनर्वास और प्रदूषण से सुरक्षा की मांग की गई। डिवीजन बेंच ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कोरबा कलेक्टर प्रभावित परिवारों को तत्काल पुनर्वास उपलब्ध कराएं।

## खबर संक्षेप

### बेगूसराय में डूबने से 3 लोगों की मौत



**बेगूसराय।** शनिवार को बाढ़ग्रस्त प्रखंड तेघड़ा व बछवाड़ा में बाढ़ के पानी में डूबने से एक अधेड़ व दो बच्ची की मौत हो गई। दो जगहों पर डूबने से तीन मौत के बाद स्वजनों में कोहराम मचा है। राखी की खुशियां मातम में बदल गई है। मृतक के स्वजनों व ग्रामीणों ने बाढ़ प्रभावित लोगों पर किए जा रहे राहत व बचाव कार्य पर सवाल उठाया है।

### 'फ्रीडम सेल' में 1,279 रुपए में करें हवाई सफर



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रविवार को भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 'फ्रीडम सेल' की घोषणा की है। इस सेल के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर लगभग 50 लाख सीटें उपलब्ध होंगी, जिनकी शुरुआती कीमत घरेलू उड़ानों के लिए 1,279 और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4,279 रुपए है। सेल के तहत 19 अगस्त से बुकिंग खुलेगी।

### एक करोड़ की गोलियां जब्त, 2 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजधानी में नशे के कारोबार पर बड़ा हमला किया है। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक संगठित ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करते हुए 9 किलो साइकोट्रॉपिक दवा अल्प्राजोलम की गोलियां जब्त की हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। 2 को गिरफ्तार किया है।

### राहुल के नेतृत्व में ईसी के खिलाफ विरोध मार्च आज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सोमवार को इंडिया गठबंधनके सांसदों के लिए डिनर का आयोजन करेंगे। यह बैठक बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित धांधली के खिलाफ विपक्ष की एकजुटता के प्रयासों के बीच हो रही है। वहीं लगभग 300 सांसदों को साथ ईसी के दफ्तर तक इन मुद्दों को लेकर विरोध मार्च निकालेंगे।

### हरियाणा के झज्जर में भूकंप के हल्के झटके



झज्जर।हरियाणा के झज्जर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप रविवार को दोपहर के वक्त हरियाणा के झज्जर में आया। रिक्टर स्कल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई। भूकंप भारतीय मानक समय के अनुसार 16:10:05 बजे आया। इसका केंद्र झज्जर में ही 10 किलोमीटर की गहराई में बताया जाता है।

चुनाव आयोग से पारदर्शिता की मांग

# 'वोट चोरी' लोकतंत्र पर सीधा हमला, आक्रामक कांग्रेस ने शुरू की जन-मुहिम, लोग इससे जुड़ें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और फर्जी वोटरों के मामले को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा है कि वोट चोरी देश के एक व्यक्ति, एक वोट जैसे बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर सीधा हमला है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट कर स्पष्ट किया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव तभी संभव हैं जब मतदाता सूची पूरी तरह साफ़-सुथरी और पारदर्शी हो। पार्टी का आरोप है कि कई स्थानों पर मतदाता सूची में डुप्लीकेट, फर्जी नाम और अपात्र मतदाताओं के नाम मौजूद हैं, जिससे चुनाव प्रक्रिया की साख पर सवाल उठते हैं।

### वेबसाइट और हेल्पलाइन नंबर जारी

कांग्रेस पार्टी ने अपेक्षाकृत आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए आमजनों को 'वोट चोरी' के अपने मुहिम से जोडने के लिए एक एक्सक्लूसिव वेबसाइट और हेल्पलाइन नंबर जारी की है। जाहिर है उधर चुनाव आयोग राहुल गांधी से बार बार अनुरोध कर रही है कि वे अपने आरोपों को शपथ पत्र के माध्यम से आयोग को सौंपे ताकि उनके आरोपों की विस्तार से जांच की जा सके जब कि राहुल गांधी ने साफ कर दिया है उनका कहा ही शपथ पत्र माना जाए, वे शपथ पत्र नहीं देंगे। इसी खींचातानी के बीच कांग्रेस पार्टी को जैसे अन्य विपक्षी दलों का भरपूर समर्थन इस मुद्दे पर मिला, पार्टी ने चुनावों में गडबडियों की शिकायत रखने वाले ऐसे सभी आम और खास को एक मंच पर लाने के प्रयास में रविवार को वेबसाइट लांच किया।

### चुनाव आयोग से तीन प्रमुख मांगें

*कांग्रेस ने चुनाव आयोग से साफ़ कहा है कि मतदाता सूची को डिजिटल रूप में पूरी तरह सार्वजनिक किया जाए, ताकि न सिर्फ़ राजनीतिक दल बल्कि आम जनता भी उसका स्वतंत्र रूप से ऑडिट कर सके। पार्टी की मांगें हैं-*

1. डिजिटल मतदाता सूची को बिना किसी प्रतिबंध के सार्वजनिक किया जाए।
2. पारदर्शी तरीके से सूची का नियमित ऑडिट हो।
3. सभी गड़बड़ियों और फर्जी नामों को हटाने की कार्यवाही की जानकारी भी सार्वजनिक हो।

कांग्रेस ने फिर मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और फर्जी वोटरों के मामले को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। वोट चोरी बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर सीधा हमला है।

### 'मिस्ड कॉल अभियान' शुरू



कांग्रेस ने इस मुद्दे पर जन आंदोलन खड़ा करने का ऐलान किया है और देशवासियों से अपील की है कि वे इस मांग का समर्थन करें। इसके लिए पार्टी ने 'वोट चोरी डॉट इन' नाम से वेबसाइट और मिस्ड कॉल के जरिये कांग्रेस की मुहिम से जुडने के लिए मोबाइल नंबर 9650003420 पर 'मिस्ड कॉल अभियान' शुरू किया है।

### चुनावों की विश्वसनीयता संदिग्ध

पार्टी का कहना है कि यह लड़ाई किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि पूरे भारतीय लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब तक मतदाता सूची पारदर्शी और शुद्ध नहीं होगी, तब तक चुनावों की विश्वसनीयता संदिग्ध रहेगी। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर राज्यों और जिलों में जन जागरूकता अभियान भी चलाने वाली है।

चुनाव आयोग का पलटवार

## राहुल गांधी का दोहरी वोटिंग का दावा झूठा, सबूत पेश करें

इधर चुनाव आयोग ने एकबार फिर राहुल गांधी के उस आरोप को नकारा है जिसमें महादेवपुरा की 70 वर्षीय महिला पर दो बार वोट डालने का आरोप लगाया गया है। राहुल गांधी ने हाल ही में बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का हवाला देते हुए दावा किया था कि 70 वर्षीय शकुन रानी ने फॉर्म-6 भरकर दो बार मतदाता सूची में नाम जुड़वाया और संभवतः दो बार मतदान भी किया। उन्होंने कहा कि इस मामले का सीसीटीवी फुटेज भी चुनाव आयोग उपलब्ध नहीं करा रहा है, जिससे संदेह और गहरा हो रहा है।

### आयोग का कड़ा जवाब

चुनाव आयोग ने इस दावे की जांच कर साफ़ किया कि शकुन रानी ने केवल एक बार ही वोट डाला, न कि दो बार जैसा राहुल गांधी ने आरोप लगाया। आयोग का कहना है कि राहुल गांधी ने जिस दस्तावेज़ का इस्तेमाल सबूत के तौर पर किया, वह कोई आधिकारिक प्रमाणपत्र नहीं है और न ही पोलिंग अधिकारियों द्वारा जारी किया गया। आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस भेजकर कहा है, "अपने दावे के समर्थन में ठोस सबूत और आधिकारिक रिकॉर्ड पेश करें, ताकि जांच आगे बढ़ाई जा सके।"

सुधांशु का विपक्ष पर करारा पलटवार

# सत्ता खोने की हताशा में झूठे बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे

*राहुल गांधी के ईसी के आरोपों के संबंध में किया हमला*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग (ईसी) पर लगाए गए आरोपों को लेकर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि 'भारतीय राजनीति के 'सदाबहार युवा' लगातार देश की संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब करने में लगे हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी की तुलना नाजी जर्मनी के प्रचार मंत्री गोएबल्स से करते हुए आरोप लगाया कि वह सत्ता खोने की हताशा में झूठे और बेबुनियाद बयान दे रहे हैं। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए एक्स पर वीडियो साधा किया था। जिसमें उन्होंने लिखा कि वोट चोरी एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। इसके साथ ही अन्य पार्टी नेताओं ने राहुल को अदालत या चुनाव आयोग जाने की बात कही है। वे सबूत क्यों नहीं पेश करते।

### जहां कांग्रेस को ज्यादा वोट मिले उन सीटों का जिक्र क्यों नहीं

सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के बंगलूरू सेंट्रल सीट के बयान पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अगर यह आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, तो राहुल गांधी को 1 लाख फर्जी वोटरों की जानकारी कहां से मिली? उन्होंने सिर्फ उन्हीं इलाकों की बात क्यों की जहां भाजपा आगे थी? उन्होंने चामराजपेट और शिवाजीनगर जैसे इलाकों का जिक्र क्यों नहीं किया, जहां कांग्रेस को 60 फीसदी से ज्यादा वोट मिले?

### सीएम-डिप्टी सीएम क्यों नहीं करते पीसी

भाजपा सांसद त्रिवेदी ने कहा कि जब कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, तो मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पहले से ही विदेशी, राष्ट्रविरोधी ताकतों से मिलीभगत के शक के घेरे में हैं। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ऐसे एनजीओ और नेताओं से मिलते हैं जो भारत विरोधी हैं और यही गठबंधन विदेशी ताकतों के जरिए भारत के लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।

दोहरे एपिक मामले में सफाई दी

# यह केवल प्रशासनिक त्रुटि, उम्र सुधारने के लिए किया था आवेदन, रसीद दिखाई

## डिप्टी सीएम सिन्हा का तेजस्वी को जवाब

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने दोहरे एपिक और उम्र में हेरफेर का सनसनीखेज आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि सिन्हा का नाम लखीसराय (एपिकः आईएएफ 3939337, उम्र 57) और बांकीपुर, पटना ( एएफएस 0853341, उम्र 60) की मतदाता सूची में है। तेजस्वी ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए। सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई पेश की। सिन्हा ने बताया कि उनका परिवार बांकीपुर, पटना की मतदाता सूची में दर्ज था। अप्रैल 2024 में उन्होंने लखीसराय में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया और साथ ही बांकीपुर से नाम हटाने का फॉर्म भरा। तकनीकी कारणों से नाम नहीं हटा।

### उम्र में अंतर का जवाब

सिन्हा ने 2 मतदाता पहचान पत्र में उम्र में अंतर (57 और 60 वर्ष) के आरोप पर कहा कि यह गलती को सुधारने के लिए आवेदन किया गया था। उनकी उम्र प्रमाणपत्र के अनुसार सही है और एक महीने का त्रुटि सुधार का समय उपलब्ध है। सिन्हा ने 30 अप्रैल 2024 को ऑनलाइन आवेदन के दस्तावेज पेश किए जिसमें बांकीपुर से नाम हटाने और उम्र सुधार की मांग थी।

तेजस्वी का आरोप

### सिन्हा के भी दो एपिक नंबर

राजद और कांग्रेस ने दावा किया है कि सिन्हा के पास दो एपिक नंबर है। उन्होंने दो जगह से मतदाता पुनरीक्षण कार्य का फॉर्म भरा। तेजस्वी ने इस मुद्दे पर रविवार सुबह प्रेस वार्ता की। उन्होंने सवाल पूछा कि किस कारण से सिन्हा ने बांकीपुर और लखीसराय से एसआईआर फॉर्म भरा? उनका नए वोटर लिस्ट में दो जगह नाम कैसे आया? इतना ही नहीं दोनों वोटर लिस्ट में डिप्टी सीएम के उम्र भी अलग-अलग है। लखीसराय वाले वोटर लिस्ट में उनकी उम्र 57 साल है। बांकीपुर में उन्होंने 60 साल अपनी उम्र बताई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए और डिप्टी सीएम को इसका जवाब देना चाहिए। यह गंभीर मुद्दा है।

टीएमसी में फिर से छिड़ी जंग, दो बड़े नेता आमने- सामने

# समय की बर्बादी हैं महुआ मोइत्रा, वे मेरे लिए विषय नहीं, बहुत ही 'घटिया स्तर' की नेता

कल्याण ने कहा- उनके बारे में कहने का कोई मतलब नहीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नेता इन दिनों आमने-सामने हैं। सांसद कल्याण बेनर्जी पार्टी की सांसद महुआ मोइत्रा पर हमलावर हैं। बेनर्जी ने मोइत्रा को समय की बर्बादी कह दिया है। निम्नस्तरीय कहकर भी दोनों के बीच पहले से चला आ रहा विवाद बढ़ा दिया है। हाल ही में कल्याण ने लोकसभा में टीएमसी के चीफ व्हिप के पद से इस्तीफा दिया है। कल्याण ने पत्रकारों से कहा कि मोइत्रा मेरे लिए विषय नहीं है। वे बहुत ही घटिया स्तर की हैं।

*एक्स पर पोस्ट डालने से और बढ़ गया तनाव*





### लंबे समय से चल रही खींचतान फिर आई सामने

उन्होंने कहा कि मेरे एक जूनियर वकील भाई ने मुझे मैसेज किया था। उससे मुझे अहसास हुआ कि महुआ मेरे लिए विषय नहीं हैं। मुझे अभी बहुत काम करना है। कल्याण और महुआ के बीच लंबे समय से पर्दे के पीछे खींचतान चल रही थी, लेकिन हालिया तनाव की शुरुआत कल्याण द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने से हुई। उन्होंने 2023 का 8मिनट पुराना एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह प्रश्न के बदले नकद मामले में आचार समिति की कार्यवाही के दौरान लोकसभा में महुआ का बचाव किया था।

गहलोत सरकार के दौरान फर्जीवाड़ा

# 123 शिक्षकों पर केस, घपला कर पाई थी सरकारी नौकरी

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान में 5 साल में टीचर भर्ती की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। शिक्षा विभाग की एसओजी को 123 टीचरों की लिस्ट सौंपी गई है जांच में संदिग्ध तरीके से शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी रीट 2018 और 2019 में नौकरी पाना पाया गया है। एसओजी ने इनख़िलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ये डमी कैंडिडेट बैठाकर, अनुचित तरीके से पेपर लेकर नौकरी की है। गहलोत पर सवालिया निशान लगा है।

### दोबारा परीक्षाओं में भी की गई धांधली

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस सरकार के दौरान रीट लेवल 1 और 2 हुआ था जिसमें पेपरलीक के आरोप लगे थे। गहलोत सरकार ने रीट परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी, फिर से रीट य लेवल 1 और 2 करवाई गई थी। अब जो परीक्षाएं हुई थी उसमें भी भारी धांधली सामने आई है। इस मामले में गहलोत पर तरह-तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं।

जयराम ने भाजपा पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया

# आरक्षण विधेयक : बिहार को मंजूरी तुरंत दे दी तेलंगाना का प्रस्ताव 4 महीने से लटकाया- क्यों?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भाजपा पर सामाजिक न्याय के मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि बिहार में 65 फीसदी आरक्षण का कानून तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया, जबकि तेलंगाना का 67 फीसदी आरक्षण प्रस्ताव चार महीने से राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। जयराम रमेश के अनुसार, 9 नवंबर 2023 को बिहार विधानसभा ने एक विधेयक पारित किया था, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 65 फीसदी किया गया। यह विधेयक अगले ही दिन 10 नवंबर 2023 को विधान परिषद से भी पारित हो गया। 21 नवंबर 2023 को राज्यपाल की मंजूरी के बाद यह औपचारिक रूप से कानून बन गया।

### राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा ही नहीं गया



एआईसीसी संचार विभाग के अध्यक्ष, प्रभारी महासचिव और राज्यसभा में मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी निभा रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि यह कानून उस समय अस्तित्व में आया जब नीतीश कुमार जदयू, राजद और कांग्रेस की गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। बिहार की सामाजिक संरचना को देखते हुए भाजपा इस स्थिति में नहीं थी कि राज्यपाल से मंजूरी में देरी या रुकावट डाल सके। खास बात यह है कि बिहार का यह विधेयक राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा ही नहीं गया।

### तेलंगाना का मामला चार महीने से लंबित

कांग्रेस नेता ने तुलना करते हुए बताया कि 17 मार्च को तेलंगाना विधानसभा ने एक विधेयक पारित किया, जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 67 फीसदी किया गया, जिसमें अकेले पिछडे वर्ग के लोगों को 42 फीसदी आरक्षण प्रस्तावित है। अगले ही दिन विधान परिषद ने भी इसे पारित कर दिया। 30 मार्च को राज्यपाल ने यह विधेयक राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेज दिया। लेकिन, रमेश के मुताबिक, "चार महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद राष्ट्रपति की मंजूरी अब तक नहीं मिली है।" ये उचित नहीं। जयराम रमेश का कहना है, "तेलंगाना में भाजपा जानबूझकर अड़चनें पैदा कर रही है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा की सामाजिक न्याय के प्रति वास्तविक मंशा संदेहास्पद है। वरना और किस कारण से चार महीने से अधिक समय तक राष्ट्रपति की मंजूरी रोकी जाए?"

**खबर संक्षेप**

## सरसों, मूंगफली को छोड़कर बाकी तेल-तिलहन में सुधार

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन को छोड़कर बाकी सभी के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में सरसों तेल के दाम आयातित खाद्य तेलों के मुकाबले 35-40 रुपये किलो अधिक रहे और इस भाव पर सरसों का खपना मुश्किल है।

## मैरिको को भारतीय कारोबार दोगुना होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख मैरिको अगली एक या दो तिमाहियों में घरेलू बाजार में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद कर रही है। मैरिको के प्रबंध निदेशक और सीईओ सौगात गुप्ता ने कहा कि मूल फ्रेंचाइज और कारोबार के विस्तार के साथ कंपनी को यह लक्ष्य हासिल होने की उम्मीद है। गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कंपनी ने घरेलू कारोबार में नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और अब मैरिको का लक्ष्य इस साल कीमतों में बदलाव के दम पर राजस्व में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हासिल करना है।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट

ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# आरबीआई का सख्त नियम, बैंकों को 15 दिनों में निपटाना होगा मृत ग्राहकों के क्लेम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सत्यापन के लिए दावा प्रपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र और नामित का वैध दस्तावेज जमा करना होगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मृत ग्राहकों के बैंक खातों और लॉकर से संबंधित दावों का निपटान 15 दिन के भीतर करने की विशेष पहल की है।

केंद्रीय बैंक ऐसे मामलों का तय समयसीमा के भीतर निपटारा करने और किसी भी देरी के लिए नामांकित व्यक्तियों को मुआवजा देने के लिए फॉर्म को मानकीकृत करने की योजना बना रहा है। आरबीआई ने मृत बैंक ग्राहकों के बैंक खातों और सुरक्षित जमा लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान के लिए मानक प्रक्रियाएं लाने का प्रस्ताव किया है। इसका मकसद निपटान को और अधिक सुविधाजनक और सरल बनाना है।

### सरल प्रक्रिया अपनाने पर जोर

मसौदे के अनुसार, बैंक को उन जमा खातों में दावों के निपटान के लिए एक सरल प्रक्रिया अपनानी चाहिए, जहां मृतक जमाकर्ता ने कोई नामांकन नहीं किया है, ताकि दावेदार या कानूनी उत्तराधिकारी को असुविधा से बचाया जा सके। ऐसे दावों के निपटान के लिए बैंक को अपनी जोखिम प्रबंधन प्रणालियों के आधार पर न्यूनतम 15 लाख रुपए की सीमा तय करनी चाहिए।

**उद्देश्य निपटान को और अधिक सुविधाजनक और सरल बनाना**

### नॉमिनी के खाते व लॉकर के लिए सभी बैंकों की अपनी प्रणाली

वर्तमान में, मृतक के 'नॉमिनी' व्यक्ति द्वारा खाते और लॉकर से संबंधित दावों के संबंध में सभी बैंकों की अपनी प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं। इसी प्रकार, बिना 'नॉमिनी' वाले खातों के लिए बैंकों की प्रक्रियाओं में कुछ भिन्नता हो सकती है। इस कदम से प्रक्रिया मानकीकृत और सरल होगी। मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों को 'नॉमिनी' व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारियों के किए गए दावों के शीघ्र और परेशानी मुक्त निपटान की सुविधा के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है।



### नामिनी का वैध दस्तावेज जमा करना होगा

मसौदे में कहा गया है कि यदि जमा खातों या लॉकर के लिए किसी व्यक्ति को नामित किया गया है, तो उसे पहचान और पते के सत्यापन के लिए दावा प्रपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र (मृत ग्राहक) और नामित (नामिनी) का आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज जमा करना होगा।

### 27 अगस्त तक टिप्पणियां मांगी

इस दिशा में, केंद्रीय बैंक ने परिपत्र का मसौदा-भारतीय रिजर्व बैंक (बैंकों के मृत ग्राहकों के संबंध में दावों का निपटान) निर्देश, 2025' जारी किया है और 27 अगस्त तक इस पर टिप्पणियां मांगी हैं। मसौदे में कहा गया, 'बैंक दावों और अन्य दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए मानकीकृत प्रपत्रों का उपयोग करेगा।' इसमें दावों के निपटान में देरी होने पर मुआवजे का भी प्रावधान है।

## नोबल पुरस्कार विजेता बनर्जी ने कहा, भारत को विचार करना होगा

# अमेरिकी शुल्क के बाद सोचना होगा कि सस्ता रूसी तेल फायदेमंद है या नहीं: अभिजीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारत को विचार करना चाहिए कि रूस से सस्ते तेल का आयात फायदेमंद है या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले हफ्ते एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें भारत के रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया गया था। इससे भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा, जो दुनिया में किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है।

### 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा

अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। बनर्जी ने बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम के मौके पर पीटीआई-भाषा से कहा, ''हमें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा कि क्या रूस से तेल आयात करने लायक है या फिर अमेरिका जाकर यह कहना होगा कि अगर हम रूसी तेल का आयात बंद कर दें, तो क्या वे इसे (शुल्क) हटा लेंगे।'

**रूस से सस्ता तेल का आयात फायदेमंद है या नहीं देखना होगा**

**ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारतीय वस्तुओं पर शुल्क लगाने की घोषणा की**






### रूसी तेल पर छूट अब घट गई

ऐसा इसलिए भी है क्योंकि रूसी तेल पर छूट अब घटकर लगभग दो अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रह गई हैं। यह पूछने पर कि क्या भारत को चीन से निवेश पर लगे प्रतिबंध हटाने चाहिए, बनर्जी ने कहा, ''हमें इसे चीन के साथ व्यापार वार्ता के जरिये जोड़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, ''मुझे लगता है कि ऐसा करने का यह सही समय है। चीन को भी यह सोचने की जरूरत है कि वे अमेरिका के साथ कैसे व्यापार करेंगे और उनके पास क्या लाभ हैं।''

### गैर-छूट वाले निर्यात पर असर पड़ेगा

चूंकि भारी शुल्क से भारत द्वारा अमेरिका को किए जाने वाले 27 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-छूट वाले निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है, इसलिए रूस से तेल आयात रोकने या कम करने की चर्चा हो रही है।

### भारत ने अगस्त, सितंबर के लिए नहीं दिया आर्डर

प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा, ''इसके बारे में सोचना गलत नहीं है। हमारे कुछ निर्यात 25 प्रतिशत शुल्क पर ही प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, इसलिए शायद 50 प्रतिशत (शुल्क) कोई मायने नहीं रखता। भारत रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है, और उसने जुलाई में प्रतिदिन 16 लाख बैरल तेल खरीदा था। हालांकि, देश ने अगस्त और सितंबर के लिए कोई ऑर्डर नहीं दिया है।

### *चीन, आसियान से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण*

*यह पूछने पर कि क्या भारत को आसियान व्यापार समूह में शामिल होना चाहिए, उन्होंने कहा, ''शायद, मुझे लगता है कि हमें ऐसा करना चाहिए। मुझे लगता है कि चीन, आसियान से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा, ''यह उतना अच्छा नहीं रहेगा, जितना हमने उम्मीद की थी।''*

### *मध्यम वर्ग वास्तव में संकट में*

*बनर्जी ने बताया कि मध्यम वर्ग वास्तव में संकट में है, और पिछले कुछ वर्षों से निजी निवेश में भी कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, ''टीसीएस जैसी कंपनियां भर्ती नहीं कर रही हैं, आईटी कर्मचारियों का वेतन नहीं बढ़ रहा है... ये सभी ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे हम निपट नहीं पाए हैं। हमें इस तथ्य को स्वीकार करना होगा।''*

## चौहान आज 30 लाख किसानों को 3,200 करोड़ के फसल बीमा दावों का हस्तांतरण करेंगे


**नई दिल्ली (भाषा)।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत 30 लाख किसान लाभार्थियों को 3,200 करोड़ रुपये की फसल बीमा दावा राशि डिजिटल रूप से हस्तांतरित करेंगे। राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पीएमएफबीवाई दावा राशि हस्तांतरित की जाएगी। चौहान के अलावा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार कुल दावा राशि में 1156 करोड़ रुपये मध्य प्रदेश के किसानों को, 1121 करोड़ रुपये राजस्थान के किसानों को, 150 करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ के किसानों को और 773 करोड़ रुपये अन्य राज्यों के किसानों को हस्तांतरित किए जाएंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र ने किसानों के हित में एक नई सरलीकृत दावा निपटान प्रणाली लागू की है, जिसके तहत राज्य के प्रीमियम अंशदान का इंतजार किए बिना, केवल केंद्रीय सब्सिडी के आधार पर दावों का आनुपातिक भुगतान किया जा सकेगा। उन्होंने बयान में कहा, ''खरीफ 2025 सत्र से, अगर कोई राज्य सरकार अपने सब्सिडी अंशदान में देरी करती है, तो उस पर 12 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा, और इसी तरह अगर बीमा कंपनियां भुगतान में देरी करती हैं, तो उन पर भी 12 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा।'' प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की 2016 में शुरुआत के बाद से इसके तहत 1.83 लाख करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया है, जबकि किसानों ने केवल 35,864 करोड़ रुपये का प्रीमियम चुकाया है।

### पीएनबी 5,000 करोड़ रुपए के एनपीए एआरसी बेचेगी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने चालू वित्त वर्ष के दौरान परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को बेचने के लिए लगभग 100 गैर-निष्पादित आस्ति (एनपीए) खातों की पहचान की है। पीएनबी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने साक्षात्कार में बताया, ''हमने 100 से ज्यादा खातों की पहचान की है... इनका कुल आकार लगभग 4-5 हजार करोड़ रुपये होगा। यह बकाया खाता (एआरसी को बिक्री के लिए) है। इस बिक्री से बैंक को मिलने वाली राशि के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ''हमें कम से कम 40-50 प्रतिशत वसूली की उम्मीद है। इसके जरिये भी हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में अच्छी वसूली होगी।

## महंगाई के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- एफआईआई के रुख व व्यापार तनाव भी डालेंगे बाजार पर असर
- कंपनियों के तिमाही नतीजों ने भी बाजार की चाल रोकी है

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ों, व्यापार से जुड़े घटनाक्रमों, कंपनियों के तिमाही नतीजों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक बाजार के रुझान भी कारोबारी धारणा को प्रभावित करेंगे। शुक्रवार यानी 15 अगस्त को शेयर बाजार स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह सभी की निगाह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों, भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों से जुड़े घटनाक्रमों पर रहेगी। अब तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने वाला है। सप्ताह के दौरान अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, आईओसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल और अन्य कंपनियों के नतीजे आएंगे, जिससे शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 742.12 अंक या 0.92 प्रतिशत और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 202.05 अंक या 0.82 प्रतिशत नीचे आया।

### *12 अगस्त को अमेरिकी मुद्रास्फीति का आएगा आंकड़ा*

*मीणा ने कहा, ''भारत, अमेरिका और चीन इस सप्ताह महत्वपूर्ण आंकड़े जारी करेंगे। ऊंचे शुल्क की वजह से 12 अगस्त को आने वाला अमेरिका का मुद्रास्फीति का आंकड़ा काफी महत्व रखता है। भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़े भी उसी दिन जारी होंगे।''*

## अमेरिकी शुल्क से दो अरब डॉलर के झींगा निर्यात पर संकट

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिका शुल्क के कारण देश का झींगा निर्यात उद्योग गंभीर संकट से जूझ रहा है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात संघ (एसईएआई) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क के मद्देनजर सरकार से इस उद्योग के लिए आपात वित्तीय समर्थन मांगा है। संघ ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से संपर्क कर कहा है कि अमेरिकी शुल्क की वजह से उद्योग को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने सरकार से सस्ते कर्ज के जरिये कार्यशील पूंजी में 30 प्रतिशत की वृद्धि, ब्याज सहायता के जरिये मार्जिन की भरपाई और पैकेजिंग से पहले और बाद के कार्यों के लिए 240 दिन की कर्ज भुगतान की छूट का आग्रह किया है। एसईएआई के महासचिव के एन राघवन ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''करीब दो अरब डॉलर मूल्य के झींगा निर्यात में गंभीर व्यवधान आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका ने जवाबी शुल्क को 25 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है।

### एआई एक्सप्रेस का घरेलू किराया 1279 रुपए से शुरू

**कोच्चि।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रविवार को भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 'फ्रीडम सेल' की घोषणा की है। इस सेल के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर लगभग 50 लाख सीटें उपलब्ध होंगी, जिनकी शुरुआती कीमत घरेलू उड़ानों के लिए 1,279 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4,279 रुपये रखी गई है। एयरलाइन कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस सेल के तहत 19 अगस्त, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक की यात्रा के लिए बुकिंग 15 अगस्त तक खुली है। घरेलू उड़ानों के लिए किराया 1,279 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4,279 रुपये से शुरू हो रहा है।


## राशिफल


**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।


**मिथुन** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।


**कर्क** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**सिंह** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


**कन्या** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**तुला** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।


**वृश्चिक** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।


**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।


**कुंभ** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।


**मीन** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## रक्षा बंधन पर रक्षा का संकल्प, धराली, उत्तरकाशी आपदा प्रभावितों के लिए पतंजलि ने भेजी राहत सामग्री


**हरिद्वार।** धराली उत्तरकाशी में आई भीषण त्रासदी में प्रभावितों की सहायता के लिए पतंजलि योगपीठ ने हाथ बढ़ाया है। पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव जी, महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी तथा पतंजलि फूड्स के एम.डी. रामभरत जी ने प्रारंभिक तौर पर 3 ट्रक आपदा राहत सामग्री धराली, उत्तरकाशी रवाना की, और सम्पूर्ण देशवासियों से इस आपदा में प्रभावितों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया।इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी ने कहा कि इस त्रासदी में जो जीवन समाप्त हो गए उन्हें तो कोई लौटा नहीं सकता लेकिन जो लोग जो बाढ़ से बहुत ज्यादा प्रभावित हैं, ऐसे लगभग 500 परिवारों के रोजमर्रा की नितांत आवश्यक वस्तुएँ जैसे- आटा, चावल, दालें, नमक, मसाले, बरसात से बचने के लिए तिरपाल, बर्तन, टूथपेस्ट, ब्रश, साबुन आदि हर्षिल, धराली रवाना की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मौसम की अनुकूलता होने पर आपदा पीड़ितों की और मदद की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ-साथ बड़ी स्वदेशी कम्पनियों को भी आड़े हाथों लिया।




## भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए भूमि सुधारों की जरूरतः सीआईआई

**नई दिल्ली (भाषा)।** उद्योग निकाय सीआईआई ने रविवार को कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए देश भर में 3-5 प्रतिशत की एक समान स्टांप शुल्क दरों जैसे व्यापक भूमि सुधारों की जरूरत है। सीआईआई ने आम सहमति पर आधारित सुधारों के लिए जीएसटी परिषद जैसी संस्था के गठन पर जोर दिया। एक बयान में कहा गया कि संरक्षणवाद और व्यापार युद्ध के चलते चुनौतियां हैं, लेकिन भारत का स्थिर नीतिगत ढांचा, मजबूत औद्योगिक क्षमताएं, बड़ा घरेलू बाजार और युवा कार्यबल इसे एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाता है। इसके अलावा कई देशों के बीच एक विश्वसनीय और सक्षम भागीदार के रूप में भारत की प्रतिष्ठा से भी इसे बढ़त मिलती है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने प्रत्येक राज्य में एकीकृत भूमि प्राधिकरण स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है, और रूपांतरण प्रक्रिया के पूर्ण डिजिटलीकरण की भी वकालत की है। इसके अलावा राज्यों में स्टांप शुल्क दरों को 3-5 प्रतिशत की एक समान सीमा तक युक्तिसंगत बनाने का सुझाव दिया है। सीआईआई ने कहा कि राज्यों को ऐसी भूलेख प्रणाली अपनानी चाहिए जो स्पष्ट स्वामित्व सुनिश्चित करे।

## शब्द पहेली - 5955




**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5954 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | व | न | कु | मा | र | ■ | म | क | ब | रा |
| ला | न | ■ | त | ■ | स | ली | का | ■ | स | त |
| य | ■ | प | र | वा | ना | ■ | न | न | ■ | दि |
| न | का | र | ना | ■ | ■ | क | ■ | म | हा | न |
| वा | ■ | ख | ■ | स | ह | ल | ज | ■ | ज | ■ |
| दी | वा | ना | प | न | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | जि | ■ | र | स | ले | ना | ■ | न | ■ | री |
| ग | ब | न | ■ | नी | ■ | ■ | अ | वा | न्त | र |
| ज | ■ | शा | न | ■ | आ | ब | नू | स | ■ | र |
| रा | ज | ■ | ज | टा | यु | ■ | रू | ■ | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | ■ | ध | र्मो | प | दे | श | क |



# रोहित-विराट के संन्यास की अटकलें, ऑस्ट्रेलिया दौरा हो सकता है वनडे करियर का फेयरवेल!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित और विराट इसी साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम इंडिया का हिस्सा हो सकते हैं। कोहली और रोहित के लिए ये आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा हो सकता है। अटकलें लगाई जा रही है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे से भी संन्यास लेने जा रहे हैं? शर्मा और कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद एक साथ इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। इंग्लैंड दौरे से पहले रोहित-कोहली ने एक हफ्ते के अंतराल में टेस्ट से भी रिटायरमेंट ले ली थी।

भारत का अगला टूर्नामेंट एशिया कप है, जो सितंबर में टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। भारत का अगला वनडे ऑस्ट्रेलिया के साथ है, जो अक्टूबर में होगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये सीरीज इन दोनों की आखिरी वनडे



सीरीज भी साबित हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट में बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अगर रोहित और विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भी खेलना है तो उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी में खेलना पड़ सकता है। ये ट्रॉफी दिसंबर के अंत में शुरू होगी। बता दें कि दोनों इस साल शुरुआत में रणजी ट्रॉफी के बचे हुए मैचों में खेले थे, क्योंकि टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने फैसला किया था कि बिना कोई ठोस कारण के अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेल रहे प्लेयर्स डोमेस्टिक टूर्नामेंट को मिस नहीं कर सकते। इसमें भी रोहित और कोहली का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, जिसके बाद दोनों ने टेस्ट से भी रिटायरमेंट ले लिया था।

इसी बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने रोहित शर्मा से जुड़ा एक ऐसा पोस्टर जारी किया, जिसने भारतीय क्रिकेट फैन्स के बीच हलचल मचा दी। यह पोस्टर आईसीसी ने 2026 में भारत-इंग्लैंड के बीच इंग्लिश जमीन पर होने वाली व्हाइट बॉल सीरीज को लेकर जारी किया था। इस पोस्टर में रोहित शर्मा के अलावा हैरी ब्रूक की भी तस्वीर थी। रोहित जहां भारत की वनडे टीम के कप्तान हैं, वहीं ब्रूक व्हाइट बॉल क्रिकेट में इंग्लैंड की कप्तानी करते हैं।

### जब तक अच्छा कर रहे तब तक खेलना चाहिए: गांगुली

*कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के एकदिवसीय रिकॉर्ड को 'असाधारण' करार देते हुए कहा कि इन दोनों दिग्गजों को 50 ओवर के प्रारुप में तब तक खेलते रहना चाहिए जब तक कि उनका प्रदर्शन अच्छा है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कयास लगाया गया है कि ऑस्ट्रेलिया का आगामी दौरा इन दोनों खिलाड़ियों का आखिरी वनडे दौरा हो सकता है। गांगुली ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें ऐसे किसी बात की जानकारी नहीं है। गांगुली ने कहा, 'मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।*



### 9 सितंबर से टी-20 एशिया कप

दुबई में 9 सितंबर से शुरू होने वाले आगामी टी-20 एशिया कप के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने भारतीय टीम को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में पांच कड़े टेस्ट मैचों के बाद मिला आराम टीम के लिए बहुत जरूरी था। गांगुली ने कहा, ' खिलाड़ियों को विश्राम करने का जरूरी समय मिल गया है। उन्होंने आईपीएल के बाद पांच टेस्ट खेले और अब वे नौ सितंबर से एशिया कप खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'भारत बहुत मजबूत है। टीम अगर टेस्ट क्रिकेट में मजबूत हैं, तो वनडे और और भी ज्यादा मजबूत है। मैं समझता हूं कि भारत जीत का दावेदार होगा और दुबई की पिचों पर उन्हें हराना बहुत मुश्किल होगा।'

### 19 अक्टूबर से भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा

टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुण से संन्यास ले चुके इन दोनों खिलाड़ियों ने 2027 के विश्व कप के बारे में अपनी योजनाओं को अभी तक स्पष्ट नहीं किया है। भारत का एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में भारत घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा। भारती टीम 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो बार, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखलाओं में खेलेगी।

---

## खबर संक्षेप



### अल हिलाल और नुनेज के बीच 6 करोड़ 20 लाख डॉलर का एंग्रीमेंट

**लंदन।** सऊदी अरब के मशहूर फुटबॉल क्लब अल हिलाल ने ब्राजील के सुपरस्टार नेमार की जगह पर उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डार्विन नुनेज के साथ अनुबंध किया है। अल हिलाल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले नुनेज के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। रिपोर्टों के अनुसार यह अनुबंध छह करोड़ 20 लाख डॉलर में किया गया है। सऊदी अरब की सबसे सफल टीम अल हिलाल जनवरी में ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी नेमार को रिलीज करने के बाद एक और स्टार खिलाड़ी की तलाश में थी।

### बीसीबी ने मार्शल को किया एसीयू सलाहकार नियुक्त

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के पूर्व प्रमुख एलेक्स मार्शल को अपने संचालन की देखरेख के लिए एक साल के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है।




बीसीबी ने मार्शल के अलावा दो और महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। जूलियन वुड को तीन महीने के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है जबकि टोनी हेमिंग दो साल के लिए पिच प्रबंधन के प्रमुख का पद संभालेंगे और सभी अंतरराष्ट्रीय स्थलों और क्यूरेटर के प्रभारी होंगे।

### महिला हॉकी चैंपियनशिप: हरियाणा, झारखंड फाइनल में

**काकीनाड़ा।** हॉकी हरियाणा और हॉकी झारखंड ने जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में रविवार को 3-0 के समान अंतर से जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। कप्तान शशि काशा (आठवें मिनट) ने दिन के पहले सेमीफाइनल में हरियाणा को छत्तीसगढ़ हॉकी के खिलाफ शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद सुप्रिया (45वें मिनट, 47वें मिनट) ने लगातार दो गोल दागकर जीत सुनिश्चित की।

### भविष्य में रन बनाना जरूरी: नायर

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इस बात पर अफसोस जताया कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में मिली शुरुआत को वह बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए लेकिन वह समझते हैं कि इन निराशाओं को दूर करना उनके लिए भविष्य में रन बनाने के लिए जरूरी है। नायर ने आठ साल के अंतराल के बाद वापसी करते हुए चार टेस्ट मैच में 25 की औसत से 205 रन बनाए, जिसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है। नायर ने कहा, 'मैं ओवल में मिली शुरुआत (जहां उन्होंने 57 रन बनाए) को शतक में नहीं बदल पाने से निराश था।



---

### ऑस्ट्रेलिया ने लगातार नौवां टी-20 जीता, डार्विन ग्राउंड पर पहली जीत

# टिम डेविड की 83 रन की आतिशी पारी से ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

एजेंसी ▶▶| डार्विन

- टिम ने लगाए 8 छक्के और 4 चौके
- अफ्रीका को 17 रन से हराया

टिम डेविड की आठ छक्के जड़ित 83 रन की आक्रामक पारी से ऑस्ट्रेलिया ने डार्विन में 17 साल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी का जश्न पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराकर मनाया। डेविड की 52 गेंद की शानदार पारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती सात ओवरों में पांच बड़े बल्लेबाजों के विकेट गंवाने के बावजूद पारी की आखिरी गेंद पर ऑल आउट होने से पहले 178 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन (71) और ट्रिस्टन स्टब्स (37) के बीच चौथे विकेट की 72 रन की साझेदारी के दौरान दक्षिण अफ्रीका जीत की ओर अग्रसर लग रहा था लेकिन जोश हेजलवुड (37 रन तीन विकेट) ने 15 ओवर में दो विकेट चटकाये जिसके बाद बेन ड्वार्शुइस(26 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल ने रिकेल्टन का कमाल का कैच लपककर मैच में ऑस्ट्रेलिया की वापसी करा दी। जिम्बाब्वे दौरे के दौरान विश्राम करने वाले कप्तान एडेम मारक्रम ने पारी के पहले ओवर में हेजलवुड के खिलाफ तीन चौके जड़ शानदार आगाज किया लेकिन वह इसी ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हो गये।



### युवा पेस सनसनी क्वेन मफाका ने चार विकेट लिए

पांचवें नंबर पर आए टिम डेविड ने चार चौके और आठ छक्के लगाए। यानी 83 में से 64 रन बाउंड्रीज से निकले। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 159.61 रहा। टिम डेविड जब बैटिंग करने आए तो ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 75/6 था। यहां से उन्होंने टीम को 164/8 तक पहुंचाया। टिम डेविड की तूफानी पारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 178 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए युवा पेस सनसनी क्वेन मफाका ने चार विकेट लिए। कागिसो रबाडा को दो तो लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे और सेनुरन मुथुसामी की झोली में एक-एक विकेट आए। मालूम हो कि साउथ अफ्रीकी टीम इस वक्त ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है, जहां पहले तीन टी-20 मैच की सीरीज होगी इसके बाद इतने ही मुकाबलों की वनडे श्रृंखला भी खेली जाएगी।

### मार्श ने पहली बॉल पर सिक्स लगाकर बनाया बड़ा रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच 3 मैच की रोमांचक टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 10 अगस्त को खेला गया। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज करने के लिए उनके कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड आए। मार्श ने मैच की पहली बॉल पर ही लुंगी एनगिडी के खिलाफ शानदार छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी और कप्तान एरोन फिंच के बाद टी20 मैच की पहली बॉल पर छक्का लगाने वाले मिचेल मार्श सिर्फ दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं। फिंच ने 2022 में भारत के खिलाफ भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर यह कारनामा किया था। हालांकि, मार्श ज्यादा देर तक पिच पर टिक नहीं पाए। वह 7 गेंद खेलकर 13 रन बनाकर आउट हो गए। मार्श ने अपनी पारी में एक छक्के के साथ-साथ एक चौका भी लगाया।

---

उपलब्धि

# एशियाई सर्फिंग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने बुधियाल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



भारत के रमेश बुधियाल ने एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। बुधियाल इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 15.17 अंक के साथ स्वर्ण पदक, जबकि इंडोनेशिया के पजार एरियाना ने 14.57 अंक के साथ रजत पदक जीता।

ओपन महिला वर्ग में जापान की अनरी मात्सुनो (14.90 अंक) ने हमवतन सुमोमो सातो (13.70) की कड़ी चुनौती से पार पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। थाईलैंड की इसाबेल हिग्स ने 11.76 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 14.33 अंक प्राप्त कर अंडर-18 बालक वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। चीन के शिदोंग वू (13.10) और शुलोउ जियांग (8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। लड़कियों के अंडर-18 वर्ग में चीन की सिकी यांग ने 14.50 अंकों के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हम वतन शुहान जिन (10.33) ने रजत पदक जीता। थाईलैंड की इसाबेल (8.10 अंक) ने कांस्य पदक हासिल किया।

### दीक्षा ने पार स्कोर बनाया, 13वें स्थान पर रहीं

**लंदन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पार 73 का स्कोर बनाया। पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर मौजूद दीक्षा अब संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर खिसक गई हैं। दीक्षा के अलावा प्रणवी उर्स और अदिति अशोक भी कट हासिल करने में सफल रहीं। प्रणवी (75-71) पार के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। अदिति (73-74) का कुल स्कोर एक ओवर है और वह संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। भारत की अवनि प्रशांत (76-76) कट हासिल करने में नाकाम रहीं जो तीन ओवर पर तय किया गया था।

---

30 सितंबर से शुरू होगा वनडे विश्व कप

# विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड ने भारत में शुरू की प्रैक्टिस



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला वनडे विश्व कप को शुरू होने में अब दो महीने से भी कम समय बचा है और न्यूजीलैंड की कई प्रमुख खिलाड़ी इस वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारी के सिलसिले में चेन्नई पहुंच गई हैं। इस दस सदस्यीय टीम में सात क्रिकेटर केंद्रीय अनुबंधित हैं और वे मुख्य कोच बेन सॉयर और सहायक कोच क्रेग मैकमिलन के मार्गदर्शन में चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी में दो सप्ताह के शिविर में भाग ले रहे हैं। न्यूजीलैंड की टीम महिला टी-20 विश्व कप की मौजूदा चैंपियन है और वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप में जीत हासिल करके अपने नाम पर दोहरा खिताब दर्ज करने की कोशिश करेगी।

### अभियान की शुरुआत एक अक्टूबर को इंदौर में

सात अनुबंधित खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज जेस केर, युवा सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और ऑलराउंडर ब्रुक हॉलिडे भी शामिल हैं। इनके अलावा इजी शार्प, फ्लोरा डेवोनशर और एम्मा मैकलियोड जैसी उभरती हुई खिलाड़ी भी शिविर में भाग ले रही हैं। सॉयर ने कहा कि भारत में अभ्यास शिविर लगाने का फैसला इसलिए किया गया है क्योंकि न्यूजीलैंड में अभी सर्दी का मौसम है। सॉयर ने कहा, 'इस समय न्यूजीलैंड में सर्दी का मौसम है और वहां अभी किसी तरह की क्रिकेट नहीं खेली जा रही है जबकि विश्व कप शुरू होने में अब दो महीने से भी कम समय बचा है। मुझे पूरा विश्वास है कि यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के बाद हमारे खिलाड़ी विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खिलाड़ियों को फिट बनाए रखने के लिए न्यूजीलैंड आहार विशेषज्ञ की भी मदद ले रहा है। सॉयर ने कहा, 'हमने पिछले पांच दिनों में वास्तव में कड़ा अभ्यास किया है। हम यहां की परिस्थितियों में ढलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।' न्यूजीलैंड महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत एक अक्टूबर को इंदौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

---

## डाइविंग से बचाव...




**टोरंटो।** फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ एमएलएस फुटबॉल मैच के दूसरे हाफ के दौरान डाइविंग से बचाव करते हुए टोरंटो एफसी के गोलकीपर लुका गवरन।

---

# जापान के दो मुक्केबाजों की सिर में चोट लगने से मौत

एजेंसी ▶▶| टोकियो

जापान के दो मुक्केबाजों की तोक्यो के कोराकुएन हॉल में अलग-अलग मुकाबलों में मस्तिष्क में चोट लगने के कारण मौत हो गई। पहली घटना 2 अगस्त को घटी जब 28 वर्षीय शिगेतोशी कोटारी ओरिएंटल एंड पैसिफिक बॉक्सिंग फेडरेशन के जूनियर लाइटवेट चैंपियन यामातो हाटा के खिलाफ 12 राउंड का ड्रॉ पूरा करने के तुरंत बाद बेहोश हो गए। उनकी सबड्यूरल हेमेटोमा (एक ऐसी स्थिति जिसमें मस्तिष्क और खोपड़ी के बीच खून जमा हो जाता है) के लिए आपातकालीन सर्जरी की गई थी, लेकिन शुक्रवार को उनकी मृत्यु हो गई।



पेशेवर मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था विश्व मुक्केबाजी संगठन (डब्ल्यूबीओ) ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुक्केबाजी जगत जापान के मुक्केबाज शिगेतोशी कोटारी की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करता है। वह रिंग में योद्धा थे। उनके परिवार और जापान के मुक्केबाजी समुदाय के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं।'

---

### पांच खिलाड़ियों ने जीते सिल्वर मेडल और 2 कांस्य पदक किए अपने नाम

# निशा और मुस्कान ने जीता गोल्ड, भारत के नाम रहे 9 पदक

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारतीय युवा मुक्केबाजों ने अंडर-19 एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। महिला मुक्केबाज निशा और मुस्कार ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि अन्य पांच खिलाड़ियों ने रजत पदक जीते। इस प्रतियोगिता के अंडर 19 वर्ग में भाग लेने वाली 10 महिला मुक्केबाजों में से नौ पदक जीतकर वापस लौटेंगी, जिनमें दो स्वर्ण और पांच रजत के अलावा दो कांस्य पदक शामिल हैं।



### भारत के अंडर-22 में पहले ही 13 पदक पक्के

विनी 60 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की सेवारा ममातोवा से हार गईं, जबकि 65 किग्रा के खिताबी मुकाबले में जापान की अरिंदा अकीमोटो ने निशा को 4-1 से हराया। पुरुष वर्ग के फाइनल में भी तीन भारतीय मुक्केबाज चुनौती पेश करेंगे। भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-22 वर्ग में पहले ही 13 पदक पक्के कर लिए हैं। इसके स्वर्ण पदक के मैच सोमवार को खेले जाएंगे। भारत ने अंडर-19 और अंडर-22 वर्ग में इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 40 खिलाड़ियों का दल उतारा है।

### भारतीय मुक्केबाजों ने दी कड़ी चुनौती

भारतीय खिलाड़ियों ने कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और चीन जैसे देशों के मुक्केबाजों को कड़ी चुनौती देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। निशा ने 54 किग्रा वर्ग में चीन की सिरुई यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपने खेल के स्तर को ऊंचा करते हुए 3-1 से जीत दर्ज की, जबकि मुस्कान (57 किग्रा) ने आक्रामक इरादे दिखाते हुए कजाकिस्तान की अयाझान एर्मेक की चुनौती को 3-2 के खंडित फैसले से मात दी। आरती कुमारी (75 किग्रा) को चीन की टोंगटोंग गु से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कृतिका वासन (80 किग्रा) का प्रयास कजाकिस्तान की कुराले येगिनबाइकिजी के खिलाफ 2:3 से हार से बचने के लिए काफी नहीं था। पारची टोकस (80+ किग्रा) को उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन शाहोबिदिनोवा के खिलाफ इसी तरह के अंतर से हार मिली।

**थल सेनाध्यक्ष उपेंद्र बोले**

# पाक से अगला युद्ध जल्द हो सकता है, हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। उन्होंने साफ किया कि ऑपरेशन सरकार की रणनीतिक स्पष्टता और राजनीतिक इच्छाशक्ति से प्रेरित था। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में सेना को 'फ्री हैंड' दिए जाने की भी सराहना की। थल सेनाध्यक्ष ने आईआईटी मद्रास में 'अग्निशोध'- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (आईएआरसी) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो रविवार को सामने आया।

• थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने साफ किया कि ऑपरेशन सरकार की रणनीतिक स्पष्टता और राजनीतिक इच्छाशक्ति से प्रेरित था। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में सेना को 'फ्री हैंड' दिए जाने की भी सराहना की

**ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने फ्रीहैंड दिया था पाकिस्तान के साथ हमने शतरंज की चाले चलीं 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात हुई थी**



## ऑपरेशन सिंदूर ग्रे जोन मिशन था

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमने शतरंज खेला। हमें नहीं पता था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम इसके जवाब में क्या करेंगे। इसे ग्रेजोन कहते हैं। ग्रेजोन का मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। हम जो कर रहे हैं वह शतरंज के खेल जैसा था। दुश्मन की अगली चाल का अंदाजा लगाना मुश्किल था। और दुश्मन भी शतरंज की चालें ही चल रहा था। किसी पल हम उन्हें शह और मात दे रहे थे। लेकिन तमाम जोखिमों के बावजूद भारत ने पाकिस्तान को शह और मात देते हुए जीत हासिल की।

**25 अप्रैल को बनाई योजना**

*जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की योजना तैयार की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है जिसने पूरे देश को प्रेरित किया। यही कारण है कि पूरा देश कह रहा था कि आपने इसे क्यों रोक दिया? यह सवाल पूछा जा रहा था और इसका भरपूर जवाब दिया गया है।*

### रक्षा मंत्री ने कहा- आप तय करें

जनरल द्विवेदी ने कहा कि 23 अप्रैल (पहलगाम हमले के एक दिन बाद) को जब हम सभी एक साथ बैठे। तब पहली बार रक्षा मंत्री ने साफ कहा कि बस, अब बहुत हो गया। अब कुछ करना पड़ेगा। तीनों सेना प्रमुखों का मानना था कि कुछ-न-कुछ किया जाना चाहिए। हमें खुली छूट दी गई। कहा गया कि आप (सेना) तय करें कि क्या करना है। इस तरह का आत्मविश्वास, राजनीतिक दिशा और राजनीतिक स्पष्टता हमने पहली बार देखी।

### डिफेंस टेक्नोलॉजी में बड़ा कदम

आईआईटी मद्रास में 'अग्निशोध'- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (आईएआरसी) डिफेंस टेक्नॉलॉजी में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य सैन्य कर्मियों को एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कंप्यूटिंग, वायरलेस कम्युनिकेशन और अनमैन्ड सिस्टम जैसे एरिया में कुशल बनाना है। जिससे टेक्नॉलॉजी की योग्यता रखने वाली फोर्स बनाई जा सके।

---

## खबर संक्षेप



### ट्रंप को थैंक्यू बोलने में क्या बुराई?: आशा

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी निवेशक और रिपब्लिकन पार्टी की इकलौती भारतीय-अमेरिकी मेगाडोनर आशा जडेजा मोटवानी ने भारत को सलाह दी है कि ट्रंप को थैंक्यू बोलने में बुराई क्या है? उन्होंने कहा कि 'ट्रंप ने अपने दो मंत्रियों को भारत और पाकिस्तान से बात करने और सीज़फ़ायर कराने की अनुमति दी थी। यह प्रयास सफल हुआ या नहीं, यह मुद्दा नहीं है, उनकी नीयत नेक थी। हमें उन्हें एक फूल और अच्छा-सा कार्ड देकर 'थैंक्यू' कहना चाहिए।

### केन्या में बस खाई में गिरी, 21 लोगों की मौत



**नैरोबी।** दक्षिण-पश्चिमी केन्या में अंतिम संस्कार से शोक संतप्त लोगों को घर ले जा रही बस खाई में गिर गई। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई। बस पश्चिमी शहर काकामेगा से न्यांजा प्रांत के किसुमु शहर जा रही थी, जहां हादसा हुआ। यातायात प्रवर्तन अधिकारी पीटर मैना के अनुसार, बस के एक गोल चक्कर के पास पहुंचने पर चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में गिर गई। मृतकों में 10 महिलाएं, 10 पुरुष और 10 साल की बच्ची शामिल है।

### हथियार डिपो में धमाका 6 सैनिकों की मौत



**बेरूत।** लेबनानी सेना के एक हथियार डिपो में हुए धमाके में छह लोगों की मौत हो गई है। लेबनानी सेना ने शनिवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। घटना दक्षिणी लेबनान के वादी जिबकान इलाके की है। धमाके की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है और इसकी जांच की जा रही है। लेबनानी सेना, संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के साथ मिलकर दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों को खत्म करने में जुटी है। हालांकि हिजबुल्ला द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है।

### अमेरिका में तूफान से एक की मौत, फरार हुए कैदी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्वी नेब्रास्का में आए तेज तूफान ने एक महिला की जान ले ली और एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। नेब्रास्का की राजधानी लिंकन में तूफान के चलते राज्य जेल की दो आवास इकाइयां क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे 387 कैदी फरार हो गए। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। अग्निशमन विभाग ने बताया कि नेब्रास्का के टू रिवर्स पार्क में एक गाड़ी पर पेड़ गिर गया जिससे गाड़ी में सवार महिला की मौत हो गई।

---

**ऑपरेशन सिंदूर पर उठाया सवाल**

## भड़के पूर्व राजदूत केपी ने कहा कांग्रेस का बयान गैरजिम्मेदाराना



**कांग्रेस चीजों को गहराई से नहीं समझ रही**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के ऑपरेशन सिंदूर पर किए गए खुलासे को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए थे। इसे लेकर पूर्व राजदूत केपी फैबियन ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिम्मेदारी भरा काम नहीं कर रही है। वह चीजों को गहराई से समझ नहीं रही है। उन्होंने कहा कि वायुसेना प्रमुख का बयान हमें आश्वस्त करने वाला है।

■ वायुसेना प्रमुख का बयान आश्वस्त करने वाला

मगर अब कुछ लोग रणनीति, ग्रे जोन या अन्य क्षेत्रों के गहन ज्ञान के बजाय सामान्य ज्ञान पर भरोसा करते हुए फिर से पूछेंगे कि यह सब कब हुआ? युद्ध तीन महीने पहले 10 मई को समाप्त हो गया था। हमें अब क्यों बताया जा रहा है? वायुसेना प्रमुख या सेना प्रमुख को हमें ये बातें बताने से किसने रोका था?

### भारत का मकसद सर्जिकल स्ट्राइक था

*उन्होंने कहा कि मुझे डर है कि कांग्रेस जिम्मेदारी से पेश नहीं आ रही है। यह संघर्ष पीओके को आजाद कराने के लिए नहीं था। हमारा मकसद आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बुनियादी ढांचे पर सर्जिकल स्ट्राइक करना था। फिर पाकिस्तान हम पर हमला करके अपनी हरकतें बढ़ाएगा। फिर हमने इतनी जोरदार जवाबी कार्रवाई की कि पाकिस्तान अमेरिका जाकर रो पड़ा। अब कांग्रेस सवाल कर रही है कि पीएम मोदी राष्ट्रपति ट्रंप को झूठा क्यों नहीं कह रहे हैं; यह कूटनीतिक नहीं है। एक सरकार का मुखिया दूसरे सरकार के मुखिया को झूठा नहीं कह सकता।*

### भारत को तुरंत बयान देना था

पूर्व राजदूत ने कहा कि एक क्षेत्र ऐसा है जहां भारत बेहतर कर सकता था, वो यह कि जब पाकिस्तानी डीजीएमओ ने युद्धविराम की मांग की, तो भारत तुरंत बयान दे सकता था कि पाकिस्तान ने युद्धविराम की मांग की है और हम इस पर विचार कर रहे हैं। भारतीय डीजीएमओ को भारतीय नेतृत्व से सलाह-मशविरा करके हां और न में जवाब देना चाहिए था।

---

**वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन ने राज्यसभा में दी जानकारी**

# भारत की ओमान के साथ ट्रेड डील पर बातचीत पूरी

**पांच साल में 5 एफटीए पर हुए हस्ताक्षर, भारत और ओमान के संबंधों का इतिहास पुराना**

*केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संसद के उच्च सदन को अवगत कराया कि भारत ने पिछले पांच वर्षों में अपने व्यापार संबंधों को मजबूत किया है और इस दौरान पांच प्रमुख मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही कई नए समझौतों पर बातचीत चल रही है।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ओमान के बीच व्यापक व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी हो गई है। सरकार ने राज्यसभा में दिए एक जवाब में ये जानकारी दी। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में कांग्रेस सदस्य हेबी माथेर हिशाम द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में बताया कि भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत साल 2023 में शुरू हुई थी। अब भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत पूरी हो गई है। हालांकि उन्होंने अभी ये नहीं बताया कि भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने का औपचारिक कार्यक्रम कब होगा। जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत और ओमान के बीच मित्रता और सहयोग का एक पुराना इतिहास है, जो आपसी विश्वास और सम्मान की नींव पर टिका है, और सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंध रहे हैं।




पीएम नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक

### भारत ने व्यापार संबंधों को मजबूत किया

जितिन प्रसाद ने संसद के उच्च सदन को अवगत कराया कि भारत ने पिछले पांच वर्षों में अपने व्यापार संबंधों को मजबूत किया है और इस दौरान पांच प्रमुख मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही कई नए समझौतों पर बातचीत चल रही है। पिछले 5 वर्षों में जिन मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, उनमें साल 2021 में लागू भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौता, 2022 में भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता और भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता, साल 2024 में भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता, और साल 2025 में भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता शामिल हैं।

### तुर्किये और अजरबैजान पर कोई प्रतिबंध नहीं

इससे पहले जितिन प्रसाद ने लोकसभा में बताया था कि भारत ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापार या पर्यटन गतिविधियों को निलंबित या प्रतिबंधित करने का कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के तहत भारत के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है, जिसमें स्टील, एल्युमिनियम और संबंधित उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क के संबंध में परामर्श की मांग की गई थी।

### दोनों देश रणनीतिक साझेदार

जितिन प्रसाद ने कहा कि दोनों देश रणनीतिक साझेदार हैं और 1955 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंध लगातार फल-फूल रहे हैं। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को साल 2008 में रणनीतिक साझेदारी में बदला गया।

### कई देशों के साथ एफटीए पर चल रही बातचीत

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता इस साल के अंत में लागू होने की उम्मीद है। भारत-यूके समझौता भी अभी तक लागू नहीं हुआ है। इस बीच, भारत कई अन्य समझौतों पर बातचीत कर रहा है, जिनमें भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता, भारत-श्रीलंका आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौता, भारत-पेरू एफटीए, भारत-चिली एफटीए, भारत-न्यूजीलैंड एफटीए और यूएस के साथ एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता शामिल है।

---

**अरब सागर में अपनी सीमाओं में आज से शुरू होगा युद्धाभ्यास**

## भारत और पाकिस्तान की नौसेना करेगी अलग अलग अभ्यास, जारी किया नोटम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान की नौसेनाएं अरब सागर में अलग-अलग दो दिनों तक अभ्यास करने वाली हैं। भारतीय नौसेना के युद्धपोत 11-12 अगस्त को अरब सागर में अभ्यास करेंगे। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तानी नौसेना ने भी अपने जलक्षेत्र में अभ्यास करने के लिए नोटम जारी किया है। रक्षा अधिकारियों ने इन अभ्यासों के लिए दोनों नौसेनाओं के बीच किसी प्रत्यक्ष समन्वय का संकेत नहीं दिया है। एक साथ होने



वाले ये अभ्यास रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अरब सागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत-पाकिस्तान की नौसेना 11-12 अगस्त को अलग-अलग एक दूसरे के समुद्री क्षेत्र के पास अभ्यास करेंगे। जिसे लेकर दोनों सेनाओं की ओर से नोटम जारी किए जा चुके हैं। भारतीय नौसेना यह अभ्यास गुजरात के पोरबंदर और ओखा तट पर करेगी। जबकि पाकिस्तान की नौसेना का समुद्री अभ्यास करीब 60 समुद्री मील की दूरी पर होगा।

माना जा रहा है कि भारतीय नौसेना के अभ्यास में युद्धपोतों और संभवतः विमानों के साथ लाइव फायरिंग शामिल हो सकती है। बता दें कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी।

---

**अमेरिका का दोहरा रवैया आया सामने**

## फिर अमेरिका पहुंचे पाक आर्मी चीफ, अधिकारियों से की चर्चा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर दूसरी बार वॉशिंगटन के दौरे पर हैं। उन्होंने अमेरिका के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेताओं से मुलाकात की है। पाकिस्तानी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा कि सेना प्रमुख अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने वरिष्ठ राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ-साथ पाकिस्तानी प्रवासियों के साथ बातचीत की। हालांकि अमेरिका में पाकिस्तान सेना ने मुनीर के प्रवास के बारे में कोई



विवरण साझा नहीं किया गया तथा यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह कब पहुंचे। मुनीर की अमेरिका यात्राएं भारत के खिलाफ चल रही साजिशों का हिस्सा माना जा रहा है। टाम्पा में, मुनीर ने निवर्तमान अमेरिकी सेंट्रल कमान (सेंटकॉम) कमांडर जनरल माइकल ई. कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह और एडमिरल ब्रैड कूपर द्वारा कमान संभालने के अवसर पर चर्चा की।

---




**पीएम नेतन्याहू पीछे हटने को तैयार नहीं**

## इजराइल के गाजा पर कब्जे की योजना का ट्रंप ने किया समर्थन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के गाजा पर कब्जे की योजना का समर्थन किया है। हालांकि इजराइल की इस योजना की आलोचना भी हो रही है। यही वजह है कि ट्रंप ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह इजराइल की योजना है न कि अमेरिका की।

ट्रंप ने गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के लिए समर्पित रहने की बात कही, लेकिन इजराइल के गाजा में ऑपरेशन की आलोचना भी नहीं की। ट्रंप ने इजराइल के गाजा प्लान पर कहा कि मैं इस बारे में ज्यादा नहीं कह सकता, ये इजराइल पर निर्भर करता है। हाल ही में इजराइली सुरक्षा परिषद ने गाजा पर कब्जे को मंजूरी दी थी।

### एकजुट होकर काम करें मुस्लिम देश

तुर्किये के विदेश मंत्री हकान फिदान ने इजराइल के फैसले कर निंदा करते हुए कहा कि सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। मिस्र ने भी इजराइल के फैसले की निंदा की। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) समिति ने कहा कि इजराइल की योजना एक खतरनाक और अस्वीकार्य वृद्धि, अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन और अवैध कब्जे को मजबूत करने का प्रयास है। यह शांति के किसी भी अवसर को नष्ट कर देगा।

### इजराइली सेना ने शुरू किया 'डॉन' अभ्यास

हमास और हिजबुल्ला को जवाब दे रही इजराइल की सेना अब बड़े हमलों का जवाब देने के लिए तैयार हो रही है। इजराइल रक्षा बलों ने रविवार को अपने मुख्यालय और मुख्य कमांड केंद्रों की तैयारी का परीक्षण करने के लिए अचानक डॉन अभ्यास शुरू किया। इस अभियान की कमान चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल इयाल जमीर कर कर रहे है।

---

**इटली के राजदूत ने बताई भारत की अहमियत, बोले**

## आईएमईसी परियोजना नई दिल्ली के बगैर संभव ही नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को यूरोप से जोड़ने वाले महत्वकांक्षी भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के लिए भारत बेहद अहम है। भारत में इटली के राजदूत फ्रांसेस्को टालो का ये कहना है। टालो ने कहा कि भारत एक बड़ा बाजार और उत्पादक देश है। उन्होंने कहा कि आईएमईसी प्रोजेक्ट व्यापार, ऊर्जा और डेटा कनेक्टिविटी के बारे में है और इन तीनों ही सेक्टर में भारत प्रमुख खिलाड़ी है।



*भारत व्यापार, ऊर्जा और डेटा कनेक्टिविटी के क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी*

### डिजिटल कनेक्टिविटी की अहम भूमिका

टालो ने कहा कि ब्लू रमन नामक एक केबल (परियोजना) है, जो मुंबई को भूमध्य सागर में इतालवी बंदरगाह जेनोआ से जोड़ेगी, और फिर जेनोआ से पूरे यूरोप को जोड़ेगी। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि डेटा व्यावहारिक रूप से 21वीं सदी का ईंधन है। उन्होंने भौतिक कनेक्टिविटी के अलावा डिजिटल कनेक्टिविटी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया, जो डेटा केंद्रों को सशक्त बनाने में मदद करेगी और हमारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हमारी तकनीकों और समग्र अर्थव्यवस्था को और अधिक संभावनाएं और मजबूती प्रदान करेगी।

### भारत और यूरोप जुड़ेंगे

भारत, सऊदी अरब और यूरोप को एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और शिपिंग नेटवर्क से जोड़ेगा। इसका उद्देश्य एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच एकीकरण सुनिश्चित करना है। सितंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में इस परियोजना को अंतिम रूप दिया गया था। इस महत्वकांक्षी परियोजना की शुरुआत बहुत उम्मीदों के साथ की गई थी। वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से उत्पन्न अस्थिरता और के बीच ऐसी परियोजना की खास जरूरत है।

### डेटा 21वीं सदी का ईंधन

टालो ने कहा कि भारत निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक विशाल बाजार है। यह एक बड़ा उत्पादक देश है। इसलिए, दोनों ही पहलुओं से, यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना व्यापार, और वस्तुओं के आदान-प्रदान, साथ ही ऊर्जा और डेटा से भी संबंधित है। और भारत इन तीनों क्षेत्रों में अग्रणी है। इसलिए, बेशक, भारत महत्वपूर्ण हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109